RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 37
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 24 नवंबर, 2022
पृष्ठ 14 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कप्तान के रूप में परिपक्व हो गया हूं, कड़े फैसले ले सकता हूं
स्पोर्ट्स-12

# सुप्रीम कोर्ट ने मांगी निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति फाइल

**पायनियर समाचार सेव।** नई दिल्ली

● सर्वोच्च अदालत ने केंद्र से कहा- चुनाव आयोग की स्वतंत्रता सर्वोपरि, नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी नहीं तो डर कैसा



**सुप्रीम** कोर्ट ने चुनाव आयोग की स्वतंत्रता को सर्वोपरि बताते हुए बुधवार को केंद्र सरकार से निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति से संबंधित मूल रिकार्ड तलब कर लिए हैं। अदालत ने कहा कि वह जानना चाहती है कि कहीं कुछ अनुचित तो नहीं किया गया। इसी के साथ निवार्चन आयुक्त के रूप में अरुण गोयल की नियुक्ति उच्चतम न्यायालय की पड़ताल के दायरे में आ गई है। गोयल को बीते 19 नवंबर को ही इस पद पर नियुक्त किया गया था। शीर्ष न्यायालय ने मूल फाइल पेश करने के अपने आदेश पर केंद्र की आपत्तियों को खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि वह जानना चाहता है कि नियुक्ति प्रक्रिया में क्या हर चीज सही थी, जैसा कि केंद्र सरकार ने दावा किया है।

न्यायमूर्ति केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने कहा कि वह जानना चाहती है कि निर्वाचन आयुक्त के रूप में गोयल की नियुक्ति के लिए कहीं कुछ अनुचित कदम तो नहीं उठाया गया, क्योंकि उन्हें हाल में सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति दी गई थी। पीठ ने सुनवाई जारी रहने के दौरान गोयल की नियुक्ति से जुड़ी फाइल देखने की न्यायालय की इच्छा पर अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणी की आपत्तियों को खारिज कर दिया। पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार शामिल हैं।

वेंकटरमणी ने कहा कि न्यायालय चुनाव आयुक्तों और मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) की नियुक्ति के बड़े मुद्दे की सुनवाई कर रहा है और यह वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण द्वारा उठाए गए व्यक्तिगत मामले पर गौर नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि मैं इस पर गंभीर आपत्ति जताता हूं और संविधान पीठ की सुनवाई के बीच न्यायालय के फाइल देखने पर मुझे आपत्ति है। पीठ ने कहा कि उसने पिछले बृहस्पतिवार को निर्वाचन आयुक्त और सीईसी की नियुक्तियों के लिए कॉलेजियम जैसी व्यवस्था की मांग करने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई शुरू की है तथा गोयल को 19 नवंबर को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया।

पीठ ने कहा कि इसलिए न्यायालय यह जानना चाहता है कि यह कदम उठाने के लिए किस बात ने प्रेरित किया था। पीठ ने अटार्नी जनरल से कहा कि हम देखना चाहते हैं कि क्या प्रक्रिया अपनाई गई। हम इसे कानूनी कार्यवाही के रूप में नहीं लेंगे और इसे अपने रिकार्ड के लिए रखेंगे, लेकिन हम जानना चाहते हैं, क्योंकि आपने दावा किया है कि हर चीज सही है। चूंकि हम विषय की सुनवाई कर रहे हैं और इसके बीच नियुक्ति हुई है, इनका आपस में संबंध हो सकता है। आपके पास बृहस्पतिवार तक का वक्त है। दस्तावेज पेश करें। इससे पहले सोमवार को पीठ ने कहा था कि चुनाव आयुक्त की नियुक्ति सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता वाले पैनल द्वारा की जानी चाहिए। सुनवाई की शुरुआत में भूषण ने कहा कि न्यायालय द्वारा विषय की सुनवाई शुरू किए जाने के बाद सरकार ने आनन-फानन में एक निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया। भूषण याचिकाकर्ता अनूप बर्णवाल की ओर से पेश हुए और अपनी प्रत्युत्तर दलील दी। उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन आयुक्त बृहस्पतिवार तक सरकार में सचिव स्तर के एक अधिकारी के रूप में सेवा दे रहे थे। अचानक, उन्हें शुक्रवार को वीआरएस दे दिया गया और निर्वाचन आयुक्त नियुक्त कर दिया गया। भूषण ने कहा कि सरकार ने एक दिन में किसी व्यक्ति को नियुक्त कर दिया और कोई नहीं जानता कि क्या प्रक्रिया अपनाई गई तथा किन मानदंडों का पालन किया गया। न्यायमूर्ति जोसेफ ने कहा कि जहां तक उन्हें याद है, एक व्यक्ति को स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेने में तीन महीने का वक्त लगता है। ( शेष पेज 4 )

# योगी ने कांग्रेस और आप पर साधा निशाना

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुजरात के तीन विधानसभा क्षेत्रों में की रैलियां

**पायनियर समाचार सेवा।** द्वारका, कच्छ, मोरबी




सूरत में भाजपा नेताओं के साथ रोड शो करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**गुजरात** विधानसभा में चुनावी बिसात बिछ चुकी है। 1 व 5 दिसंबर को यहां दो चरणों में 182 सीटों पर मतदान होना है। बीजेपी ने अपने स्टार प्रचारकों को लगातार सातवीं बार कमल खिलाने की जिम्मेदारी दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद गुजरात में सबसे अधिक मांग सीएम योगी आदित्यनाथ की है। योगी आदित्यनाथ तीसरे दिन यहां बुधवार को पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 3 विधानसभाओं द्वारका, रापर और ध्रांगध्रा में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट मांगा। रैलियों में कांग्रेस के साथ ही आम आदमी पार्टी भी योगी के निशाने पर रही। उन्होंने आप को कांग्रेस की कॉर्बन कॉपी बताया।

इस दौरान चुनावी व्यस्तता के बीच योगी आदित्यनाथ ने आस्था की डगर भी नहीं छोड़ी। योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले देवभूमि जाकर द्वारिकाधीश मंदिर में दर्शन-पूजन किया। उन्होंने चार धाम में से प्रमुख भगवान द्वारकाधीश को कोटि-कोटि नमन किया। इसके बाद द्वारका विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार पबुभा वीरमभा माणेक के पक्ष में पहली रैली की। सीएम कांग्रेस के बाद आम आदमी पार्टी पर भी हमलावर रहे। योगी ने कहा कि आम आदमी पार्टी कांग्रेस की कार्बन कॉपी है। उनका भी रोज कोई न कोई घोटाला सामने आता है। आप ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। नौजवानों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। कोरोना में जनमानस से खिलवाड़ कर रहे थे। अराजकता और भ्रम फैलाते थे।

सीएम ने विश्वास दिलाया कि कांग्रेस न आप, भाजपा देगी साथ। गुजरात में विकास के अनेक कार्य हो रहे हैं। यहां विकास की हर इमारत पर नरेंद्र भाई का नाम लिखा है। वे गुजरात के लिए निरंतर चिंतित रहते हैं। अत: विकास के अभियान को बढ़ाने के लिए कमल के फूल पर वोट दें। रापर विधानसभा से भाजपा उम्मीदवार वीरेंद्र सिंह जडेजा की जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस जहां आती है, दंगे, गुंडागर्दी व कर्फ्यू लाती है। यह उनके जींस का हिस्सा है। पहले गुजरात में यही सब होता था पर जब नरेंद्र मोदी सीएम बने, यह सब समाप्त हो गया। इसके बाद से गुजरात विकास का मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। कांग्रेस पर विश्वास न करना। जब सरदार पटेल ने सोमनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का बीड़ा उठाया और भाजपा जब राम मंदिर आंदोलन को समर्थन देने के लिए खड़ी हुई तो भी कांग्रेस ने विरोध किया। आस्था का सम्मान केवल भाजपा करती है। कोरोना काल में डबल इंजन की सरकार ने डबल डोज राशन दिया। सीएम ने कहा कि कच्छ के लोगों ने अपने परिश्रम से इस पथरीली भूमि पर भी सोना उगाने का काम किया है। ध्रांगध्रा विधानसभा से प्रकाश भाई वरमोरा के लिए रैली को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी व गुजरात में कई समानताएं हैं। यूपी से कान्हा व भगवान स्वामी नारायण का आगमन यहां हुआ। संकट के समय शासक कैसा होना चाहिए। कोरोना के दौरान आपने देखा होगा।

# तेजस्वी और नीतीश से मिले आदित्य ठाकरे



पटना में बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मिलते शिवसेना उद्धव गुट के आदित्य ठाकरे

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता की चर्चाओं के बीच महाराष्ट्र में विपक्षी दल शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे बुधवार को बिहार की राजधानी पटना पहुंचे और राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से मुलाकात की।

आदित्य ठाकरे के पिता उद्धव ठाकरे ने कुछ साल पहले भाजपा से नाता तोड़ लिया था। आदित्य अपनी पार्टी के सहयोगियों प्रियंका चतुर्वेदी और अनिल देसाई के साथ बुधवार दोपहर यहां पहुंचे और सीधे तेजस्वी यादव के आवास गए। तेजस्वी यादव के साथ आदित्य ठाकरे की मुलाकात पूर्व निर्धारित थी।

तेजस्वी यादव ने महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे को अपने पिता एवं राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद के जीवन पर आधारित पुस्तकें भेंट कीं। ( शेष पेज 4 )


# गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस पर 28 को रहेगा अवकाश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** सरकार ने गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस के अवसर पर कार्यकारी आदेशों के अंतर्गत 24 नवंबर को घोषित अवकाश की तारीख में बदलाव कर 28 नवंबर को अवकाश घोषित कर दिया है। इसके लिए यूपी सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अवकाश के दिन स्कूल से लेकर सरकारी कार्यालय बंद रहेंगे। गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस के अवसर पर अब कार्यकारी आदेशों के अंतर्गत 28 नवंबर को अवकाश घोषित किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी आदेश सभी प्रमुख विभागों के विभागाध्यक्ष, जिलाधिकारी, प्रमुख सचिव विधान सभा, सूचना और जनसंपर्क विभाग को भेज दिया गया है। तारीख में यह बदलाव लखनऊ के श्री गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस के अवसर पर साहिब जी, सिंघा वाली गली, यहियागंज की सिफारिश के आधार पर किया गया है। कार्यकारी आदेश के तहत जिलाधिकारी स्थानीय स्तर पर अवकाश घोषित कर सकते हैं।

# आफताब ने दो साल पहले दी थी श्रद्धा को टुकड़े करने की धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/मुंबई



● वर्ष 2020 में मुंबई पुलिस को दी थी वालकर ने शिकायत, लगाया था गला घोंटने की कोशिश का आरोप

**श्रद्धा** वालकर ने करीब दो साल पहले महाराष्ट्र में पुलिस से की शिकायत में आरोप लगाया था कि उसके लिव-इन-पार्टनर आफताब आमीन पूनावाला ने उसे मारने की कोशिश की और उसे डर है कि वह उसके टुकड़े-टुकड़े कर फेंक देगा। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। आफताब पूनावाला (28) पर अपनी लिव-इन-पार्टनर श्रद्धा वालकर (27) की हत्या कर उसके शव के 35 टुकड़े करने का आरोप है। महाराष्ट्र पुलिस के अनुसार श्रद्धा ने 23 नवंबर 2020 को एक शिकायत में आरोप लगाया था कि पूनावाला उसके साथ मारपीट करता है और उसके माता-पिता को इसकी जानकारी है। गौरतलब है कि पूनावाला और श्रद्धा की मुलाकात एक डेटिंग एप के जरिए हुई थी। इसके बाद उन्होंने मुंबई में एक कॉल सेंटर में साथ काम करना शुरू किया और दोनों के बीच वहीं से प्रेम संबंध शुरू हुए। बाद में वे दिल्ली आ गए थे। दोनों के बीच कथित तौर पर 18 मई को शादी को लेकर बहस हुई, जिसके बढ़ने पर पूनावाला ने श्रद्धा की हत्या कर दी और ( शेष पेज 4 )

### बड़े आरी-दांत वाले चाकू से शव के किए टुकड़े!

फोरेंसिक विशेषज्ञों और वकीलों को संदेह है कि आफताब आमीन पूनावाला ने श्रद्धा वालकर की हत्या कर शव के 35 टुकड़े जैसे अपराध को अंजाम देने के लिए बड़े आरी-दांत वाले चाकू का इस्तेमाल किया होगा। ये फोरेंसिक विशेषज्ञ और वकील कई ऐसे मामलों को देख चुके हैं, जिनमें अपराध को अंजाम देने के बाद शव के कई टुकड़े कर दिए गए। हालांकि दिल्ली पुलिस अभी तक हथियार बरामद नहीं कर पाई है।

### नार्को टेस्ट आज होने की संभावना

**आफताब** अमीन पूनावाला का नार्को टेस्ट बृहस्पतिवार को होने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। आफताब पूनावाला (28) को उसके भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य का पता लगाने के लिए कई परीक्षणों से गुजरना होगा। यदि प्रारंभिक जांच में उसे ठीक नहीं पाया जाता है तो नार्को विश्लेषण नहीं किया जा सकता है। पूनावाला को मंगलवार को फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में पॉलीग्राफ टेस्ट, जिसे लाई डिटेक्टर टेस्ट के रूप में भी जाना जाता है, से गुजरना पड़ा था।

# सलमान ने श्याम बनकर नाबालिग को फंसाया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● चाकू के बल पर धर्मांतरण करवा कर किया निकाह

**लव जिहाद** का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। सलमान ने श्याम बनकर एक हिंदू नाबालिग को फंसाया। पहले दोस्ती की। फिर जबरन गर्दन पर चाकू रखकर निकाह किया। लड़की को लखनऊ से हरियाणा लेकर फरार हो गया। यहां कई दिनों तक उसके साथ रेप किया। जब लड़की कई दिनों से घर नहीं आई तो परिवार वालों ने पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की तो मामला परत दर परत खुलता गया। नाबालिग हिंदू लड़की का फोन की लोकेशन हरियाणा में मिली। जिसके आधार यूपी पुलिस हरियाणा पहुंची और पुलिस ने सलमान को गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि 14 नवंबर को परिजनों ने बेटी के अपहरण की सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस और सर्विलांस टीम को खोजबीन के लिए लगाया गया। पुलिस टीम ने आरोपी को आज हरियाणा से गिरफ्तार कर लखनऊ लाकर कोर्ट में पेश किया। किशोरी को बरामद कर लिया है। उसने बयान में धर्म परिवर्तन कराकर निकाह करने का भी आरोप लगाया। उसके दस्तावेजों की पड़ताल की जा रही है। उसको मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है।

### पूरे परिवार को जान से मारने की दी धमकी

पारा इंस्पेक्टर दधिबल तिवारी ने बताया की आरोपी सलमान ने नाबालिग को साथ न चलने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद नाबालिग डर गई। देर रात 13 नवंबर को घर छोड़कर चली गई थी। सुबह परिजनों ने बेटी की तलाश की। लेकिन कोई पता नहीं चला। ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,511 | ↑ | 92 | |
| निफ्टी | 18,267 | ↑ | 23 | |
| सोना | 52,402 | ↑ | 113 | /10g |
| चांदी | 61,400 | ↑ | 414 | /kg |

## क्विक न्यूज

### भारत ने अग्नि-3 मिसाइल का सफल प्रक्षेपण किया


**भुवनेश्वर।** भारत ने बुधवार को ओडिशा तट के पास एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से बैलिस्टिक मिसाइल अग्नि -3 का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डी आर डी ओ) सूत्रों ने यह जानकारी दी। अग्नि -3 इंटरमीडिएट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार यह परीक्षण सामरिक बल कमान (एसएफसी) के तत्वावधान में किए गए नियमित प्रशिक्षण प्रक्षेपण का हिस्सा था। बयान के अनुसार प्रक्षेपण पूर्व निर्धारित सीमा के लिए किया गया था। मिसाइल का परीक्षण पूरी तरह से सफल रहा और यह विभिन्न मानकों पर खरी उतरी। उल्लेखनीय है कि भारत मिसाइल निर्माण में काफी आगे है।

# जाकिर नाइक पर बोला कतर-नहीं किया आमंत्रित

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● भारत ने फीफा वर्ल्ड कप उद्घाटन समारोह में बुलाने की सूचना पर जताई थी आपत्ति

● दोहा ने कहा, अन्य देश गलत सूचना फैलाकर भारत-कतर के संबंधों को कर रहे प्रभावित



**भारत के** भगोड़े इस्लामिक प्रचारक जाकिर नाइक के फुटबाल विश्व कप के उद्घाटन समारोह में शामिल होने की खबरों के बाद उठे विवाद को कतर ने बुधवार को शांत करने की कोशिश की। फीफा वर्ल्डकप के आयोजक देश कतर ने सफाई देते हुए कहा है कि उसने जाकिर को कोई आधिकारिक निमंत्रण नहीं दिया। दोहा ने इसके साथ यह भी कहा कि अन्य देशों द्वारा गलत सूचना फैलाने से भारत और कतर के बीच रिश्ते प्रभावित हो रहे हैं।

कतर की तरफ से यह प्रतिक्रिया भारत की उस आपत्ति के बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि अगर विश्व कप के उद्घाटन समारोह में नाइक को आमंत्रित किया गया तो भारत उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की यात्रा को रद्द कर देगा। कतर ने आधिकारिक माध्यम से भारत को सूचना देते हुए कहा कि उसने भगोड़े जाकिर नाइक को विश्व कप उद्घाटन समारोह में न तो आधिकारिक निमंत्रण दिया था और न ही उसे महत्वपूर्ण हस्तियों की सूची में शामिल किया था। एक रिपोर्ट के मुताबिक सूचना थी कि नाइक मलेशिया से कतर निजी दौरे पर यात्रा कर सकता है। इसकी जानकारी होने पर केंद्र की तरफ से पहली प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा था कि भारत इस मामले को संबंधित अधिकारियों के समक्ष मजबूती से रखेगा और इसका विरोध करेगा। पुरी से कतर द्वारा नाईक को विश्व कप फुटबाल में आमंत्रित करने के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में उनको कोई जानकारी नहीं है। जब उनसे पूछा गया कि क्या भारत इसका विरोध करेगा, तब उन्होंने जवाब देते हुए कहा, भारत इस मुद्दे को उठाएगा, लेकिन प्रश्न यह है कि अगर मलेशियाई नागरिक को कही आमंत्रित किया जाता है तो वे बेहतर जानते हैं। मेरी भी जानकारी उतनी ही है जितनी की आप की। पुरी ने कहा कि अगर आप जाकिर नाईक के बारे में मेरा जानना चाहते हैं तो मेरा भी विचार वही होगा जो आपका है। जहां तक नाईक के संदर्भ में हमारा (भारत) विचार है, हम संबंधित आधिकारिक मंच पर अपना तथ्य मजबूती के साथ रखेंगे। गोवा के एक भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि इस मुद्दे पर भारतीयों को विश्व कप का बहिष्कार करना चाहिए।

भारत में वांछित नाइक वर्ष 2016 से मलेशिया में है, उस पर भारत में मनी लांड्रिंग और नफरती भाषण से धार्मिक उन्माद फैलाने का आरोप है। ( शेष पेज 4 )

# असम सीमा पर हिंसा को लेकर मेघालय में उबाल

● असम वन विभाग के कार्यालय में तोड़फोड़, छात्र संगठनों के प्रदर्शन के दौरान मेघालय में दो वाहनों में आग लगाई, पथराव किया

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** मुकरोह/गुवाहाटी/नई दिल्ली




**असम** के पश्चिमी कार्बी आंगलोंग जिले में पुलिस फायरिंग में छह लोगों की मौत के बाद मेघालय के ग्रामीणों की भीड़ ने कथित रूप से वन विभाग के कार्यालय में तोड़फोड़ कर आग लगा दी। घटना के विरोध में अलग-अलग जगहों पर प्रदर्शन के दौरान कई गाड़ियों को भी फूंक दिया गया। मेघालय सरकार ने सात जिलों में मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी हैं, जबकि असम पुलिस ने सीमावर्ती जिलों में अलर्ट जारी किया है। यहां मंगलवार तड़के अवैध रूप से लकड़ी ले जा रहे ट्रक को पुलिस और वन विभाग की टीम द्वारा रोके जाने के बाद हिंसा भड़क उठी थी, जिसमें एक वन कर्मी समेत मेघालय के पांच ग्रामीणों की जान चली गई थी। नई दिल्ली में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने कहा कि असम-मेघालय सीमा पर शांति है। हिंसा की घटना वन विभाग के अधिकारियों व ( शेष पेज 4 )

### हिंसा की जांच सीबीआई को सौंपने का फैसला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा है कि मेघालय के ग्रामीणों के साथ हुई हिंसक झड़पों की जांच असम सरकार ने सीबीआई से कराने का फैसला किया। सरकार ने पुलिस को नागरिकों की संलिप्तता वाले मुद्दों या अव्यवस्था से निपटने के दौरान संयम बरतने को कहा है। ( शेष पेज 4 )

# यूपी पुलिस समर्पण, संवेदनशीलता की प्रतीक



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## पुलिस झंडा दिवस पर डीजीपी ने सीएम योगी को लगाया फ्लैग पिन

**पुलिस** झंडा दिवस के मौके पर डीजीपी डॉ. डीएस चौहान ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को फ्लैग पिन लगाया और प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश पुलिस को झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के पुलिस के समस्त अनुशासित एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्मिकों को पुलिस झंडा दिवस की हार्दिक बधाई। उन्होंने कहा कि समर्पण, संवेदनशीलता और सेवा की प्रतीक यूपी पुलिस पर हमे गर्व हैं। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए यह दिवस ऐतिहासिक महत्व का है। 23 नवंबर 1053 को भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। पूरे भारत वर्ष में यूपी पुलिस पहला राज्य पुलिस है जिसे पुलिस ध्वज प्रदान किया गया।

# इंदौर की तर्ज पर स्वच्छ और व्यवस्थित होंगे यूपी के शहर

## टीम यूपी ने इंदौर में एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट का किया दौरा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सीएम** योगी के निर्देश पर प्रदेश के आला अधिकारी दूसरे राज्यों के उन शहरों का गहन निरीक्षण कर रहे हैं जो स्वच्छता रैंकिंग में लगातार टॉप पर बने हुए हैं। खासकर इंदौर शहर जो स्वच्छता के मामले में लगातार शीर्ष पर रहा है। इंदौर के मॉडल को यूपी के शहरों पर कैसे लागू किया जाएए कूड़े का निस्तारीकरण कैसे हो, पर्यावरण को कैसे बचाया जाए समेत तमाम इश्यूज को जानने के लिए उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों की एक टीम ने इंदौर के स्वच्छता मॉडल का अवलोकन किया। इस दौरान टीम ने ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित एशिया के सबसे बड़े बायो सीएनजी प्लांट का भी अवलोकन किया। स्वयं मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी इंदौर जाकर ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित बायो सीएनजी प्लांट को देखा है। इंदौर में उत्तर प्रदेश के नगरीय निकायों का दल दो दिवसीय दौरे पर सफाई व्यवस्था के साथ बायो सीएनजी प्लांट को देखने के लिए गया था। उत्तर प्रदेश के स्वच्छ भारत मिशन की निदेशक नेहा शर्मा सहित मथुरा-वृंदावन, झांसी, अलीगढ़, सहारनपुर, बरेली, फर्रुखाबाद, कुशीनगर, इकदिल नगर, मुरादाबाद, गोरखपुर के नगरीय निकायों के 13 प्रतिनिधि इस टीम में शामिल रहे। बीते शनिवार को इस टीम ने बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया। सिटी बस आफिस में निगम के अफसरों ने प्रजेंटेशन के माध्यम से उन्हें विगत छह साल में सफाई के लिए किए कार्यों के बारे में बताया। उत्तर प्रदेश के अफसरों ने इंदौर निगम के अफसरों से पूछा कि उन्होंने इंदौर शहर में स्पाट फाइन व कचरा संग्रहण शुल्क को कैसे वसूला। निगम के अफसरों ने उन्हें बताया कि हमने पहले शहर में कचरा संग्रहण शुल्क तय किया। इसके पहले डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन वार्ड में समय पर पहुंचेए यह सुनिश्चित किया। अफसरों ने पूछा कि यदि कोई स्पाट फाइन न दे तो क्या होगा। निगम के अफसरों ने बताया कि लगातार गलती करने पर निगम संबंधित के भवन निर्माण की नपती कर उस पर कार्रवाई करता है। मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र ने भी ट्रेंचिंग ग्राउंड स्थित बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया। प्लांट में दो घंटे रुककर उन्होंने यहां की कार्यप्रणाली को समझा। उत्तर प्रदेश के शहरों में नगर निकायों के माध्यम से 300 से 400 टन गीले कचरे से बायो सीएनजी वाले प्लांट तैयार किए जाने की योजना हैं। ट्रेंचिंग ग्राउंड पर इंदौर की निगमायुक्त प्रतिभा पाल व प्लांट संचालन कंपनी इंदौर क्लीन एनर्जी के संचालक दीपक अग्रवाल ने उनसे मुलाकात की। बैठक में उन्होंने प्रजेंटेशन भी दिया। इसमें उन्हें बताया गया कि इंदौर में 500 टन गीले कचरे से 17 हजार किलो बायो सीएनजी तैयार करने वाला प्लांट लगाया गया है। इसके निर्माण की लागत पांच साल में ही निकल जाएगी। इस दौरान मुख्य सचिव राजवाड़ा के पास स्थित गोपाल मंदिर भी गए। यहां पर उन्हें बताया गया कि किस तरह स्मार्ट सिटी कंपनी द्वारा इस मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है। मुख्य सचिव के साथ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के चेयरपर्सन आदर्श गोयल व अन्य दो सदस्यों ने भी बायो सीएनजी प्लांट का अवलोकन किया। मुख्य सचिव ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मैंने देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में विख्यात मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में 500 मीट्रिक टन गीले कूड़े से 17 टन बायो सीएनजी बनाने वाले प्लांट का अवलोकन किया। इस प्लांट से कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी।

## विश्वस्तरीय कन्वेन्शन सेंटर के लिए भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पर्यटन** एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने संयुक्त निदेशक पर्यटन आगरा को जनपद मथुरा, प्रयागराज एवं अयोध्या में विश्वस्तरीय कन्वेन्शन सेंटर स्थापित करने के लिए लगभग 10 से 15 एकड़ भूमि की व्यवस्था करने के लिए निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि कन्वेंशन सेंटर के लिए भूमि नि:शुल्क अथवा खरीद किये जाने से संबंधित प्रस्ताव संबंधित जिलाधिकारी के माध्यम से तत्काल पर्यटन निदेशालय को उपलब्ध करायें। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि 1 दिसम्बर 2022 से एक वर्ष के लिए जी 20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता का अवसर भारत सरकार को प्राप्त हुआ है। इसके दौरान विभिन्न गतिविधियों के आयोजन एवं पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता होगी। उन्होंने निर्देशों में अवगत कराया है कि मंत्री सड़क एवं राज्यमार्ग मंत्रालय भारत सरकार नितिन गडकरी के आवास पर 24 जून 2022 को उनकी उपस्थिति में सम्पन्न हुई बैठक के क्रम में लिये गये निर्णय के अनुसार प्रदेश के प्रमुख स्थलों पर माईस गतिविधियों के लिए विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर स्थापित किये जाने के निर्देश दिये गये थे। निदेशक पर्यटन प्रखर मिश्र ने बताया कि विश्वस्तरीय कन्वेंशन सेंटर स्थापित किये जाने के लिए संयुक्त निदेशक पर्यटन आगरा को मई एवं सितम्बर 2022 को पत्र भेजकर निर्देश दिये गये थे लेकिन इस मामले में अपेक्षित कार्यवाही नहीं हो पायी है। उन्होंने कहा कि संयुक्त निदेशक को कहा गया है कि यथाशीघ्र प्रस्ताव उपलब्ध करा दें।

## लापरवाह उद्यान अधिकारियों के खिलाफ होगी कार्रवाई: दिनेश प्रताप सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उद्यान** कृषि विपणन मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लापरवाह व सुस्त अधिकारियों के प्रति सख्त रूख अपनाते हुए कहा कि धीमी प्रगति वाले जनपदीय व मण्डलीय उद्यान अधिकारियों के विरूद्ध प्रशासनिक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग की विभिन्न योजनाओं में लक्षित कार्यक्रमों के सापेक्ष आवंटित धनराशि का उपयोग सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित की जाये। योजनाओं की पाक्षिक समीक्षा कर श्रेणीबद्ध तरीके से धनराशि का उपयोग किया जाए। यह निर्देश उद्यान एवं कृषि विपणन मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने वीडियो कार्फ्रेसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में कही।

उद्यान मंत्री ने कहा कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम व योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन से प्रदेश में औद्यानिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी योजनाओं में पारदर्शिता के साथ आनलाइन पंजीकरण एवं प्रथम आवक प्रथम पावक के सिद्धान्त के अनुसार उपलब्ध वित्तीय सहायता व अनुदान की धनराशि का अंतरण लाभार्थी कृषक के बैंक खाते में अंतरित की जाए। उन्होंने निर्देश दिये कि प्रदेश के समस्त न्याय पंचायतों में कृषक चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से विभागीय समस्त योजनाओं में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी लीफलेट्स वितरित कर अधिक से अधिक किसानों को दी जाय। सिंह ने निर्देश दिया कि प्रदेश के समस्त ग्राम पंचायतों तक बागवानी विकास के कार्यक्रमों को पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक विकासखण्ड में चयनित एक.एक बागवानी मॉडल गांव में बागवानी विकास तकनीकों को प्रदर्शित किया जाए।

## 62 चिन्हित माफिया पर अब तक हुई कार्रवाई

### जब्त व ध्वस्त की गई 2524 करोड़ की संपत्ति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** के एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि शासन और डीजीपी के स्तर पर चिन्हित किए गए प्रदेश के 62 माफिया और उनके गैंग के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अब तक 2424 करोड़ रुपए मूल्य की सम्पत्तियों का जब्तीकरण, ध्वस्तीकरण अथवा अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई।

उन्होंने बताया कि माफि या के विरुद्ध कार्रवाई की डीजीपी व शासन के स्तर से साप्ताहिक और मासिक समीक्षा की जा रही है। माफिया और उनके सहयोगियों में से 197 के विरुद्ध गुंडा एक्टए 405 के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट, 16 के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए), 282 के विरुद्ध 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई, 63 के विरुद्ध गैंग पंजीकरण की कार्रवाई, 70 के विरुद्ध जिला बदर, 24 की जमानत निरस्तीकरण तथा 311 की हिस्ट्रीशीट खोलने के साथ-साथ 318 शस्त्र लाइसेंस निरस्तीरण की कार्रवाई की गई। इसके अलावा चिन्हित अपराधियों के मामले में तत्काल चार्जशीट तैयार करने की कार्रवाई भी कराई जा रही है। वर्ष 2022 में चिन्हित माफि या मुख्तार अंसारी के सात मामलों में चार्जशीट तैयार करने की कार्यवाही कराई गई है। समीक्षा में यह भी पता चला कि प्रदेश में दर्ज 21 मुकदमों में 12 माफि या व उनके 29 सहयोगियों समेत कुल 41 को सजा कराई गई। जिनमें से दो को मृत्युदंड की सजा हुई है। शेष अन्य को आजीवन कारावास, कठोर कारावास और अर्थदंड की सजा हुई है।

## 5 जी नेटवर्क वाली दूरसंचार कंपनियों को देना होगा शुल्क

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जहां पर उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा दूरसंचार नेटवर्क सुविधा विनियमावली -2022 रूपी नया कानून पारित कर दिया गया है। विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन आरपी सिंह व सदस्य बीके श्रीवास्तव द्वारा कानून को अंतिम रूप देते हुए हस्ताक्षर कर दिए गए हैं। साथ ही इसे उत्तर प्रदेश सरकार यानी कि अपर मुख्य सचिव ऊर्जा को अधिसूचना जारी करने के लिए भेज दिया गया है। यह एक रेगुलेटरी फ्रेमवर्क के तहत बनाए गए किसी भी कानून की महज एक औपचारिकता होती है। यह वही कानून है जिसके तहत अब प्रदेश की सभी बिजली कंपनियों में चाहे वह शहरी क्षेत्र का मामला हो या ग्रामीण क्षेत्र का मामला हो बिजली खंभों टावरों पर अब कोई भी प्राइवेट अथवा सरकारी दूरसंचार कंपनी ब्रॉडबैंड डिस ऑपरेटर 5 जी नेटवर्क अथवा अन्य कोई भी अपना सिस्टम अथवा उस पर किसी भी तार केबिल का उपयोग करेगा तो अब उसे उसका शुल्क देना होगा। आयोग ने सुरक्षा मानक को देखते हुए अपने कानून में यह भी व्यवस्था की है की 33 केवी लाइन टावरों को छोड़कर ही यह कार्य किया जाएगा। प्रदेश की बिजली कंपनियां इस कानून के प्रावधानों के तहत टेंडरिंग प्रोसेस से इस कार्य को आगे बढ़ाएंगे। टेंडर के माध्यम से दूरसंचार कंपनियों को कार्य दिया जाएगा जिससे किसी के साथ कोई भी भेदभाव ना होने पाए।

## परिवहन की बसों में लगेगा कैमरा आधारित पीपुल हेड काउन्टिंग डिवाइस

**लखनऊ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि परिवहन निगम में यात्रियों को बेहतर सुविधा एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए तथा निगम में पारदर्शी व्यवस्था अपनाने हेतु नई तकनीक का समावेश लगातार किया जा रहा हैं। इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए परिवहन निगम अपनी बसों में निगम के राजस्व एवं यात्रियों की सुरक्षा की दिशा में एक नई पहल करते हुए कैमरा आधारित पीपुल हेड काउन्टिंग डिवाइस व्यवस्था लागू की है। इसके माध्यम से चालक व परिचालकों के व्यवहार की मानीटरिंग की की जायेगी साथ ही बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों की गणना एवं सुरक्षा भी सुनिश्चित होगी। पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर इस तकनीकी का सर्वप्रथम वाराणसी क्षेत्र की बसों में लाइव टेस्टिंग प्रारम्भ कर दी गयी है। मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि 1 माह के अध्ययन उपरान्त प्राप्त आख्या अनुसार इसे प्रदेश में संचालित सभी बसों में लागू करने पर विचार जायेगा। उन्होंने बताया कि इस व्यवस्था के अन्तर्गत चालक का सम्पूर्ण व्यवहार जैसे झपकी आनाए नींद आनाए मोबाइल पर बाते करना आदि पर अलार्म जनरेट होगाए जिसके आधार पर चालक को सर्तक कर बस में यात्रारत यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित होगी। श्री सिंह ने बताया कि पीपुल हेड काउन्टिंग डिवाइस से वाहन में चढ़ने.उतरने वाले प्रत्येक यात्री की कैमरा आधारित छवि एवं गणना की लाइव सूचना मानीटरिंग सेन्टर को प्राप्त होगी।

## इंटर में सर्वाधिक अंक पाने वाले पुलिस परिवार के छात्र-छात्रा को डीजीपी ने किया पुरस्कृत



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**इंटरमीडिएट** की परीक्षा में सर्वाधिक अंक पाने वाले पुलिस परिवार के छात्र-छात्रा को डीजीपी डॉ.डीएस चौहान ने पुलिस मुख्यालय बुलाकर पुरस्कृत किया।

उल्लेखनीय है कि पूर्व डीजीपी स्व. एके दास की स्मृति में उनके जन्म दिवस के अवसर पर पुलिस आरक्षियों के इंटरमीडिएट में सर्वाधिक अंकपाने वाले दो मेधावी बच्चों को पुरस्कार स्वरूप दस हजार रुपए, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने की परंपरा वर्ष 2016 से प्रारंभ की गई है। डीजीपी ने इस वर्ष बुधवार को जनपद मेरठए 44 वीं वाहिनी पीएसी में नियुक्त आरक्षी सुधीर कुमार की पुत्री मेघा और जनपद रायबरेली में नियुक्त महिला आरक्षी मनोज कुमारी के पुत्र दीपांशू को पुरस्कृत किया। मेघा ने सीबीएसी बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक और दीपांशू ने यूपी बोर्ड से इंटरमीडिएट की परीक्षा में 89.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। डीजीपी ने इन मेधावी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में इंस्टीट्यूट फॉर कैरियर स्टडीज की फाउंडर डायरेक्टर डॉ. अमृता दास व अन्य सदस्य, एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार, एडीजी प्रशासन पीसी मीना, एडीजी स्थापना संजय सिंघल, एडीजी/डीजीपी के जीएसओ एन.रवींद्र सहित मुख्यालय में तैनात अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कांग्रेस सहयोग करती तो बसपा सरकार में ही बन जाता गंगा एक्सप्रेस-वे व जेवर एयरपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कहा है कि यूपी की समग्र प्रगति, विकास व लोगों की रोजी-रोटी के साथ ही उनकी सुरक्षा व आत्म-सम्मान के लिए बीएसपी की हुकूमत मे जो कुछ खास काम किया वह अपने बलबूते पर किया गया। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि यूपी में यमुना के साथ गंगा एक्सप्रेसवे और जेवर एयरपोर्ट उनके शासनकाल में ही बन जाते अगर कांग्रेस ने थोड़ा भी सहयोग किया होता।

मायावती ने बुधवार को ट्वीट कर सपा-भाजपा पर भी हमला किया। उन्होंने कि यूपी में बीएसपी सरकार में लोगों को रोजगार तथा बुनियादी सुविधाओं से युक्त नए पक्के मकान व भूमि आदि भी फ्री में लाखों परिवारों को आवंटित करके यहां गरीबों का जीवन धन्य होते हुए सभी ने देखा, किन्तु पहले सपा व अब भाजपा सरकार में भी वैसी खास प्रगति क्यों नहीं? उन्होंने भाजपा को सलाह दी कि यूपी में देशी व विदेशी पूंजीनिवेश के लिए सरकार का अनवरत प्रयास जरूरी है किन्तु यह केवल खेती योग्य भूमि के अधिग्रहण तथा राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ तक ही सीमित नहीं होना चाहिए। यूपी जैसे अति-गरीबों के पिछड़े प्रदेश में डबल इंजन की सरकार में वैसी ही तेज प्रगति भी लोगों को दिखनी चाहिए।

## बिचौलियों को लाभ पहुंचाने के लिए पैदा की जा रही है खाद की किल्लत: कांग्रेस

### सभी जिलों में आज कांग्रेस नेता जिला प्रशासन को सौंपेंगे राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** ने कहा है कि प्रदेश में किसानों को रबी की फ सल की बुआई के लिए सहकारी समितियों के केंद्र के बाहर सवेरे से शाम तक लंबी लाइनों में खड़े होने के बावजूद भी उनको खाद/ उर्वरक व डीएपी उपलब्ध नहीं हो पा रही है। इस वर्ष असामान्य वर्षा के कारण प्रदेश के किसान पहले से ही आर्थिक कठिनाईयों से जूझ रहा है और यदि समय रहते प्रदेश सरकार ने खाद उपलब्ध नहीं कराई तो किसानों की आने वाली फसल भी खाद की कमी से कमजोर होगी, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान होगा और साल में दो फसलों के नुकसान से होने वाला आर्थिक संकट किसान बर्दाश्त नहीं कर पाएगा। सहकारी समितियों के गोदामों पर मात्र एक बोरी खाद पाने के लिए भी किसानों की लम्बी कतार लगी रहती है और स्थानीय स्तर पर सरकारी अधिकारी समस्या के शीघ्र समाधान का कोरा आश्वासन देते हैं। उधर केन्द्रीय उर्वरक मंत्रालय ने दावा किया है कि देश व प्रदेश में रबी की फसल के लिए उर्वरक/ डीएपी का बहुतायत स्टॉक है। स्पष्ट है कि कि किसानों के लिए खाद/ उर्वरक-डीएपी की कमी की स्थिति जानबूझ कर पैदा की जा रही है जिससे बिचौलियों को लाभ पहुंचाया जा सके। इसी क्रम में 24 नवम्बर 2022 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के निर्देश पर प्रदेश के सभी जनपदों के जिला-शहर कांग्रेस कमेटी अक्ष्यक्ष अपने जिलो के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ अपने जनपद के जिलाधिकारी और उचित प्रशासनिक प्राधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन प्रस्तुत करेंगे।

पायनियर वर्गीकृत

NOTICE

I Sohan Lal Mourya is father of No 2514800Y Sep/Chef Shubhendra Pratap Mourya presently residing at VPO. Harchandpur Teh. Raebareli Pin 229303 State. U.P. have changed my name from Sohan Lal Mourya to Sohan Lal Maurya vide affidavit dated. 21-11-22 before collectorate.

NOTICE

I, Master Gadtantra Maurya is brother of No. 2514800YSep/ Chef Shubhendra Pratap Mourya presently residing at VPO : Harchandpur, Teh : Raebareli, Distt : Raebareli, Pin : 229303, State : U.P. have changed my name from Gadtantra Maurya to Gantantra Maurya vide : Affidavit dated: 21-11-22 before collectorate

सूचना

सूचना—एक विक्रय विलेख दिनांकित 24.10.97 जो नंदलाल व राजाराम पुत्रगण स्व0 शिवनन्दन निवासी अलईपुर, वाराणसी द्वारा जंगीलाल पुत्र दसई साव निवासी अलईपुर, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित है तथा आ0सं0 746/1 रकबा 442 वर्गफिट स्थित मौजा अलईपुर परगना देहात अमानत तहसील व जिला वाराणसी के विक्रय से संबंधित है तथा जिसका निबंधन वाराणसी उपनिबंधक कार्यालय में बही नं0 1 खण्ड सं0 230 के पृ0 सं0 125/134 पर द0सं0 3833 के रूप में हुआ है। कहीं खो गया है। इस विक्रय विलेख के संबंध में कोई भी जानकारी या आपत्ति हो तो 7 दिन के अंदर हरिश्चन्द्र राय (एडवोकेट) चेम्बर सं0 110 न्यू बनारस बार बिल्डिंग सिविल कोर्ट, चैम्बर, वाराणसी मो0 नं0 9451525826 पर संपर्क करें।

# निष्पक्ष कार्य करने की स्वतंत्रता ने पुलिस के मनोबल में की अभूतपूर्व वृद्धि: डीजीपी

## झंडा दिवस पर मुख्यालय में समारोह आयोजित कर पुलिस ध्वज का किया गया अभिवादन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**डीजीपी** डॉ. डीएस चौहान ने प्रदेश की योगी सरकार की तारीफ करते हुए कहा है कि निष्पक्ष कार्य करने की स्वतंत्रता एवं संस्थागत सुधारों ने पुलिस के मनोबल में अभूतपूर्व वृद्धि की है। इन सब उपायों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में समस्त जघन्य अपराधों की अपराध दर में उल्लेखनीय कमी आयी है। उत्तर प्रदेश पुलिस आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जो भी अपराधी अपराध करने की चेष्ठा करेगा उसे उत्तर प्रदेश पुलिस पाताल लोक से भी ढूंढ कर कानून के कठघरे में खड़ा कर कानून सम्मत कठोर से कठोर सजा दिलाएगी।

डीजीपी बुधवार को पुलिस मुख्यालय के प्रांगण में पुलिस झंडा दिवस-2022 पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पुलिस ध्वज को ध्वज स्तम्भ के निकट सम्मान सहित लाया गया। डीजीपी सहित सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पुलिस ध्वज का अभिवादन किया गया एवं बैंड द्वारा 'सारे जहां से अच्छा' धुन बजाई गई। इस मौके पर डीजीपी ने झंडा दिवस का इतिहास बताते हुए कहा कि 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया। यह सम्मान प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश, देश का प्रथम राज्य है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फ लस्वरूप प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर और अधिक प्रभावी पुलिसिंग के लिए लगातार प्रयास किए जा रहें हैं। जिसके क्रम में एक शानदार विचार की कल्पना कर उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रत्येक रैंक को प्रतीक चिन्ह देने का निर्णय लिया गया। पहली नवम्बर 2022 को मुख्यालय पुलिस महानिदेशकए उत्तर प्रदेश स्तर से उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रतीक चिन्ह का विमोचन कर सभी रैंक के पुलिस कार्मिकों को प्रदान किया गया, जो वर्दी पर धारण किया जाएगा। डीजीपी ने कहा कि मुख्यमंत्री की प्रेरणा, उनके अमूल्य निर्देशन एवं अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के फ लस्वरूप उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रदेश को आतंकवाद, नक्सलवाद, माफिया, डकैत एवं संगठित अपराध से मुक्त करते हुए एक सुरक्षित एवं समृद्ध प्रदेश का निर्माण कर जनता में सरकार का विश्वास कायम किया है। महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के लिए मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत एन्टी रोमियो स्क्वायाड को और सक्रिय करते हुए प्रत्येक थाने पर महिला हेल्पडेस्क व साइबर थानों पर महिला साइबर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। महिला सशक्तीकरण की दिशा में पीएसी महिला पुलिस बटालियनों की स्थापना की गई है।

## यूपी की जनता आज सुरक्षित -एके शर्मा



**लखनऊ।** उप्र पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर शक्ति भवन में ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को एसएन साबत द्वारा पुलिस झण्डा दिवस का फ्लैग लगाया गया और पुलिस महानिदेशक का संदेश भेट किया गया। पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष एम देवराज, प्रबन्ध निदेशक गुरु प्रसाद एवं पंकज कुमार को भी झण्डा प्रतीक प्रदान किया गया। शर्मा ने पूरे पुलिस विभाग को इस अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके शौर्य पराक्रम एवं कर्तव्यनिष्ठा के परिणाम स्वरूप उप्र के लोग आज सुरक्षित एवं भयमुक्त हैं। पॉवर कॉरपोरेशन की सतर्कता इकाई के पुलिस महानिदेशक सतर्कता साबत द्वारा पुलिस झण्डा दिवस पर संदेश देते हुए कहा कि 23 नवम्बर 1952 को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा उप्र पुलिस और पीएससी बल को कलर एवं ध्वज प्रदान किया गया था। यह फ्लैग उप्र पुलिस एवं पीएससी बलों द्वारा सभी क्षेत्रों में उनके उत्कृष्ट शौर्य प्रदर्शन और उच्च कोटि की कर्तव्य परायणता के फलस्वरूप प्रदान किये गये थे तभी से इस तारीख को पुलिस झण्डा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## विधान भवन में हुआ पुस्तक विमोचन



**लखनऊ।** विधान सभा के राजर्षि पुरूषोत्तम दास टण्डन हाल में पुस्तक गजल संग्रह मुंतजिर निगाहों में का विमोचन सभापति विधान परिषद कुंवर मानवेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। गजल संग्रह पुस्तक विधान परिषद् के विशेष सचिव एवं वित्त नियंत्रक श्रीकृष्ण दत्त ढौंडियाल द्वारा लिखी गयी गजल संग्रह है। जिसकी भाषा हिन्दी है और इसमें उर्दू शब्दों के माध्यम से जीवन के कई आयाम को समेटने का प्रयास किया गया है। पुस्तक विमोचन के अवसर पर कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि गजल साहित्य की एक विधा है जो देश के सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है।

इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
(भारत सरकार का उपक्रम)
अलीगंज शाखा, लखनऊ
शाखा स्थानांतरण : स्थान परिवर्तन की सूचना
सभी सम्मानित ग्राहकों को सूचित किया जाता है कि हमारी उपरोक्त शाखा 28.11.2022 से अपने नए परिसर एम-1/9, इंडियन ऑयल कार्यालय के सामने, सेक्टर बी, अलीगंज, लखनऊ उ.प्र.- 226024 में स्थानांतरित हो जाएगी। अतः आप सभी सम्मानित खाता धारक दिनांक 28.11.2022 से शाखा के नये परिसर में बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठायें।
शाखा प्रबंधक

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

ठंड से गरीबों को बचाएंगे आपदा मित्र

# रेलवे स्टेशन, बस स्टाप, चौराहों पर चाय की दुकान बनेंगे आपदा मित्र

### ● रैन बसेरों की सूची क्षेत्र की दुकानों, होटलों और थानों पर चस्पा करने के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बढ़ती सर्दी** को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा अपर जिलाधिकारी वित्त एव राजस्व को रैनबसेरों की व्यवस्था के लिए नये, पुराने सरकारी भवनों को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। निराश्रित लोगों को खुले में रात होने पर न सोने दिया जाए, उन्हें पास के रैनबसेरों में पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप, मुख्य चौराहों पर देर रात तक खुलने वाली चाय के होटलों और अन्य प्रतिष्ठानों को आपदा मित्र बनाने के लिए कहा गया है, जिन्हें पांच पांच कंबल देकर रात में गरीबों को देने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिलाधिकारी द्वारा कहा गया है कि हर पुलिस चौकी और डायल 112 को रैनबसेरों से लिंक किया जाए।

बुधवार को सर्द मौसम को देखते हुए जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हिमांशु गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार रैनबसेरों और अलाव पर नगर निगम, डूडा सहित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने बताया कि ज़िलाधिकारी ने रात के समय निराश्रित व ज़रूरतमन्द लोगों को ठंड से बचाने के लिए अनूठी पहल की है। रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप व मुख्य चौराहो पर देर रात तक खुलने वाले चाय के होटलो व खाने के होटलो एवं प्रतिष्ठानों को आपदा मित्र बनाया जाएगा। ऐसे चिन्हित होटलों एवं प्रतिष्ठानों को जिला प्रशासन ने 5-5 कम्बल उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि रात के समय इन होटलो एवं प्रतिष्ठानों के आस पास कोई भी निराश्रित, ज़रूरतमन्द व्यक्ति दिखे तो उसको कम्बल उपलब्ध कराया जाए। अक्सर देखा जाता है कि बहुत सारे लोग रैन बसेरों की जानकारी के अभाव मे भी मजबूरी में सड़कों पर सोते है। जिसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी के निर्देशों पर सभी प्रशासनिक अधिकारियो ंऔर नगर निगम को निर्देश दिया कि वह रैन बसेरों की सूची क्षेत्र की दुकानों, होटलों और थानों पर चस्पा करें। साथ ही समस्त रैनबसेरों की सूची मोबाईल नम्बर सहित जनपद की वेबसाइट पर भी अपलोड कराया जाए। रैन बसेरों में पर्याप्त सुविधाओ के अभाव में लोग वहां जाना पसंद नही करते है और सड़कों या फुटपाथों पर सो जाया करते है। इसमें मुख्य रूप से रिक्शे वाले, ठेला एवं फेरी वाले व अन्य मज़दूर लोग होते है। जिसके लिए निर्देश दिया कि शहर के समस्त रैन बसेरों में रहने की व्यवस्था के साथ साथ ऐसे लोगो के लिए उनका रिक्शा, ठेला को खड़ा करने के लिए स्थान भी उपलब्ध कराया जाए। बैठक में अपर नगर आयुक्त, डूडा और दूसरे विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

**हर चौकी, डायल 112 को रैनबसेरों से लिंक करने के निर्देश:** जिलाधिकारी का सख्त निर्देश है कि निराश्रित लोगों को किसी भी दशा में सड़क पर या खुले में नही सोने दिया जाए। यही नहीं, हर चौकी और डायल 112 को स्थाई एवं अस्थाई रैनबसेरों से लिंक किया जाए ताकि कोई अगर खुले में सोता मिले तो उसको तत्काल रैनबसेरे में पहुँचाया जा सके। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने शीत ऋतु के तहत जिले में अलाव जलाने वाले पॉइंट को चिन्हित किया जाए और उन पॉइंट पर अलाव की व्यवस्था की जाए। अलाव जलाने वाले सभी पॉइंट चिन्हित कर लिए गए है।

एलडीए कार्रवाई

# लक्ष्मी मार्केट को तोड़ने गई एलडीए की प्रवर्तन दल से भिड़ी महिलाएं

### ● भीड़ और माहौल खराब होते देख पीछे हटे एलडीए अधिकारी, बैरंग लौटे वापस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**गोमतीनगर** विस्तार में लक्ष्मी मार्केट तोड़ने गई एलडीए प्रवर्तन टीम को लोगों के कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। एलडीए अधिकारियों को अचानक सैंकड़ों लोगों की भीड़ देखकर हैरान रह गए। महिलाओं और क्षेत्रीय किसान यूनियन के सदस्य जेसीबी के सामने आकर खड़े हो गए। महिलाओं ने अधिकारियों से भिड़ गई। माहौल खराब होते देख एलडीए प्रशासन बैरंग वापस लौट आया।

बुधवार को एलडीए ने गोमती नगर विस्तार में लक्ष्मी मार्के ट को ढहाने का फै सला भारी पड़ा। एल डीए प्रवर्तन टीम के पहुंचते ही लोगों की भारी भीड़ अधिकारियों के सामने आ खड़ी हुई। आवासीय पर बनी बहुमंजिला मार्केट के दुकानदार सहित क्षेत्रीय लोगो ंने एलडीए प्रवर्तन टीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पीछे धकेल दिया। मार्केट के मालिक ताराचंद बिस्ट की मार्केट के खिलाफ एलडीए ने पहले ही अवैध घोषित कर ध्वस्तीकरण के आदेश दिए थे, ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने के उद्देश्य से एलडीए प्रवर्तन टीम मौके पर पुलिस फोर्स के साथ पहुंची थी। लेकिन मार्केट का मालिक अधिकारियों से दो कदम आगे निकाला। मालिक ने कार्रवाई को भांपते हुए मार्के ट में उत्सव की व्यवस्था कर रखी थी, जिसके कारण पहले से ही भारी भीड़ परिसर में मौजूद थी। कार्रवाई के विरोध में भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के सदस्य भी मौके पर मौजूद रहे। एलडीए के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अधिकारियों का कड़ा विरोध किया। मौके पर भारी संख्या में मौजूद महिलाओं ने अधिकारियों पर जबरन कार्रवाई का आरोप लगाया। महिलाएं अधिकारियों से भिड़ गई, कड़े विरोध और माहौल खराब होने क ी संभावना को देखते हुए अधिकारी पहले शांत रह कर इंतजार किया। लेकिन मौके पर भीड़ झटने के बजाए बढ़ती रही, जिसको अधिकारी मूकदर्शक बने देखते रहे। मार्केट तीन मंजिला बनीं हुई हैं, जो आवासीय है। यहां पर 30 दुकानें बनीं हुई हैं। मार्केट के अंदर ही तारा चंद बिष्ट का कार्यालय भी मौजूद है। सूत्रों की मानें तो ताराचंद बिष्ट को पहले से कार्रवाई की आशंका थी, जिस को देखते हुए बेटे के जन्मदिन की पार्टी करने के बहाने भारी भीड़ जुटा रखी थी। भीड़ को देखते हुए अधिकारी बैरंग वापस लौटने को मजबूर हुए।

# खोए हुए मोबाइल पाकर खिल उठे चेहरे

**लखनऊ।** राजधानी में लोगों के हुए मोबाइल फोन सभी जोन की सर्विलांस टीम द्वारा बरामद किये जा रहे हैं। पुलिस आयुक्त यहां खोए हुए मोबाइल फोन की शिकायत को हर जोन की सर्विलांस टीम को खोए हुए मोबाइल

### ● कुल 51 मोबाइल किये गये बरामद जिनकी कीमत लाखों में बताई गयी है

बरामद करने का टास्क दिया जा रहा है जिसे वह बखूबी निभा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को डीसीपी पश्चिमी की सर्विलांस टीम प्रभारी इंस्पेक्टर राजदेव प्रजापति व दारोगा कर्ण प्रताप सिंह की टीम ने कड़ी मेहनत करते हुए लोगों के खोए हुए करीब 51 मोबाइल फोन बरामद किये गये। डीसीपी पश्चिम एस चिनप्पा के निर्देशन में बुधवार को सभी पीड़ितों को बुलाकर मोबाइल फोन सौंप दिये गये। अपने मोबाइल फोन पाकर लोगों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने कमिश्नरेट पुलिस को धन्यवाद दिया।

## शनिवार को वृंदावन योजना के आफिस कार्यालय में लगेगा प्रापर्टी मेला

**लखनऊ।** आवास एवं विकास परिषद द्वारा रिक्त संपत्तियों को आमजन मानस के पास तक पहुंचाने के लिए वृंदावन योजना ऑफिस काम्पलेक्स के सभागार में बैठक की गयी। बैठक कर प्रत्येक शनिवार को वृंदावन योजना के आफिस कार्यालय में 11 बजे से 4 बजे तक प्रापर्टी मेला का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को परिषद ने रिक्त संपत्तियों को बेचने और जनता तक पहुंचाने के लिए वृंदावन योजना ऑफिस काम्पलेक्स में बैठक की। बैठक में उप आवास आयुक्त डॉ सुभी सिंह, अधीक्षण अभियंता केपी त्रिपाठी, डीके श्रीवास्तव, संपत्ति प्रबंधक मो हिफाजत करीम खां, मो महबूब खान मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक कार्यदिवस के शनिवार को वृंदावन योजना के ऑफिस काम्पलेक्स के सभागार में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक प्रापर्टी मेला का आयोजन किया जाएगा। बैठक में अधिकारियों ने सभी निर्मित एंक्लेव के पास रिक्त प्रापर्टी की होर्डिंग लगाई जाए और ऑफिस काम्पलेक्स के पास भी बोर्ड लगाए जाए। रिक्त फ्लैट को दिखाने के लिए एक कर्मचारी लगाया जाए।

# एक पेड़ काटने की आवश्यकता हो तो पहले दो लगाएं: हाईकोर्ट

### ● पेड़ लगाने के बाद अधिकारी उसकी वृद्धि भी सुनिश्चित करें

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**जल शक्ति** मिशन के तहत बोरवेल और ओवर हेड टैंक के निर्माण के लिए पेड़ काटने की आवश्यक्ता पर हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने आदेश दिया है कि जहां एक पेड़ काटना हो तो पहले वहां दो पेड़ लगाया जाए। अधिकारी उस पेड़ की वृद्धि भी सुनिश्चित करें और कोई भी पेड़ वन विभाग की अनुमति के बाद ही काटा जाए।

जस्टिस देवेन्द्र कुमार उपाध्याय एवं जस्टिस सौरभ श्रीवास्तव की पीठ ने यह आदेश अनिल कुमार की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर दिया है। याचिका में उस प्रस्ताव को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत सीतापुर के बरगवां गांव में जल शक्ति मिशन के तहत बोरवेल और ओवर हेड टैंक के निर्माण के लिए एक जमीन को चिन्हित किया गया है। कहा गया कि इस जमीन पर काफी मात्रा में पेड़ लगे हैं, जिन्हें बोरवेल और ओवर हेड टैंक के निर्माण के लिए काट दिया जाएगा। इस याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दिया गया कि अब तक एक नीम, तीन चिलवाल और एक बड़हल का पेड़ हटाया गया है। यह दो साल पुराने पेड़ थे। इसके अलावा अब तक कोई पेड़ नहीं गिराया गया है और न ही निर्माण कार्य के लिए कोई अन्य पेड़ गिराए जाने की आवश्यकता है। पीठ ने इस पर याचिका को निस्तारित करते हुए उक्त आदेश जारी किया।

## स्मारक घोटाला: ठेकेदार राम लखन सिंह की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**लखनऊ ( विधि सं. )।** करीब 14 सौ करोड़ के स्मारक घोटाला मामले में वांछित ठेकेदार राम लखन सिंह की अग्रिम जमानत याचिका को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने कहा है कि लोकायुक्त की रिपोर्ट के मुताबिक घोटाले की रकम कई लोगों में बंटी थीए जिसमें अभियुक्त भी एक था। जस्टिस दिनेश कुमार सिंह की एकल पीठ ने यह आदेश राम लखन सिंह की अग्रिम जमानत याचिका पर दिया है। पीठ ने अपने आदेश में लोकायुक्त की रिपोर्ट का विस्तृत जिक्र भी किया है।

## विवाहिता से दुराचार करने वाले को 14 साल की सजा

**लखनऊ ( विधि सं. )।** विशेष जज डा अवनीश कुमार ने एक विवाहिता के साथ दुराचार करने के मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम चंद्र प्रकाश को 14 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 12 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। 25 फरवरी 2013 को इस मामले की एफआईआर पीड़िता ने थाना बंथरा में दर्ज कराई थी। सरकारी वकील पंकज श्रीवास्तव के मुताबिक पीड़िता अपनी झोपड़ी में सात साल की बेटी के साथ सो रही थी। आधी रात को चंद्र प्रकाश ने झोपड़ी के बाहर से आवाज लगाई। पीड़िता ने बाहर झांकने का प्रयास किया तो चंद्र प्रकाश ने दबोच लिया। फिर उसका मुंह बंद कर दिया और गले मे ंचाकू लगाकर उसके साथ दुराचार किया।

## आयुर्वेद के कार्यवाहक निदेशक समेत नौ मुल्जिमों की पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर

**लखनऊ ( विधि सं. )।** विशेष सीजेएम साक्षी गर्ग ने नीट.यूजी की मेरिट को दरकिनार कर अपात्र अभ्यर्थियों को आयुष कालेजों में प्रवेश देने के मामले में निरुद्ध आर्युवेद सेवाएं के निलंबित कार्यवाहक निदेशक प्रो सत्यनारायण सिंह व निलंबित प्रभारी अधिकारी डा उमाकान्त समेत नौ मुल्जिमों का तीन दिन के लिए पुलिस कस्टडी रिमांड मंजूर किया है। उन्होंने यह आदेश इस मामले के विवेचक व एसटीएफके निरीक्षक अतुल कुमार सिंह की अर्जी को मंजूर करते हुए दिया है। इस अर्जी पर सुनवाई के दौरान शेष सात मुल्जिम हर्ष वर्धन तिवारी उर्फ सोनल, सौरभ मौर्य, इंद्रदेव मिश्रा, रुपेश रंजन पांडेय, कुलदीप सिंह वर्मा, कैलाश चंद्र भाष्कर व राजेश सिंह भी जेल से अदालत में उपस्थित थे। इन सभी नौ मुल्जिमों की कस्टडी रिमांड की अवधि 23 नवंबर की सुबह 11 बजे से शुरु होकर 26 नवंबर को दिन में 11 बजे समाप्त होगी। सहायक अभियोजन अधिकारी अतीक अहमद खान ने विवेचक की इस अर्जी बहस की। उनका कहना था कि अभियुक्त कुलदीप सिंह वर्मा द्वारा सरकारी अधिकारी व कर्मचारियो को दिए गए नगद व उपहार का साक्ष्य मिल गया है। लिहाजा इस संदर्भ में गहन पूछताछ व बरामदगी करना है। कुलदीप व अन्य अभियुक्तों का आमना.सामना कराना है। कुलदीप व इसके साथ साफ्टवेयर की कूटरचना में शामिल अन्य अभियुक्तों से यह जानकारी हासिल करना है कि किस प्रकारए कहां और कैसे कुटरचना किया गया। जिन अभ्यर्थियों के डाटा में कूटरचना की गई, उनका नीट का वास्तविक डाटा बरामद कराना है। इसके अलावा ऐसे अभ्यर्थी जो नीट की परीक्षा में शामिल नहीं हुए लेकिन काउसिलिंग में प्रतिभाग कराकर उन्हें प्रवेश दिलाया गया, इस संदर्भ में भी विस्तृत पूछताछ कर साक्ष्य संकलित करना है।

## क्विक न्यूज

### लखनऊ सीएमओ कोरोना संक्रमित

**लखनऊ।** प्रदेश में डेंगू मरीजों की बढ़ती संख्या के बीच कोरोना रह-रह कर अपनी दस्तक दे रहा है। बुधवार को राजधानी लखनऊ के सीएमओ मनोज अग्रवाल कोरोना संक्रमित पाये गये हैं। जिसके बाद में लखनऊ के स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। एक दिन पूर्व मंगलवार को लखनऊ में कोरोना संक्रमित एक केस मिला था। सीएमओ के संक्रमित हो जाने के बाद में संक्रमितों की संख्या 10 हो गई है। सीएमओ ऑफिस से मिली जानकारी के अनुसार सीएमओ मनोज अग्रवाल की आज कोरोना रिपोर्ट पाजिटिव आयी है। उनकी दो-तीन दिनों से तबियत खराब चल रही थी। जिसके बाद में कोविड की जांच करवाई गयी तो रिपोर्ट पाजिटिव आयी है। फिलहाल सीएमओ मनोज अग्रवाल होम आइसोलेशन में हैं,जहां पर उनका इलाज चल रहा है।

### लखनऊ में डेंगू के 23 नये रोगी मिले

**लखनऊ।** लखनऊ में डेंगू के रोगियों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में 35 डेंगू धनात्मक रोगी पाए गये। इसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत ऐशबाग में 6, अलीगंज में 4, सिल्वर जुबली एरिया में 5, रेडक्रास एरिया में 4, चन्दरनगर में 7, एनके रोड इलाके में 4, इन्दिरानगर में 5 केस पाए गए। आज लगभग 2382 घरों एवं आसपास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 19 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीमों द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों,भवनों का निरीक्षण किया गया तथा लार्वा रोधी रसायन का छिडकाव किया गया।

# विकास कार्यों में शिथिलता नहीं होगी बर्दाश्त: मण्डलायुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विकास प्राथमिकता** के कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त द्वारा नहरों की शील्ट सफ ाई, सेतु निर्माण, सिंचाई, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं पर विचार विमर्श किया गया। मंडलायुक्त द्वारा ससमय धान खरीद का भुगतान करने का निर्देश यिा गया। घर केकटान से प्रभावित लोगों को चिन्हित कर ऊचे क्षेत्रों में जमीन पट्टा कर मुख्यमंत्री आवास देने के निर्देश दिए गए। यही नहीं मंडलायुक्त द्वारा अधिकारियों को विकास कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिया। साथ ही मंडलायुक्त ने विकास कार्यो में शिथिलता बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी दी।

मण्डलायुक्त डॉ रोशन जैकब की अध्यक्षता में मण्डलायुक्त कार्यालय सभागार में विकास प्राथमिकता के कार्यो की प्रगति मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने नहरों की शील्ट सफाई, सेतु निर्माण, सिंचाई, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पोषण अभियान, गन्ना मूल भुगतान एवं जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सजृन, प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, ग्रामीण अजीविका मिशन, ग्रामीण पाइप लाइन योजना, स्वास्थ्य विभाग आदि बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की। धान क्रय की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारी ने बताया कि मंडल में 995000 मेट्रिक टन किसानों से धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित है मंडलायुक्त ने निर्देश दिये कि गुणवत्ता पूर्वक धान की खरीद कर किसानों का भुगतान समय से करें। मण्डलायुक्त ने विभिन्न प्रकार की दैवीय आपदा की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी लखीमपुर को निर्देश देते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में लोगों के घर का कटान हो गया है उन लोगों को चिन्हित करके ऊंचे क्षेत्रों में जमीन पट्टा करके मुख्यमंत्री आवास दिया जाये। उन्होंने कहा कि दैवी आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को प्राथमिकता के आधार पर राहत सामग्री वितरित की जाये। उन्होंने कहा कि ठंड के तहत पहले से ही अलाव, कंबल वितरण की तैयारी पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गन्ना खरीद सीजन में किसानों को किसी प्रकार की समस्या न हो, समय से मीले चल जाये और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। संबंधित अधिकारी द्वारा बताया कि किसानों को गन्ना तौल के बारे में पर्ची वितरण का कार्य मैसेज के माध्यम से बताया जाता है। किसान सम्मान निधि की फीडिंग करा लिया जाए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण.फेज) मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल मिशन, मत्स्य पालन के लिए तालाबों का आवंटन, मछुआ दुर्घटना बीमा, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की वार्षिक भौतिक लक्ष्य 1449 हेक्टेयर में 827.10 हेक्टेयर की प्राप्त हुई है।

### गुणवत्ता पूर्वक गड्ढे को भर दिया जाए

**मंडलायुक्त ने** कहा कि जल जीवन मिशन के द्वारा रोड़ कटिंग करके वाटर पाइप जो डाला जा रहा रोड़ कटिंग के बाद उसे अच्छी तरह गुणवत्ता पूर्वक गड्ढे को भर दिया जाए। वाटर कनेक्शन में तेजी लाने के लिए मेन पावर की संख्या में वृद्धि की जाये और निर्माण कार्यो में तेजी लाये। उन्होंने मंडल के सभी मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि जल जीवन मिशन के द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते रहें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान एडी स्वास्थ्य द्वारा बताया गया कि डेंगू के मरीजों की संख्या में कमी हो रही है। उन्होंने बीमारियों के तहत सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि नालों नालियों की साफसफ ाई प्राथमिकता पर करायी जाये। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना गोल्डन कार्ड उपलब्धता की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि जो परिवार गोल्डन कार्ड बनवाने से वंचित रह गए हैं उनको चिन्हित करके कार्ड बनवाया जाए।

### केंद्र पर दवा की कमीं न रहे

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर दवा की उपलब्धता में किसी प्रकार की कमी न होने पाये। उन्होंने कहा कि बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम का जिलाधिकारी समीक्षा करते रहें। दिव्यांगजन पेंशन योजना की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारी ने बताया कि 3 दिसंबर को सारे जिले में दिव्यांगजन उपकरण वितरण का कैंप लगाया जाएगा। अवैध खनन व परिवहन के मामले में किए गए परिवर्तन कार्य की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि पट्टो की संख्या बढ़ाई जाये और बीडिंग कर दिया जाए। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स योजना में लखीमपुर में लाभान्वित किए गए लोगों की संख्या कम होने पर असंतोष व्यक्त किया मंडलायुक्त ने और निर्देश दिया कि आंकड़ों में सुधार लाया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि शील्ट सफाई को लेकर निरीक्षण कर लिया जाए जिससे वास्तव में शील्ड सफाई का पता लगाया जा सके कि शील्ड सफाई हुई है। बैठक के दौरान नई सड़कों का निर्माण चौड़ीकरण एवं शुद्धिकरण की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया कि सड़कों का मरम्मत का कार्य प्राथमिकता गुणवत्ता के आधार पर किया जाए।

# केंद्रीय राज्य मंत्री के चचेरे भतीजे ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

### ● मौके से नहीं मिला कोई सुसाइडनोट पुलिस जांच में जुटी

**दुबग्गा के** बेगरिया गांव मे बुधवार तड़के सुबह केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के चचेरे भतीजे प्रापर्टी डीलर नंदकिशोर रावत 45 ने कमरे में पंखे से चादर के सहारे फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच पड़ताल मे जुट गई। मौके पर कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला है।

दुबग्गा थाना क्षेत्र के बेगरिया में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के भतीजे नंद किशोर परिवार के साथ रहते थे। परिजनों के मुताबिक बुधवार सुबह नंद किशोर काफी देर तक अपने कमरे से बाहर नहीं निकले। भाई अजय रावत के अनुसार नंद किशोर रावत रात बाहर के कमरे में सो रहे थे। बेटा विशाल अंदर कमरे मे सो रहा था। परिवार के अन्य लोग ऊपर कमरे में सोए हुए थे। तड़के सुबह उठने पर बेटे विशाल ने देखा कि पिता पंखे से चादर के सहारे लटके हुए थे। पिता को लटका देख विशाल रोने चिल्लाने लगा, आवाज सुनकर दूसरी मंजिल पर सो रही नंदकिशोर की पत्नी पूजा रावत नीचे आ गईं। आनन फानन में नंद किशोर को फंदे से उतारा और अस्पताल ले कर गए जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं फारेंसिक टीम ने भी जांच पड़ताल की।

इन्स्पेक्टर सुखवीर सिंह भदौरिया ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के भतीजे नंद किशोर के आत्महत्या की सूचना मिली थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सुसाइड के कारणों का पता नहीं चला है। परिजन भी सुसाइड का कारण नहीं बता सके हैं। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विदेश भेजने के नाम पर डेढ़ करोड़ की ठगी

### ● करीब तीन सौ लोगों को कुवैत स्थित एक कम्पनी में भेजने के ना पर ऐंठे गये रुपए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जालसाजों ओर** कबूतर बाजों को गुरूप शहर में लगातार सक्रिय है। कुवैत की एक कंपनी में नौकरी दिलाने के नाम पर यूपी और बिहार के 300 बेरोजगारों से सवा करोड़ रुपये ठग लिए गए। ठगी का आरोप विभूतीखंड रेड ब्रिज कंसलटेंट नाम की एक कंपनी पर लगाया गया है। रुपये लेकर 28 अक्टूबर को कंपनी के सभी लोग फरार हो गए। अब इस मामले में कंपनी की महिला निदेशक सहित चार लोगों के खिलाफविभूतीखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई है। बिहार के देवरिया सौरथी निवासी वेद प्रकाश दुबे अपने परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि वह विदेश में नौकरी पान की तलाश में लगे थे। इस बीच उनके एक परिचित ने विभूतीखंड स्थित रेड ब्रिज कंसलटेंट नाम की एक कंपनी के बारे में बताया। उन्होंने कंपनी से संपर्क किया तो उनकी बात कंपनी की निदेशक मानसी शुक्ला से हुई। बातचीत में मानसी शुक्ला ने कुवैत की एक कंपनी में वेद प्रकाश को वेल्डर की नौकरी दिलाने की बात कही और बातचीत के लिए लखनऊ बुलाया। 47 हजार रुपये लेकर दिया गया टूरिस्ट वीजा पीड़ित वेद प्रकाश ने बताया कि अक्टूबर माह में वह लखनऊ स्थित रेड ब्रिज कंसलटेंट कंपनी के दफ्तर पहुंचे। दफ्तर में निदेशक मानसी के अलावा गुरुप्रीत सिंह, शारदा और अंजली नाम के कर्मचारियों से मिले। बातचीत के दौरान नौकरी के लिए कंपनी के लोगों ने उससे रुपये की डिमांड रखी। इस पर पीड़ित ने दो बार में 47 हजार रुपये कंपनी के लोगों को दिए। पीड़ित का आरोप है कि रुपये लेने के कुछ दिनों के बाद कंपनी ने उनको वीजा दे दिया। 28 अक्टूबर को बुलाया गया थाए बंद मिला दफ्तर ठगी का शिकार हुए वेद प्रकाश के अनुसार वीजा मिलने के बाद कंपनी के लोगों ने 28 अक्टूबर को उनको कुवैत का टिकट लेने के लिए बुलाया था।

# संविधान की मूल प्रति बनी एलयू की धरोहर

### ● 1956 में संसद की तरफ से की गयी थी भेंट, आठ प्रतियों में से है एक

### ● 26 नवंबर संविधान दिवस पर विशेष

**सतीश सिंह।** लखनऊ




**दो दिन** बाद 26 नवंबर को जब देश 73वां संविधान दिवस मना रहा होगा, तब संविधान की मूल प्रतियों के बारे में जानना जरूरी हो जाता है। आज जिस संविधान से देश चलता है, उस संविधान की मूल प्रति को देखना अपने आप में दिलचस्प है। उस समय संविधान की जो 8 मूल प्रतियां बनी थी, उसमें से एक प्रति लखनऊ विश्वविद्यालय के पास धरोहर के रूप में मौजूद है, जिसे भारतीय संसद ने 1956 में लविवि को उपहार स्वरूप भेंट की थी।

वैसे तो 26 जनवरी 1950 ही वह दिन है, जब भारत का संविधान लागू किया गया था। जिस संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने अपनाया था। भारतीय संविधान की मूल प्रति तो भारतीय संसद में संरक्षित है, जिसे भारतीय संसद की लाइब्रेरी में हीलियम से भरे केस में रखी गई है। उस संविधान की एक मूल प्रति लखनऊ विश्वविद्यालय के टैगोर पुस्तकालय में सुरक्षित है। इस प्रति को शीशे के केस में सुरक्षित रखा गया है। वैसे भारत के संविधान की मूल प्रति को शुद्ध सोने से मढ़वाया गया था। लेकिन इसकी प्रति में स्वर्ण तत्व नहीं है, फिर भी यह बिल्कुल मूल के समान है।

**46 लोगों के हस्ताक्षर हिंदी में:** संविधान सभा के कुल 299 में से 284 सदस्यों ने 24 जनवरी 1950 को संविधान पर हस्ताक्षर किए। मूल संविधान में दस पेज पर सभी के हस्ताक्षर हैं। मूल प्रति में करीब 46 लोगों के हिंदी में हस्ताक्षर हैं। पहला हिंदी में हस्ताक्षर तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद का है।

**पेन से लिखी गई थी मूल प्रति:** संविधान की मूल प्रति हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में हाथ से लिखी गई है। संविधान के प्रत्येक पृष्ठ को कलाकार नंदलाल बोस, भारत के कला पुरस्कार विजेता ने अपनी टीम के साथ चित्रित किया है। पूरे संविधान को अपने हाथों से कागज पर उकेरेने वाले दिल्ली के प्रख्यात कैलिग्राफर (सुलेखक) प्रेम बिहारी नारायण रायजादा। जिन्होंने बिना गलती किये संविधान की प्रस्तावना को खूबसूरत तरीके से कलमबद्ध किया। रायजादा ने पेन होल्डर निब से संविधान के हर पन्ने को बहुत ही खूबसूरत इटैलिक अक्षर में लिखा है। संविधान की मूल प्रति के प्रत्येक पृष्ठ को कैलीग्राफ कर फोटोलिथोग्राफिक तकनीक से प्रकाशित किया गया गया। नन्दलाल रायजादा ने इसके विभिन्न पृष्ठों पर भारतीय उपहाद्वीप प्रागैतिहासिक मोहनजोदाड़ों से लेकर सिन्धु घाटी की सभ्यताओं एवं संस्कृतियों का चित्रण किया है। संविधान को बनाने में दो साल 11 महीने और 18 दिन लगे थे, लेकिन छह महीने में इसे लिखा गया।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 24 नवंबर, 2022



# प्रदेश के समग्र विकास के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना तैयार

● मुख्य सचिव ने की राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने और प्रदेश के समग्र विकास के लिए हर एक सेक्टर के अल्पकालिक व दीर्घकालिक कार्ययोजना बनाई गई है और इसे सफल बनाने के लिए बैंक का रोल महत्वपूर्व है। प्रदेश का विकास जितनी तेजी से होगा बड़ी इंडस्ट्री उतनी तेजी से यूपी की ओर आकर्षित होंगी और रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। उन्होंने बैंकों को मध्यांचल, पूर्वांचल और बुंदेलखंड क्षेत्रों में क्रेडिट-डिपॉजिट (सीडी) रेशियो अनुपात को बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि आगामी चार माह के भीतर सीडी रेशियो को 40 प्रतिशत से 60 प्रतिशत बढ़ाने की जरुरत है। इसी के साथ ही आकांक्षी जिलों, ब्लाकों और नगरों पर फोकस करने की जरुरत है। फसल बीमा सहित अन्य बीमा योजनाओं में पीछे चल रहे जनपदों को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। शत-प्रतिशत किसानों को केसीसी योजना से आच्छादित किया जाये। इसके अलावा अधिक से अधिक लोगों ऋण योजनाओं से लाभान्वित कराने हेतु जनपदों में लोन मेला लगाया जाये। बैठक में बताया गया कि सितम्बर 2022 तिमाही के दौरान प्रदेश का कुल जमा 14 लाख 31 हजार करोड़ रूपये रहा है, जो सितम्बर 2021 (13 लाख 13 हजार करोड़ रुपये) की तुलना में 1 लाख 18 हजार करोड़ रुपये अधिक है। साथ ही सितम्बर 2022 में कुल अग्रिम 7 लाख 51 हजार करोड़ रुपये रहा है जिसमें सितम्बर 2021 (6,66,897 करोड़ रुपये) के स्तर से 84,449 करोड़ रुपये वृद्धि दर्ज की गई है। इस प्रकार प्रदेश कुल बैंकिंग व्यवसाय में चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 62,166 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज करते हुए प्रदेश का कुल व्यवसाय 21 लाख 90 हजार करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया है। यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत प्रदेश में अभी तक 8.42 करोड़ खाते खोले जा चुके हैं, जिसमें से वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 49 लाख जन धन खाते खोले गये है।

## रिक्त पदों पर भर्ती को लेकर आयोग को अधियाचन भेजने के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने आज माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय में आयोजित माध्यमिक शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिक्षा की गुणवत्ता में निरन्तर सुधार आ रहा है। शिक्षकों की नियुक्ति में पारदर्शिता आयी है। उन्होने विगत वर्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षा का सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने बोर्ड परीक्षा को और बेहतर करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बोर्ड परीक्षा के लिए चयनित परीक्षा केन्द्रों पर विशेष ध्यान दिया जाये। जिससे की परीक्षायें सुचिता पूर्ण सम्पन्न करायी जाये। उन्होने माध्यमिक विभाग के अंतर्गत होने वाले निर्माण कार्यों के संबंध में निर्देशित करते हुये कहा कि निर्माण कार्यों को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ सम्पन्न किया जाये। साथ ही मुख्यमंत्री जी की घोषणा के अनुरूप कार्यों को भी निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाये। उन्होने नयी शिक्षा नीति के तहत माध्यमिक शिक्षा विभाग में कराये जाने वाले कार्यों को गम्भीरता से लेने को कहा। माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के पश्चात उनकी पेंशन अथवा देयकों का भुगतान समयसीमा के अन्तर्गत किया जाये, इसमें किसी प्रकार का विलम्ब न किया जाये। साथ ही विभाग के कार्मिकों के पदोन्नति के संबंध में क्या कार्यवाही की गयी है उसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। उन्होने कहा कि मृतक आश्रितों की नियुक्ति एवं उनके देयकों का भुगतान सुनिश्चित किया जाये।

## माध्यमिक शिक्षा परिषद में सभी कार्यों का नए सिरे से आवंटन

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार की ओर से माध्यमिक शिक्षा परिषद व बेसिक शिक्षा परिषद का समायोजन होने के बाद महानिदेशक स्कूली शिक्षा विजय किरन आनंद ने माध्यमिक शिक्षा के संबंधित कार्यों को निर्वहन करने के लिए अधिकारियों को काम आवंटित कर दिए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जारी आदेश के अनुसार उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा विवेक नौटियाल को शिक्षकों एवं कर्मचारी संगठनों से संबंधित प्रकरण, शासन से संबंधित प्रकरण, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय के निदेशक अपर निदेशक से समन्वय, शिक्षकों के स्थानांतरण से संबंधित कार्य व महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा दिये गए कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं सहायक शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा भगवती प्रसाद पटेल को आइजीआरएस, संस्कृत शिक्षा परिषद से संबंधित कार्य, उत्तर प्रदेश समान शैक्षणिक संवर्ग सेवा समूह क व ख श्रेणी के अधिकारियों के सेवा स्थानांतरण, जांच संबंधी कार्य, विभागीय अधिकारियों की पदोन्नति

## सीआरपीएफ सेंटर में रोजगार मेला संपन्न



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ग्रुप** केन्द्र, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल लखनऊ में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेला के तत्वाधान में प्रधानमंत्री द्वारा 10 लाख युवाओं को रोजगार देने के मुहिम में ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल कैम्पस लखनऊ में 14 संगठनों के अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मुख्य अतिथि कौशल किशोर (केन्द्रीय राज्य मंत्री, भारत सरकार) की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर शशि प्रकाश सिंह (पुलिस उप महानिरीक्षक, ग्रुप केन्द केरिपुबल, लखनऊ) अभिषेक पाठक (आईपीएस पुलिस उप महानिरीक्षक एसएसबी व अन्य विशिष्ट गणमान्य लोग भी उपस्थित थे, जिन्होंने नियुक्त पत्र प्राप्त करने वालों का हौसला बढाया और उन्हें बधाई दी। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में केन्द्रीय सरकार की रोजगार प्रदान करने के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराया तथा देश के प्रधानमंत्री की भूरि-भूरि प्रशंसा की साथ ही नव नियुक्त अभ्यर्थीगणों को प्रोत्साहित करते हुए राष्ट्र के प्रति सत्यनिष्ठा एवं समर्पण की भावना को जागृत करने का संकल्प दोहराया।

## लखनवी तहजीब से रूबरू होकर अपने देश रवाना हुए मुख्य न्यायाधीश व कानूनविद्

**लखनऊ।** विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 23वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में प्रतिभाग हेतु लखनऊ पधारे 57 देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, न्यायमंत्री, मुख्य न्यायाधीशों, कानूनविद्ों व अन्य प्रख्यात हस्तियों ने अपने-अपने देश रवाना होने से पूर्व लखनऊ भ्रमण किया और लखनऊ की ऐतिहासिक इमारतों का अवलोकन एवं गंगा-जमुनी तहजीब को नजदीक से अनुभव किया। लखनऊ की साँस्कृतिक विरासत एवं एकता का पैगाम देती लखनऊ की ऐतिहासिक धरोधर को देखकर विश्व भर से पधारे न्यायविद् मंत्रमुग्ध हो गये। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सम्मेलन में 57 देशों के न्यायविद्ों, कानूनविद्ों व अन्य प्रख्यात हस्तियों ने विश्व के ढाई अरब बच्चों के सुरक्षित व सुखमय भविष्य पर गहन चिंतन-मनन किया और संकल्प लिया कि एक नवीन विश्व व्यवस्था की स्थापना तक अपने प्रयासों को जारी रखेंगे। ये सभी गणमान्य अतिथि अपने-अपने देश रवाना हो गये।

## दो तस्कर गिरफ्तार, उड़ीसा से लाया गया 14 लाख रुपए मूल्य का गांजा बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**एसटीएफ** ने मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अन्तर्राज्यीय गिरोह के दो सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तस्करी में प्रयोग की जा रही विशेष कैविटी युक्त एक कार (मारूति एसएक्स-4) सहित 55 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। एसटीएफ के अनुसार बरामद गांजे की कीमत तकरीबन 14 लाख रुपए है।

एसटीएफ फील्ड इकाई, प्रयागराज की टीम जनपद प्रयागराज के मेजा थाना क्षेत्र में आपराधिक अभिसूचना संकलन में मौजूद थी। इसी दौरान ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थों की व्यापक तस्करी करने वाले गिरोह के सक्रिय सदस्य अपने सहयोगियों के साथ आज कोरापुट उडीसा से अवैध मादक पदार्थों की खेप लेकर एसएक्स-4 कार से मध्य प्रदेश के रास्ते प्रयागराज से वाराणसी ले जाने वाले है। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ की टीम ने आरबीएस महाविद्यालय मेजा, मांडा तिराहा के आगे पहुंचकर दो तस्करों शंभू कुमार यादव निवासी ग्राम डुभुकी थाना कृष्णावरम, बक्सर, बिहार (चालक) और साहब सिंह निवासी बक्सर बिहार (सहायक) को गिरफ्तार किया। पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया गया कि यह कार सुधीर सिंह निवासी खुशहाल नगर सेक्टर- बी निकट ग्रीन वैली स्कूल वाराणसी की है। जिसके द्वारा इस कार में विशेष रूप से गांजा तस्करी के लिए कैविटी बनवाई गई है। यह गांजा सुधीर सिंह ने ही मंगाया है, जो वाराणसी में रहकर जनपद वाराणसी एवं उसके आसपास के जनपदों में अवैध गांजे की तस्करी का कार्य करता है। हम लोग यह गांजा कोरापुट, उड़ीसा निवासी आदि दादा से लिए थे। इसके पूर्व भी हम लोग कई बार सुधीर सिंह के लिए यह काम कर चुके है।

# दोस्त की हत्या कर छह साल से फरार अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महाराष्ट्र** में पुराने विवाद में शराब पीने के बाद तीन दोस्तों के साथ मिलकर अपने एक दोस्त की पीट-पीटकर हत्या करने की घटना में छह साल से फरार चल रहे अभियुक्त को एसटीएफ ने अमेठी जिले से गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ के अनुसार महाराष्ट्र के थाना मयानगर, मीरा भाइंदर वसई विरार क्षेत्र में 9 जुलाई 2016 को एक अज्ञात शव बरामद हुआ था। इस संबंध में अज्ञात लोगों के खिलाफ थाना मयानगर में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के क्रम में चार अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आए। जिसमें से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिन्हें आजीवन कारावास की सजा भी हो चुकी है लेकिन घटना में शामिल दो अभियुक्त वांछित चल रहे थे। इनकी



गिरफ्तारी के लिए महाराष्ट्र पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इस दौरान इनमें से एक की लोकेशन यूपी में पता चली। जिसके बाद महाराष्ट्र पुलिस ने यूपी एसटीएफ से गिरफ्तारी के लिए आवश्यक सहयोग मांगा। एसटीएफ की एक टीम छानबीन में लगाई गई। इस टीम को बुधवार को सूचना मिली कि उक्त मामले से संबंधित एक अभियुक्त अमेठी जिले के थाना क्षेत्र कमरौली में छिपकर रह रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ की टीम ने महाराष्ट्र पुलिस को साथ लेकर शिवशक्ति हास्पिटल के पास रोड नंबर चार, थाना कमरौली, अमेठी से वांछित अभियुक्त शहनवाज उर्फ शानू को गिरफ्तार किया। विस्तृत पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया कि रईश उर्फ रोशन शेख (मृतक), सोहेल शेख, नौशाद शेख, असद अहमद सिद्दीकी और मैं आपस में दोस्त थे। किसी बात को लेकर रईश से हम लोगों का झगड़ा हो गया। आठ जुलाई 2016 को रात्रि में एक बर्थडे पार्टी में हम पांचों लोग गए। वहां पर हम सभी लोगों ने शराब पी और पुराने विवाद को लेकर फिर से झगड़ा हो गया। जिस पर हम चारो लोगों ने मिलकर रईश उर्फ रोशन को पीट-पीटकर मार डाला और उसकी लाश को एक सुनसान जगह पर फेंककर भाग गए और उसका मोबाइल फोन काफी दूर ले जाकर फेंक दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद सोहेल शेख और नौशाद मुम्बई पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिए गए और मैं वहां से भागकर अमेठी आ गया। गिरफ्तार अभियुक्त को महाराष्ट्र पुलिस ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ ले जाएगी।

## 'भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर मनाया जायेगा संविधान दिवस

**लखनऊ।** संविधान निर्माताओं के योगदान को सम्मान देने के लिए संविधान दिवस के अवसर पर इस वर्ष संविधान दिवस को 'भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर मनाया जायेगा। यह जानकारी प्रमुख सचिव संसदीय कार्य जेपी सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 26 नवम्बर, 2022 को मनाया जाने वाला संविधान दिवस अवसर पर राज्य सरकार द्वारा संचालित कार्यालयों, स्कूलों, कालेजों, संस्थानों, स्वायत्तशासी निकायों, सार्वजनिक उद्यमों आदि में संविधान की प्रस्तावना का पाठन सामूहिक रूप में किया जायेगा। जेपी सिंह ने बताया कि भारत सरकार द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम के संबंध में 2 वेब पोर्टल विकसित किये गये हैं। जिस पर प्रत्येक व्यक्ति भागीदारी भी कर सकता है तथा कोई भी व्यक्ति संबंधित पोर्टल पर संविधान के प्रस्ताव का आनलाइन पाठन कर सकता है। उन्होंने बताया कि भारत लोकतंत्र की जननी विषय से संबंधित पोर्टल पर कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन क्विज में प्रतिभाग करके प्रतिभागिता से संबंधित प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकता है।

## इंडियन बैंक द्वारा जागरूकता अभियान के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**लखनऊ।** भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा माह नवंबर 2022 राष्ट्रव्यापी सघन जागरूकता अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। इसके अन्तर्गत बुधवार को इंडियन बैंक द्वारा ग्राहकों एवं अन्य जनता को डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने एवं इससे सावधान रहने हेतु नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक का प्रस्तुतिकरण लखनऊ के बंगला बाज़ार, ठाकुरगंज, जानकीपुरम, तकरोही बाज़ार, जुग्गौर एवं अर्जुनगंज आदि स्थानों पर किया गया। इस अवसर पर इंडियन बैंक के अंचल प्रबंधक लखनऊ प्राणेश कुमार नें डिजिटल लेनदेन में होने वाली धोखाधड़ी से बचाव हेतु सावधानियों को अपनाने का आह्वाहन किया एवं सभी बैंककर्मियों को इस जागरूकता अभियान में बढ़चढ़ कर भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

## बिजलीकर्मियों ने प्रदेशभर में कीं विरोध सभाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ऊर्जा** निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रवैये के विरोध में एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लम्बित न्यायोचित समस्याओं के समाधान हेतु सरकार व प्रबन्धन के ध्यानाकर्षण करने के लिए विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले तमाम घटक श्रम संघों/सेवा संगठनों द्वारा संयुक्त रूप से लोकतान्त्रिक एवं शान्तिपूर्ण तरीके से चलाये जा रहे आन्दोलन के क्रम में आज दूसरे दिन भी ''वर्क टू रूल'' करते हुए पूरे प्रदेश के बिजली अभियंताओं, जूनियर इंजीनियरों व बिजली कर्मचारियों द्वारा प्रदेशव्यापी विरोध सभाएं की गयीं जिसमें बिजली कर्मियों ने जबरदस्त नारेबाजी कर प्रबन्धन के प्रति अपना आक्रोष व्यक्त किया। राजधानी लखनऊ में मध्यांचल मुख्यालय पर विरोध सभा का आयोजन किया गया।

विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के पदाधिकारियों ने जारी बयान में बताया कि ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन के स्वेच्छाचारी रवैये एवं नकारात्मक कार्यप्रणाली के कारण ऊर्जा निगमों को हो रही आर्थिक क्षति को रोकने एवं ऊर्जा निगमों में उत्पन्न किए गए नकारात्मक वातावरण को समाप्त कराने हेतु एवं बिजली कर्मियों की वर्षों से लम्बित न्यायोचित समस्याओं के समाधान के प्रति प्रबंधन द्वारा उपेक्षात्मक रवैया अपनाये जाने के कारण कुछ भी सार्थक कार्यवाही न होने से संघर्ष समिति ने सरकार व प्रबन्धन के ध्यानाकर्षण हेतु लोकतांत्रिक तरीके से शांतिपूर्ण ढंग से आन्दोलन किए जाने के निर्णय लिया है जिसके क्रम में आज दूसरे दिन भी 'वर्क टू रूल' करते हुए सायं 5:00 बजे पूरे प्रदेश में विरोध सभाएं की गयी।

नानमऊ के महिलाओं की बदलेगी किस्मत

# मधुमक्खी पालन कर बनेंगी स्वावलंबी

● आपका विधायक, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत नानमऊ पहुंचे डॉ. राजेश्वर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महिला** सशक्तिकरण की दिशा में लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक डॉ राजेश्वर सिंह के द्वारा बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण बुधवार को नानमऊ ग्राम पंचायत में देखने को मिला, जहां उन्होंने मधुमक्खी पालन को व्यावसायिक स्तर पर शुरू किए जाने के लिए महिलाओं को आवश्यक संसाधन व प्रशिक्षण दिलाने की पहल का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत प्रथम चरण में क्षेत्र की 100 उद्यमी महिलाओं को मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा।



महिलाओं को मधुमक्खी पालन, उनकी देखभाल, रोग एवं कीड़ों से बचाव, शहद निकालने आदि का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वावलंबी बनाया जाएगा। इसके लिए उन्हें नि:शुल्क संसाधन भी उपलब्ध कराए जाएंगे।

आपका विधायक, आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने नानमऊ ग्राम पंचायत में जनसुनवाई भी की। इस दौरान उन्होंने ग्रामवासियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और उसके समाधान का भरोसा दिलाया। यहां डॉ राजेश्वर सिंह नानमऊ प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने नानमऊ को कई सौगातें भी दी। डॉ सिंह ने ग्राम के प्राथमिक विद्यालय को कक्षा आठ से 10 तक करवाने तथा उसमें झूले लगवाने का वादा किया। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा बच्चों का मौलिक अधिकार है। प्राथमिक विद्यालय की क्लासेज को स्मार्ट क्लाजेस टीचरों की संख्या बढ़ाने व बच्चों को किताबें.ड्रेसेज दिलाने के अलावा उन्हें हर संसाधन उपलब्ध कराया जाएगा। नानमऊ के बच्चे प्रदेश ही नहीं देश भर में गांव का नाम रौशन करेंए यह मेरी आकांक्षा है। इसके अलावा उन्होंने गांव में खेल मैदान का निर्माण करवाने, गांव में सड़कों.नालियों को दुरुस्त करवाने, सोलर लाइट लगवाने के साथ.साथ गांव में अन्य विकास कार्य करवाने का आश्वासन भी दिया। इतना ही नहीं उन्होंने गांव के सभी मेधावी ग्रेजुएट छात्रों को स्कॉलरशिप दिलाने व रोजगार से जोड़ने का भी आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि नानमऊ को प्रदेश का आदर्श गांव बनाना मेरा लक्ष्य है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों को रामलला के दर्शन करवाने का भी वादा किया। मधुमक्खी पालक निमित सिंह के कार्यों की भी डॉ राजेश्वर सिंह ने जमकर सराहना की।

## पंचायतों में सफाई अभियान ब्लाक में लगे कचरे के ढ़ेर



**मोहनलालगंज।** संचारी रोगों की रोंकथाम के लिए मोहनलालगंज की ग्राम पंचायतों में विशेष सफाई अभियान चला रहे अधिकारी ब्लाक मुख्यालय की ही सफाई नहीं करा पा रहे हैं। लिहाजा ब्लाक मुख्यालय पर कचरे के ढ़ेर लगे हुए हैं। ऐसे में अभियान में लापरवाही को लेकर मातहतों से जवाब.तलब कर रहे अधिकारियों की मुस्तैदी पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मोहनलालगंज की सभी 78 ग्राम पंचायतों में तय रोस्टर के अनुसार व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। लेकिन मोहनलालगंज ब्लाक परिसर में ही कचरे के ढ़ेर लगे हुए हैं। जिनकी अब तक सफाई नहीं हो सकी है। ब्लाक परिसर में गन्दगी को लेकर प्रमुख ओमप्रकाश शुक्ल भी गहरी नाराजगी जता चुके हैं। बावजूद इसके ब्लाक परिसर की सफाई का पुरसाहाल नही है। कमिश्नर डॉ रोशन जैकब के आदेश पर ग्राम पंचायतों में रोस्टर बनाकर व्यापक सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पहले ही दिन लापरवाही के आरोप में ब्लाक प्रशासन ने सफाईकर्मियों और सचिवों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण तलब किया था। लेकिन ब्लाक परिसर में फैली गन्दगी अधिकारियों की मुस्तैदी पर तमाम सवाल खड़े कर रहे हैं।

**कमिश्नर का आदेश बेअसर फागिंग में लापरवाही**

कमिश्नर डॉ रोशन जैकब ने संचारी रोगों से बचाव के लिए ग्राम पंचायतों में व्यापक फागिंग कराने के निर्देश दे रखे हैं। फिर भी मोहनलालगंज की पंचायतों में फागिंग कराने में लापरवाही की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कमिश्नर की सख्ती के बावजूद भी सचिव पंचायतों में फागिंग कराने को लेकर गंभीर नही हैं। रोस्टर के मुताबिक चलाया जा रहा सफाई अभियान पूरा होने को है लेकिन कई पंचायतों में अब तक फागिंग नहीं कराई गई है।

**क्या कहती हैं बीडीओ**

बीडीओ पूजा सिंह ने बताया ब्लाक परिसर की झाड़ियों की सफाई और कायाकल्प के लिए जेई को एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। जल्द ही ब्लाक परिसर का कायाकल्प कराया जाएगा। उन्होंने बताया पंचायतों में फागिंग कराई जा रही है। फोटो मंगाकर इसकी निगरानी की जा रही है। जहां कहीं से भी शिकायत मिलेगी उसका तुरन्त निराकरण कराया जाएगा।

# पेज एक का शेष

## सुप्रीम कोर्ट ने मांगी...

उन्होंने कहा कि सरकार को इस अधिकारी की नियुक्ति से संबंधित मूल फाइल हमारे समक्ष पेश करने की जरूरत है। यदि कुछ अवैध नहीं किया गया है तो आपको डरने की जरूरत नहीं है। न्यायमूर्ति जोसेफ ने कहा कि न्यायालय सिर्फ यह देख रहा है कि क्या सब कुछ प्रक्रिया के मुताबिक हुआ है। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1985 बैच के पंजाब कैडर के अधिकारी गोयल को 19 नवंबर को निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया। वह 60 वर्ष के होने पर 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त होने वाले थे। अपनी नई भूमिका संभालने के बाद गोयल मौजूदा सीईसी राजीव कुमार के फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त होने के बाद अगले मुख्य निर्वाचन आयुक्त होंगे। इसी साल मई में पूर्ववर्ती सीईसी सुशील चंद्रा के सेवानिवृत्त होने के बाद निर्वाचन आयोग में एक रिक्ति हुई थी।

## तेजस्वी और नीतीश...

दोनों युवा नेता अलग-अलग विचारधारा से आते हैं। आदित्य ठाकरे के दादा एवं शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे जहां हमेशा मराठा गौरव और हिंदुत्व के पैरोकार रहे थे, वहीं तेजस्वी यादव के पिता लालू प्रसाद की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर एक धर्मनिरपेक्ष नेता की रही है। बाद में आदित्य ठाकरे ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। आदित्य ठाकरे के साथ तेजस्वी भी साथ थे। नीतीश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाता तोड़कर बिहार में महागठबंधन की नई सरकार बनाई है। कुमार 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को परास्त करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी एकता को लेकर सक्रिय हैं।

## आफताब ने दो साल पहले...

उसके शव के 35 टुकड़े कर दिए। श्रद्धा महाराष्ट्र के पालघर जिले के वसई की निवासी थी। पालघर के तुलिंज थाने में नवंबर 2020 को दी गई शिकायत में श्रद्धा ने आरोप लगाया था कि पूनावाला उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करता है। उस समय श्रद्धा ने अपनी शिकायत में यह भी कहा था कि आज उसने मेरा गला घोंटकर मारने की कोशिश की। मुझे धमकी दी कि वह मुझे मार डालेगा, मेरे टुकड़े-टुकड़े कर देगा और कहीं फेंक देगा। वह पिछले छह महीने से मेरे साथ मारपीट कर रहा है, लेकिन मुझमें पुलिस के पास जाने की हिम्मत नहीं थी, क्योंकि उसने मुझे मारने की धमकी दी थी। श्रद्धा ने पुलिस से शिकायत में कहा था कि मेरे माता-पिता को पता है कि वह मेरे साथ मारपीट करता है और उसने मुझे जान से मारने की कोशिश भी की। श्रद्धा ने पत्र में बताया था कि पूनावाला के माता-पिता को पता है कि वह साथ रह रहे हैं और वह सप्ताहांत में उनसे मिलने भी आते हैं। श्रद्धा ने पत्र में कहा कि मैं आज तक उसके साथ इसलिए रह रही थी क्योंकि हम जल्द ही शादी करने वाले थे और उसके माता-पिता भी इसके लिए राजी थे। अब आगे मैं उसके साथ नहीं रहना चाहती। इसलिए अब मुझे कोई भी शारीरिक चोट पहुंचती है तो उसके लिए उसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि वह मुझे धमकी दे रहा है कि अगर मैं उसे कहीं भी दिख गई तो वह मुझे मारेगा या मेरी हत्या कर देगा। आरोपी के वकील अविनाश कुमार के अनुसार, पूनावाला ने मंगलवार को अदालत से कहा था कि आवेश में आकर उससे ऐसा हो गया और वह जानते बूझते ऐसा नहीं करना चाहता था। पूनावाला से बात करने के बाद कुमार ने कहा कि उसने (पूनावाला ने) अदालत में वालकर की हत्या करने की बात कभी स्वीकार नहीं की।

## पूरे परिवार को...

परिजनों ने 14 नवंबर को बेटी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। शक के आधार पर आरोपी और पीड़िता की मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर किशोरी को हरियाणा से बरामद किया गया है। जहां नाबालिग को सलमान बंधक बनाए रखा था। पुलिस के मुताबिक, सलमान ने जबरन धर्म परिवर्तन कराकर निकाह किया। शारीरिक शोषण की भी बात सामने आ रही है। पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी के खिलाफ धाराओं को बढ़ाया जाएगा। जिसके आधार पर कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस के मुताबिक, पारा बजरंग विहार की रहने वाली किशोरी की पास में रहने वाली रोशनी नाम के युवती से दोस्ती थी। उसने ही सलमान से उसको मिलवाया था। पीड़ित किशोरी के मुताबिक, सलमान ने अपना श्याम बताया था। उसने अपनी बातों में फंसाकर दोस्ती की।

## जाकिर नाइक पर बोला...

मार्च 2022 में गृह मंत्रालय ने नाईक को गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत उसके इस्लामिक रिसर्च फाउंडेशन (आईआरएफ) को गैरकानूनी संगठन करार देते हुए पांच साल के प्रतिबंधित कर दिया था। भारत ने नाईक के प्रत्यर्पण के लिए मलेशिया से भी अनुरोध किया था, क्योंकि उसकी वर्ष 2020 के दिल्ली दंगों में कथित भूमिका थी। वर्तमान में इंटरपोल द्वारा नाईक के खिलाफ रेड कार्नार नोटिस जारी किया हुआ है। उसके घृणा फैलाने वाले भाषणों के लिए ब्रिटेन और कनाडा द्वारा मलेशिया के 16 प्रतिबंधित 16 लोगों में नाईक भी शामिल है।

## असम सीमा पर हिंसा को...

स्थानीय ग्रामीणों के बीच हुई थी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह घटना लंबे समय से चले आ रहे दोनों राज्यों के बीच सीमा विवाद से संबंधित नहीं है। वह लगातार मेघालय के मुख्यमंत्री के संपर्क में हैं और यह घटना नहीं होनी चाहिए थी। अधिकारियों ने बताया कि मेघालय के ग्रामीण कुल्हाड़ियां, छड़ और लाठियां लेकर मंगलवार रात दोनों राज्यों के बीच सीमा पर असम में खेरोनी वन रेंज के तहत आने वाले एक बीट कार्यालय के सामने जमा हो गए। भीड़ ने वन कार्यालय में तोड़फोड़ की और वहां रखे लकड़ी के सामान, दस्तावेजों और परिसर में खड़ी कई मोटरसाइकिल में आग लगा दी। अधिकारियों ने एजेंसी को बताया कि घटना में अभी तक किसी वन कर्मी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीण वहां से चले गए। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि मुकरोह गांव में लावारिस मिले असम सरकार के एक वाहन में स्थानीय लोगों ने आग लगा दी। मुकरोह में वन विभाग के बीट कार्यालय और असम सरकार के वाहन में आग लगाने की जिम्मेदारी प्रभावशाली खासी स्टूडेंट्स यूनियन ने ली है और आरोप लगाया कि मेघालय सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा करने में विफल रही। छात्र संगठन के सदस्यों ने इयालोंग सिविल अस्पताल में प्रदर्शन किया, जहां सभी छह लोगों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए लाया गया था। उन्होंने हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों को मेघालय पुलिस को सौंपने की मांग की। प्रदर्शनों को देखते हुए गुवाहाटी और कछार जिले सहित असम से मेघालय में प्रवेश करने के विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस कर्मियों ने अवरोधक लगाए और लोगों को असम में पंजीकृत वाहन से पड़ोसी राज्य में नहीं जाने को कहा है। गुवाहाटी पुलिस के उपायुक्त (पूर्व) सुधाकर सिंह ने कहा कि लोगों को स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक मेघालय न जाने की सलाह दी जा रही है। उन्होंने बताया कि हालांकि अभी तक वाणिज्यिक वाहनों को रोका नहीं गया है। सूत्रों ने बताया कि असम में पंजीकृत एक गाड़ी को मंगलवार शाम मेघालय की राजधानी शिलॉन्ग में आग के हवाले कर दिया गया। मंगलवार रात और बुधवार सुबह गुवाहाटी लौटे कुछ टैक्सी चालकों ने कहा कि मेघालय पुलिस ने उन्हें सीमा पार कराई, फिर भी उनकी गाड़ियों पर पथराव किया गया। कछार के पुलिस अधीक्षक नुमाल महता ने बताया कि उन्होंने असम और अन्य राज्यों के लोगों को निजी वाहनों से मेघालय की यात्रा नहीं करने को कहा है। मंगलवार की हिंसा में गोली लगने से घायल हुए और एक स्थानीय अस्पताल में उपचार करा रहे दो लोगों ने कहा कि वे अपने साथी ग्रामीणों के खतरे में होने का पता चलने के बाद हिंसाग्रस्त इलाके में चले गए थे। इमनें चीनी नारतियांग (48) को नाक में गोली लगी थी, वहीं एलियास समईयांग (36) को ठोड़ी में गोली लगी थी।

## हिंसा की जांच सीबीआई...

राज्य मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में नागरिकों के साथ होने वाली झड़पों से उत्पन्न होने वाली स्थितियों से निपटने के लिए पुलिस और वन कर्मियों के वास्ते एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने का फैसला किया गया। सरमा ने ट्वीट कर कहा कि बैठक में मंत्रियों ने हिंसा पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने गुवाहाटी उच्च न्यायालय की सेवानिवृत्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति रूमी फुकन को घटना के लिए जिम्मेदार रही परिस्थितियों की न्यायिक जांच का अनुरोध करने का भी फैसला किया है। न्यायिक जांच 60 दिनों की अंदर पूरी की जाएगी।

# अधिवक्ताओं ने नम आंखों से शहीदों को किया याद

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**बनारस** कचहरी में बम ब्लास्ट की पन्द्रहवी बरसी परअधिवक्ताओ ने अपने तीन साथियो को याद किया।अधिवक्ता शहीद भोलानाथ सिंह,शहीद ब्रह्म प्रकाश शर्मा,शहीद बुद्धिराज पटेल की फोटो पर शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित की। अधिवक्ताओ ने मोमबत्तिया जलाई और भोला सिंह अमर रहे,ब्रह्मप्रकाश शर्मा अमर रहे,बुद्धिराज पटेल अमर रहे के गगनभेदी नारे लगाये ।

शोक व श्रद्धान्जलि सभा में बार कौंसिल के पुर्व चेयरमैन व वर्तमान सदस्य हरिशंकर सिंह,बनारस बार के अध्यक्ष धीरेन्द्र नाथ शर्मा, महामंत्री रत्नेश्वर पांडे ,सेंट्रल बार के अध्यक्ष मोहन यादव ,महामंत्री अश्वनि राय बनारस बार के पुर्व महामंत्री नित्यानन्द राय, विवेक सिंह,नृपेन्द्र सिंह, प्रतिमा पांडे,जय श्री पाठक, नीतु सिंह महेश तिवारी, राहुल तिवारी,रत्नाकर पांडे आदि प्रमुख थे। शोक सभा के अंत में मृतक आत्माओ की शांति के लिये दो मिनट का मौन रखा गया। विदित हो कि 23 नवम्बर 2007 को बनारस कचहरी के दोनों कैम्पस दिवानी और कलेक्टरेट मे बारी बारी भयानक बम ब्लास्ट हुआ था जिसमे तीन वकीलों समेत नौ लोग मारे गये थे और पचासो घायल हुये थे। तत्कालीन मायावती सरकार ने मामले के खुलासे के लिये एंटी टेररिस्ट स्कावड ए टी एस का गठन किया गया।

# डॉ. संजीव कुमार महतो को मिला आर्थर सरवनमुथु थंबिया पुरस्कार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**डॉ.** संजीव कुमार महतो, सह आचार्य और समन्वयक, जैव चिकित्सा अभियांत्रिकी स्कूल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (काशी हिंदू विश्वविद्यालय), को डॉ. आर्थर सरवनमुथु थंबिया पुरस्कार-द नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल साइंसेज (भारत) (एन.ए.एम.एस.) द्वारा वर्ष 2022 के लिए उनके शोध पत्र विषय 'फ्रीज-थॉ-इंड्यूस्ड फिजिकली क्रॉस-लिंक्ड सुपरबॉबेट पॉलीविनाइल अल्कोहल / सोया प्रोटीन आइसोलेट हाइड्रोजेल फॉर स्किन वूण्ड ड्रेसिंगरू इन विट्रो एंड इन विवो कैरेक्टराइजेशन पर दिया गया। डॉ. आर्थर सरवनमुथु थंबिया पुरस्कार में एक स्क्रॉल, एक स्मारक पदक और नकद प्रोत्साहन दिया जाता है। समारोह के मुख्य अतिथि लोक सभा के अध्यक्ष ओम बिरला और एनएएमएस के अध्यक्ष पद्म भूषण प्रो. शिव कुमार सरीन रहे। यह पुरस्कार



12 नवंबर, 2022 को राष्ट्रीय अकादमी के 62वें वार्षिक दीक्षांत समारोह में पुरस्कार दिया गया। सवाई मान सिंह (एसएमएस) मेडिकल कॉलेज, जयपुर में चिकित्सा विज्ञान प्रो. अजय कुमार सूद, प्रधानमंत्री के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार, डॉ. अतुल गोयल, स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस), डॉ. वी. के. सारस्वत, नीति आयोग के सदस्य और डॉ. सुधीर भंडारी, कुलपति जैसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व आरयूएचएस समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल रहे। संस्थान के निदेशक आचार्य प्रमोद कुमार जैन ने उन्हें इस उपलब्धि के लिये बधाई दी है।

## क्विक न्यूज

### बीएचयू के वैद्य सुशील कुमार दुबे एनएबीएच के सदस्य नामित



**वाराणसी।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य वैद्य सुशील कुमार दुबे को अस्पतालों के राष्ट्रीय प्रत्यापन बोर्ड(एनएबीएच-नेशनल एक्रीडेशन बोर्ड फॉर हास्पिटल एंड हेल्थ केयर प्रोवाइडर)के आयुष प्रत्ययन समिति का सदस्य नामित किया गया है। बच्चों को मौजूदा फ्लू वायरस से बचाने के लिए 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण सर्वाधिक प्रभावी कदमों में से एक है

### 5 साल तक बच्चों को हर साल लगवाएं टीका

**वाराणसी।** इंडियन एकेडमी ऑफपीडियाट्रिक्स (आईएपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 6 महीने से 5 साल तक की उम्र के बच्चों को हर साल टीका लगवाने का सुझाव दिया है। बच्चों में पूरे साल फ्लू का खतरा रहता है, विशेष रूप से सर्दियों में और मानसून में यह खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। टीकाकरण के बाद शरीर में एंटीबॉडी विकसित होने में करीब 2 हफ्ते का समय लग जाता है, इसलिए मानसून या सर्दियों का मौसम आने के 2 से 4 हफ्ते पहले टीका लगवा लेना चाहिए। 5 साल से कम उम्र के बच्चों में न केवल फ्लू के कारण ज्यादा परेशानी होने का खतरा रहता है, बल्कि वे अन्य लोगों को संक्रमित भी कर सकते हैं।सालाना 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण की जरूरत को लेकर पॉपुलर हॉस्पिटल के डॉ. आलोक भारद्वाज, एमडी. आईएमएस बीएचयू (पीडियाट्रिक्स), एचओडी ने कहा, 'फ्लू एक वायरल संक्रमण है जो मौसमी बदलाव के समय बढ़ सकता है।

### गरीब असहाय लोगों के लिए विशेष पहल

**वाराणसी।** यूपी ने 100 से अधिक स्कूलों में इको स्मार्ट स्पीकर पेश करने के लिए एक दूसरे के साथ हाथ मिलाया है,अमेज़न और नेशनल एसोसिएशन ऑफद ब्लाइंड,बचपन डे केयर सेंटरों एवं स्कूलों से दिव्यांगता से युक्त एवं दिव्यांगता से रहित चौतीस हजार से अधिक छात्रों को इससे लाभ होगा, वॉइस इंटरैक्शन के साथ लर्निंग आसान होने की वजह से उन छात्रों को ज़्यादा लाभ होता है, जो चलने या देखने संबंधी दिव्यांगता से पीड़ित हैं। इस साझेदारी ने एक समान एवं समावेशी शिक्षा का मार्ग प्रशस्त किया है, हमें उम्मीद है कि भविष्य में इसके परिणाम बेहद सकारात्मक होंगे।

### एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने ई- के वाई सी की शुरुआत की

**वाराणसी।** एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने अपने ग्राहकों के लिए फेस ऑथेंटिकेशन-आधारित बचत बैंक खाता खोलने की शुरुआत के साथ डिजिटल समावेशन की दिशा में एक और कदम उठाया है। यह सुविधा खाता खोलने की प्रक्रिया को और आसान बनाएगी, साथ ही ग्राहकों के लिए इसे सहज और सुविधाजनक बनाएगी।एयरटेल पेमेंट्स बैंक यह सुविधा देने वाला देश का पहला पेमेंट्स बैंक है। यह नई सुविधा बैंक के बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स को फेस ऑथेंटिकेशन ई- के वाई सी द्वारा खाता खोलने में मदद करेगी।

### छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुति ने लोगों का मोहा मन



**सोनभद्र।** सनबीम स्कूल परिसर में बुधवार को वार्षिक समारोह विरासत 2022 का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि एडीजे प्रथम खलीकुज्जमा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जीवन जगत के समस्त पहलुओं तथा भारत की अनेकता में एकता को दर्शाते हुए विरासत नाम के आधार पर भिन्न भिन्न राज्यों के नृत्य संगीत पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। आकर्षक वस्त्राभूषणों से सुसज्जित बच्चों ने अपनी कला से दर्शकों का न केवल मनमोहा बल्कि उपस्थित जन समूह को मानव मूल्यों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से ग्यारहवीं तक के बच्चों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ प्रतिभाग किया। इसके बाद गणेश वंदना पर आधारित नृत्य से रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत हुई इस कार्यक्रम में कक्षा सातवीं तथा आठवीं के बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि डा. मधुलिका सिंह सनबीम महिला महाविद्यालय भगवानपुर प्रशासनिक हेड, डा. अनुपमा मिश्रा प्रधानाचार्या सनबीम इंग्लिस स्कूल वरुणा, आरएसएस विभाग प्रचारक प्रवेश कुमार, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए हरिवंश कुमार, जीआईसी प्रधानाचार्या रंजना शुक्ला, निदेशकगण संदीप चौरसिया, दिव्या चौरसिया, प्रधानाचार्या श्वेता यादव, उप प्रधानाचार्य आनंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# पच्चीस शीशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**सकलडीहा चन्दौली।** कस्बा सहित आसपास के गांवों में अवैध रूप से शराब की बिक्री होती है। शिकायत के बाद स्थानीय पुलिस और विभागीय अधिकारी मौन है। बुधवार को कोतवाली पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर दुर्गापुर तिराहे के पास से एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार कर कोरमपूर्ति कर लिया। जबकि ग्रामीणों द्वारा सुबह से लेकर देर रात तक बिकने वाली अवैध शराब पर रोक लगाने की मांग उठाया है। कोतवाली पुलिस सधन तिराहे पर लूट की खुलासा करने को लेकर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी बीच मुखबीर की सूचना पर दुर्गापुर तिराहे के पास से एक संदिग्ध युवक के होने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही युवक भागने लगा। पुलिस ने दौड़ाकर युवक को धरदबोचा। पूछताछ के दौरान युवक के पास से 25 शीशी अवैध शराब बरामद हुआ। पुलिस ने पकड़े गये खड़ेहरा गांव निवासी राजीव कुमार के खिलाफ कोरमपूर्ति करते हुए छोड़ दिया। जबकि ग्रामीणों का आरोप है कि कस्बा सहित आसपास गांव में अवैध रूप से सुबह से शाम शराब की बिक्री होती है। इस बाबत प्रभारी कोतवाल मोहन प्रसाद ने बताया कि सूचना मिलने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी।

# उच्च शिक्षा में करियर बनाने को दिया फोर डी का मंत्र

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**श्री** अग्रसेन कन्या पीजी कॉलेज के बुलानाला परिसर में बुधवार को विज्ञान संकाय की छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विदेशों में पढ़ाई, रिसर्च एवं करियर बनाने विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में भारतीय मूल के वैज्ञानिक एवं जीन एक्सप्रेशन सिस्टम यूएसए के सीईओ डॉ कृष्णा राव अप्पासानी ने छात्राओं को बायो साइंस एवं लाइफ साइंस के क्षेत्र में हो रहें नये नये रिसर्च एवं नित नये उपचार में सहायक बायोटेक्नोलॉजी के जीन तकनीक के बारे बताया।

उन्होंने छात्राओं को भविष्य में अपने करियर को लेकर सजग रहने एवं दृढ संकल्पित रहने की सलाह दी। उन्होंने छात्राओं को करियर बनाने के ई फोर डी ड्रीम, डेटर्मिनेशन, डेडिकेशन, डेस्टिनी (4डी) का मंत्र दिया। उन्होंने बताया कि अपने भविष्य के लिए सबसे पहले ड्रीम यानि सपने देखिये और दृढ निश्चय (डेटर्मिनेशन) होकर समर्पण (डेडिकेशन) के साथ प्रयास करने से ही सफलता की मंजिल पर पहुंच कर अपने सपने को साकार किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की सहप्रबंधक डॉ रूबी शाह ने कहा कि शीघ्र ही महाविद्यालय को विभिन्न देशी एवं विदेशी विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू साइन कर छात्राओं को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में गहन अध्ययन का मौका प्रदान किया जायेगा। महाविद्यालय की प्रबंधक डॉ मधु अग्रवाल ने सभी छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता का स्वागत डॉ आभा श्रीवास्तव, डॉ संगीता श्रीवास्तव, संचालन डॉ शुभा सक्सेना संयोजन डॉ आकाश एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ वंदना पाण्डेय ने दिया। उक्त अवसर पर विज्ञान संकाय के डॉ परितोष भट्टाचार्य, डॉ जेपी शर्मा, डॉ बद्री विशाल पाण्डेय सहित शिक्षक और छात्राएँ उपस्थित रहीं।

# सरोवर में गंदगी और अतिक्रमण करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीएम

**संवाददाता।** सकलडीहा/चन्दौली



**जिलाधिकारी ईशा** दुहन देर शाम सकलडीहा सरोवर का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री पयर्टन संवर्धन योजना के तहत नवनिर्मित घाट और सुंदरीकरण कार्य का जानकारी लिया। इस दौरान सरोवर में गंदगी और अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही नियमित रूप से सरोवर की साफ सफाई कराने की निर्देश दिया। इसके पूर्व धान क्रय केन्द्रों पर दुर्व्यवस्था देख नाराजगी जताया।

मुख्यमंत्री संवर्धन पयर्टन योजना के तहत सकलडीहा सरोवर के घाटए ब्रेंचए इंटर लॉकिंगए बाउंड्रीए सोलर लाईटए हाईमाक्स सहित अन्य कार्य के लिये पूर्व में चालीस लाख रूपये स्वीकृत हुआ था। जिलाधिकारी ने सरोवर के निरीक्षण के दौरान पानी में गंदगी और कूड़ा का अंबार देख नाराजगी जताया। एसडीएम और बीडीओ को गंदगी व अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया। सीडीओ को नियमित घाटों की साफ सफाई व बनवासी बस्ती की महिलाओं को आवास मुहैया कराने का निर्देश दिया। घाटों पर ब्रेंच लगवाने का निर्देश दिया। इसके पूर्व खड़ेहरा और बिसापुर का निरीक्षण के दौरान बोरा का कमी और इलेक्ट्रानिक कांटा व नमी नापने वाला यंत्र को लेकर फटकार लगाया। केन्द्र प्रभारियों को सुधरने का नसीहत दिया। इस मौके पर सीडीओ अजितेन्द्र नारायणए एसडीएम मनोज पाठकए बीडीओ अरूण पांडेयए परियोजना निदेशक एके जैनए जेपी सिंहए डाण् राजीव श्रीवास्तवए सलील नमनएडीएन यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कलवारी-खलियारी मार्ग पर बनेगा बाइपास, सात गांवों का सर्वे हुआ शुरु

- जमीन अधिग्रहण के लिए चार सदस्यीय टीम का हुआ गठन



**सोनभद्र।** कलवारी-राबर्ट्सगंज-खलियारी राजमार्ग के फोर लेन के दौरान राबर्ट्सगंज नगर के पास से बाइपास का निर्माण कराया जाएगा। बाइपास निर्माण के लिए राजस्व व लोक निर्माण विभाग की टीम सर्वे संयुक्त रूप से करेगी। सदर एसडीएम रमेश कुमार ने इसके लिए चार लेखपालों की टीम गठित कर दिया है। यह सर्वे सात ग्राम पंचायतों में किया जाएगा। विदित हो कि राबर्ट्सगंज के पास बाइपास की मांग को लेकर व्यापारी संगठन पिछले काफी समय से आंदोलन चला रहे थे। उनका तर्क था कि अगर कलवारी -खलियारी मार्ग को फोर लेन किया गया तो पूरा राबर्ट्सगंज नगर उजड़ जाएगा। उनकी मांग थी कि नगर के पास से बाइपास निकाला जाए, इससे नगर सुरक्षित होगा साथ ही बाइपास निर्माण से रोजगार के नए मौके उपलब्ध होंगे। जिला प्रशासन ने बाइपास निर्माण के लिए खैराही, मानपुर, गैंगुआर, धरनीपुर, घुवासकला, बिठगांव निस्फ व मझिगांव गांव की भूमि बाइपास के लिए चिन्हित किया है। एसडीएम रमेश कुमार ने इसके लिए चार सदस्यीय टीम गठित किया है। टीम गूगल अर्थ मैप का प्रयोग करके बाइपास निर्माण के लिए जमीन अधिग्रहण के लिए रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करेगी। लोक निर्माण विभाग व राजस्व की टीम संयुक्त रूप से सात गांव की उस भूमि को चिन्हित करेंगे जो बाइपास के लिए प्रयोग में आएगा। जिला प्रशासन ने टीम को जल्द से जल्द रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। राजस्व विभाग के टीम में लेखपाल संतोष दूबे, अनूप यादव, सज्जन सिंह व नमिता गुप्ता को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। संयुक्त टीम जमीन अधिग्रहण वाले गांव का दौरा भी शुरू कर दी है। कलवारी-खलियारी मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान राबर्ट्सगंज नगर के पास बाइपास निर्माण के लिए सात गांव को चिन्हित किया गया है।

**सदर विधायक की मेहनत लायी रंग:** सदर विधायक भूपेश चौबे भी कलवारी-खलियारी राजमार्ग पर बाईपास बनाए जाने की व्यापारियों द्वारा की जा रही मांग का समर्थक करते हुए इसे गंभीरता से लिया था, इस पुरें प्रकरण से उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को अवगत कराये जाने के साथ ही सत्र के दौरान विधान सभा में भी कलवारी- राबर्ट्सगंज-खलियारी राजमार्ग फोर लेन के दौरान बाईपास बनाए जाने की मांग किया था, जो मान लिया गया है।

# अपराध पर अंकुश, पीड़ित की मदद पहली प्राथमिकता:गजेन्द्र प्रताप सिंह

**जगम्मनपुर (जालौन)।** जगम्मनपुर चौकी प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अपराध पर अंकुश, पीड़ितों की मदद करना पहली प्राथमिकता की मंशा के साथ वह कार्य करने में विश्वास रखते हैं। फिर अपराध करने वाले चाहे जितना ताकतवर हो उसके विरुद्ध कार्यवाही करने में कोई संकोच नहीं किया जाता। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर लगाम लगाना ही उनकी प्राथमिकता होगी। इसके लिए जनता का सहयोग लेकर मिलजुल कर काम किया जाएगा। चौकी इंचार्ज ने कहा कि क्षेत्र में जुआ-सट्टा व ओवर लोडिंग जैसे कार्यों को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यदि निरीक्षण के दौरान कोई ओवरलोड वाहन पकड़ा जायेगा तो उसका चालान काटा जायेगा। उन्होंने कहा कि कस्वे सहित गांवों के गणमान्य लोगों के साथ बैठक कर अपराध को खत्म करने पर चर्चा करने में उनका सहयोग लिया जाएगा। जनता की शिकायतों का पूरी निष्पक्षता से जांच कर लोगों को न्याय दिलाया जाएगा। वाहन चालकों को यातायात के नियमों के बारे में जागरूक करने के साथ ही उन्हें मास्क लगाने के लिए भी प्रेरित किया जाएगा। चौकी प्रभारी का कहना था कि लोग पुलिस की आंख व कान बनें। जहां कहीं भी कोई अपराधी दिखाई दे, उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। वहीं दुकानदार सीसीटीवी लगवाएं और बाइक में व्हील लॉक व बड़े वाहन में गियर लॉक जरूर लगवाएं।

# सोनभद्र में अल्ट्रासाउंड के लिए नौ डायग्नोसिस सेंटर अनुबंधित

- शासन के निर्देश पर पीपीपी माडल के तौर पर शुरू हुई पहल, अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवती महिलाओं को मिलेगी निशुल्क सुविधा

**सोनभद्र।** जिले में मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए हर दिन प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग ने जिले में नौ अल्ट्रासाउंड सेंटर्स को अनुबंधित किया है। अब इन डायग्नोसिस सेंटर पर गर्भवती महिलाओं का अल्ट्रासाउंड किया जाएगा। जिला अस्पताल या किसी भी सीएचसी व पीएचसी से अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवती महिलाओं को एक रेफरल पर्चा मिलेगा। गर्भवती महिला उस रेफरल पर्चा को लेकर पास के संबद्ध अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जाएगी, टोकन देने के बाद उसकी जांच होगी। संबद्ध अल्ट्रासाउंड सेंटर एक माह में जितनी भी जांच करेंगे उसका भुगतान स्वास्थ्य विभाग करेगा। सरकारी अस्पतालों में गर्भवतियों को निशुल्क अल्ट्रासाउंड सुविधा न मिल पाने के कारण प्रदेश सरकार ने निजी सेंटरों को जोड़ने का काम किया है। आदिवासी बाहुल्य जनपद में यह व्यवस्था मील का पत्थर साबित होगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. आरएस ठाकुर ने बताया कि जनपद में गर्भवती महिलाओं को निशशुल्क अल्ट्रासाउंड की व्यवस्था प्रदान करने के लिए नौ अल्ट्रासाउंड सेंटर को अनुबंधित किया गया है। उन्होंने बताया कि सुरक्षित मातृत्व अभियान को जनपद मे बेहतर ढंग से संचालित किया जा रहा है। अब गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड की जांच करने के लिए सूची बनाकर रेफरल पर्चा के माध्यम से अनुबंधित अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भेजा जाएगा। जहां उनका निशशुल्क अल्ट्रासाउंड होगा। बताया कि इस संबंध में अनुबंधित अल्ट्रासाउंड केंद्रों को भी निर्देशित कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि शहरी क्षेत्र के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को इससे सबसे अधिक फायदा मिलेगा।

**यह है अनुबंधित नौ सेंटर :** अपर मुख्य चिकित्स अधिकारी डा. आर जी यादव ने बताया कि जिले में गर्भवती महिलाओं के निशशुल्क अल्ट्रासाउंड के लिए राबर्ट्सगंज स्थित प्रकाश एंड पवन डायग्नोस्टिक सेंटर, मेडिस्कैन डायग्नोस्टिक सेंटर, अपोलो डायग्नोस्टिक सेंटर, एसएसजी डायग्नोस्टिक सेंटर है। शक्तिनगर स्थित कृष्णा अल्ट्रासाउंड, अनपरा स्थित मैक्स डायग्नोस्टिक सेंटर, घोरावल स्थित समर डायग्नोस्टिक सेंटर, दुद्धी स्थित मिशन डायग्नोस्टिक सेंटर व प्रसाद डायग्नोस्टिक सेंटर को अनुबंधित किया गया है। जहां गर्भवती महिलाओं का निश्शुल्क अल्ट्रासाउंड होगा।

# हर माह की 15 तारीख को स्वास्थ्य इकाइयों पर मनेगा निक्षय दिवस

- प्रदेश में 5.5 लाख टीबी मरीजों की अधिसूचना का लक्ष्य
- 15 तारीख को अवकाश होने पर अगले दिन मनेगा दिवस

**संवाददाता।** मीरजापुर

**देश को** वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त बनाने के प्रधानमंत्री के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से नित नए कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में अब निर्णय लिया गया है कि टीबी मरीजों की शीघ्र पहचानए गुणवत्तापूर्ण इलाज और योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हर माह की 15 तारीख को प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा। किसी भी महीने में 15 तारीख को अवकाश की स्थिति में निक्षय दिवस अगले कार्य दिवस पर मनाया जाएगा।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन.उत्तर प्रदेश की मिशन निदेशक अपर्णा उपाध्याय ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र जारी किया है। इसके माध्यम से उन्होंने अवगत कराया है कि टीबी एक प्रमुख सामाजिक समस्या है । भारत विश्व के 20 फीसद रोगियों के साथ सबसे अधिक टीबी ग्रसित व्यक्तियों का देश है। प्रदेश में क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 5०5 लाख अधिसूचना का लक्ष्य केंद्र सरकार द्वारा तय किया गया है । इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ही प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयों पर सामूहिक प्रयास की जरूरत है। सेंट्रल टीबी डिविजन के निर्देशों के अनुक्रम में क्षय रोगियों के पूर्ण स्वस्थ होने के लिए गुणवत्तापूर्ण सुविधा मुहैया कराने के लिए प्रदेश के समस्त जनपदों में हर माह की 15 तारीख को सभी जनपद एवं ब्लाक स्तरीय पीएचसी और आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर निक्षय दिवस मनाया जाएगा।

निक्षय दिवस से पहले आशा कार्यकर्ता गृह भ्रमण कर टीबी के बारे में और दिवस के आयोजन के बारे में समुदाय को जागरूक करेंगी। स्वास्थ्य इकाइयों पर एलईडी के जरिये टीबी के बारे में जागरूकता सम्बन्धी फिल्म भी प्रसारित की जाएगी। निक्षय दिवस की उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर भी प्रदर्शित किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता संभावित टीबी मरीजों की सूची तैयार कर उन्हें हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तक लाने का कार्य करेंगी । कम्युनिटी हेल्थ आफिसर ;सीएचओद्ध द्वारा मरीजों की प्रारम्भिक जांच ; उपलब्धता के आधार परद्ध एचआईवीए डायबिटीज और अन्य जांच सुनिश्चित की जायेगी । इसके अलावा बलगम का नमूना लिया जायेगा और उसे निक्षय पोर्टल पर प्रिजमिटिव आईडी बनाते हुए नजदीकी टीबी जांच केंद्र पर भेजा जाएगा । निक्षय दिवस पर ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या के सापेक्ष 10 प्रतिशत मरीजों की बलगम जांच सुनिश्चित की जायेगी। सीएचओ और आशा द्वारा निक्षय दिवस पर मिलने वाली सुविधाओं का प्रचार.प्रसार भी किया जाएगा । सीएचओ जाँच में टीबी की पुष्टि वाले मरीजों के परिवार के अन्य सदस्यों की भी टीबी स्क्रीनिंग सुनिश्चित करेंगे। आशा कार्यकर्ता निक्षय दिवस पर टीबी मरीजों के बैंक खाते का विवरण आशा संगिनी को मुहैया कराएंगी और आशा संगिनी सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर ;एसटीएसद्ध को निक्षय पोर्टल पर दर्ज कराने को देंगी। इस दिवस पर प्राइवेट प्रैक्टिशनर को टीबी नोटिफिकेशनए कांटेक्ट ट्रेसिंग और फालोअप के लिए प्रेरित किया जाएगा।

**इन बिन्दुओं पर होगा खास ध्यान-**

- निक्षय दिवस पर स्वास्थ्य इकाई पर आने वाले संभावित टीबी मरीजों की सूची के अनुसार उनकी जांच करायी जाएगीए एचआईवी.डायबिटीज की भी जाँच होगी
- स्वास्थ्य इकाइयों पर सम्भावित मरीजों के बैठने की खुली जगह हो और इकाई के बाहर खुले स्थान पर बलगम के नमूने लेने के लिए कफ कार्नर बनाये जाएँ
- क्षय रोगियों के लिए हर जरूरी दवाएं मुफ्त उपलब्ध हों
- स्वास्थ्य इकाई पर टीबी की जाँचए उपचार के बारे में परामर्श की व्यवस्था की जाए
- जनपद स्तर पर सीएमओ की अध्यक्षता में हर माह की 16 तारीख को मासिक बैठक कर निक्षय दिवस के समस्त कार्यों की समीक्षा हो और समस्त प्रकरणों का निस्तारण किया जाए और अगले दिन उस बारे में जिलाधिकारी को अवगत कराया जाए

**संभावित क्षय रोगियों की पहचान के लिए प्रमुख लक्षण-**

- दो सप्ताह या अधिक समय से खांसी होना
- दो सप्ताह या अधिक समय से बुखार आना
- वजन में कमी आनाध् भूख न लगना
- बलगम से खून आना।

## श्रृद्धा हत्याकांड
### पूर्वाग्रह बढ़ने की आशंका

**श्रृद्धा** वाकर हत्याकांड से हमारे पूर्वाग्रहों व पूर्वानुमानों के बढ़ने की आशंका है, जबकि इनसे बचा जाना चाहिए। श्रृद्धा वाकर हत्याकांड मुख्यधारा मीडिया व सोशल मीडिया में व्यापक आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। ऐसा होना असामान्य भी नहीं है क्योंकि इस प्रकरण में लोगों की दिलचस्पी पैदा करने वाले सारे तत्व मौजूद हैं। इसमें गैर-परंपरागत संबंध, अपराध, जघन्य हत्या, आदि शामिल हैं। श्रृद्धा की हत्या उसके लिव-इन पार्टनर आफताब अमीन पूनावाला ने बहुत क्रूर तरीके से की तथा उसकी लाश के टुकड़े कर उनको फेंक दिया। ऐसे विषयों पर अनेक विशेषज्ञों ने अपनी राय दी है जिनमें फारेंसिक विशेषज्ञ तथा मनोरोग विशेषज्ञ शामिल हैं। इसके साथ ही अनेक लोगों ने बिना मांगे सलाहें दी हैं तथा पूरी तरह पूर्वाग्रही टिप्पणियां की हैं। कुछ प्रतिक्रियायें काफी बेचैन करने वाली भी हैं, खासकर कुछ लोगों ने पीड़िता पर ही आरोप लगाए हैं। जनता के एक हिस्से की राय है कि नौजवानों व खासकर लड़कियों को अपनी स्वेच्छा से काम नहीं करना चाहिए और उनको कम से कम ऐसे काम नहीं करने चाहिए जिनको उनके माता-पिता नापसंद करते हों। ऐसी सोच रखने वालों का मानना है कि अपने 'बच्चों' के लिए माता-पिता ही सर्वोत्तम निर्णयकर्ता हैं, भले ही वे श्रृद्धा की तरह बीस वर्ष से अधिक आयु के ही क्यों न हो गए हों। यदि श्रृद्धा ने अपने माता-पिता की राय मान कर आफताब से संबंध तोड़ लिए होते तो वह आज जीवित होती। यह बात सच है, लेकिन यह भी सच है कि कुछ मामलों में माता-पिता परंपरागत रूढ़ियों के शिकार होते हैं और वे अपनी बेटियों को असहज हो चुके वैवाहिक संबंध बनाए रखने को समझाते व इसके लिए दबाव डालते हैं। इसका परिणाम अक्सर हिंसा और मृत्यु हो सकती है। यह सब इस उम्मीद से किया जाता है कि आखिरकार 'सब ठीक हो जाएगा'। हालांकि, तलाक व विवाह विच्छेद बुरे हैं, लेकिन खराब हो चुके वैवाहिक संबंध इनसे भी खराब हैं जहां



पत्नियों की अक्सर पिटाई होती है और इसके बावजूद लड़कियों के माता-पिता विवाह बनाए रखने पर जोर देते हैं। संक्षेप में कहा जाए तो हमेशा माता-पिता अपने बेटों व बेटियों के लिए सर्वोत्तम निर्णयकर्ता नहीं भी हो सकते हैं। इसके साथ ही यदि लड़कियों को स्वयं अपनी इच्छा से पसंद का अधिकार न हो तो उनको पढ़ाने-लिखाने से क्या लाभ? श्रृद्धा एक शिक्षित लड़की थी, एक बड़ी कंपनी में काम करती थी और स्पष्टत: वह वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर थी। उसे अपने लिए निर्णय लेने का अधिकार था और उसने वही किया।

संभवत: उसके कुछ निर्णय गलत थे। इसमें आफताब के हाथों भयानक पिटाई का शिकार होने के बावजूद उसके साथ बने रहना तथा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई न करना प्रमुख है। हम उसके निर्णयों की गंभीरता पर सवाल उठा सकते हैं, पर उसके निर्णय लेने के अधिकार पर नहीं। लेकिन दुर्भाग्य से कुछ लोग ऐसा भी कर रहे हैं और उनमें केवल सामाजिक रूप से कट्टरपंथी या प्रतिगामी तत्व ही शामिल नहीं हैं। इनमें कुछ ऐसे लोग भी हैं जो पूरे मामले को सांप्रदायिक रंग दे रहे हैं। कुछ लोग इसमें 'लव जिहाद' देखते हैं और वे इस विवाद की चिन्ता नहीं करते कि क्या ऐसी परिघटना का अस्तित्व है। हम निश्चित रूप से कह सकते हैं कि इस मामले में कोई 'जिहाद' नहीं था। इसके साथ ही लड़की की लाश को 35 टुकड़ों में काटने के कारण सभी मुसलमानों को राक्षसों की तरह पेश करना भी सही नहीं है। ऐसे जघन्य अपराध हर समुदाय के लोग कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ में 9 नवंबर को प्रिंस यादव को गिरफ्तार किया गया जिसने एक महिला की हत्या कर उसकी लाश को 6 टुकड़ों में काट कर कुंए में फेंक दी थी। कोई भी अपराध केवल एक समय किया गया अपराध होता है, इससे हमें अपने पूर्वाग्रहों को बढ़ावा नहीं देना चाहिए।

# आर्थिक रूप से गरीबों के प्रति न्याय

आर्थिक रूप से कमजोर तबकों-ईडब्लूएस को आरक्षण की अनुमति देकर सर्वोच्च न्यायालय ने नैतिक रूप से सही व विधिक रूप से मजबूत निर्णय किया है।

**विवेक गुमास्ते**
(लेखक, राजनीतिक टिप्पणीकार हैं।)



सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के 103वें संशोधन को उचित माना है। इस संशोधन से गैर-आरक्षित श्रेणियों के आर्थिक रूप से कमजोर तबकों-ईडब्लूएस को शैक्षणिक संस्थाओं व नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण का प्राविधान किया गया है। हालांकि, इसका भारी विरोध भी हो रहा है। इसका विरोध करने वालों का कहना है कि यह संशोधन न केवल संविधान में उल्लिखित समता की अवधारणा का उल्लंघन करता है, बल्कि इस आधार पर ही सवाल उठते हैं जो आरक्षण को उचित ठहराता है। इस संविधान संशोधन व सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध करने वालों में तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रविड़ मुन्नेत्र कझगम-डीएमके अग्रणी भूमिका निभा रही है। हालांकि, शुरुआत में जाति व्यवस्था का जन्म एक प्रकार से श्रम-विभाजन पर आधारित था, पर बाद में समय बीतने के साथ यह विकृत होती गई। कालान्तर में यह भेदभाव का निन्दनीय उपकरण जैसी बन गई। इस विकृति के चलते जनसंख्या का एक बड़ा हिस्सा केवल परंपरागत छोटे-मोटे कामों या शारीरिक श्रम तक केन्द्रित रह गया तथा उसे शिक्षा से वंचित कर उसकी सामाजिक गतिशीलता में बाधा डाली गई। इससे उसकी ऊपर की ओर प्रगति लगभग बंद हो गई। इस सामाजिक अन्याय को दूर करने के लिए भारत ने असाधारण रूप से स्वतंत्रता के बाद जाति-आधारित सकारात्मक कार्रवाई की योजना बनाई। दुनिया का कोई भी दूसरा देश इस प्रकार की सकारात्मक कार्रवाई का दावा नहीं कर सकता है जो इतनी व्यापक व इतनी महत्वाकांक्षी हो।

शुरुआत में जाति-आधारित आरक्षण केवल अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों तक सीमित था। उनको शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, सरकारी नौकरियों व विधायिका में क्रमश: 15 प्रतिशत व 7.5 प्रतिशत आरक्षण दिया गया था। 1980 में प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह ने मंडल रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए अन्य पिछड़े वर्गों-ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण देने की घोषणा कर दी। केन्द्र सरकार ओबीसी में शामिल जातियों-समुदायों की सूची रखती है। इसके बाद वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा नीत राजग सरकार ने सामान्य श्रेणी वाले उम्मीदवारों में आर्थिक रूप से कमजोर-ईडब्लूएस श्रेणी के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण लागू किया। ईडब्लूएस आरक्षण पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध करते हुए डीएमके के प्रवक्ता मनुराज शन्मुगसुंदरम ने इंडियन एक्सप्रेस में 11 नवंबर, 2022 को एक लेख लिखा। उनके अनुसार, 'आरक्षण गरीबी उन्मूलन की व्यवस्था नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय यह पहचानने में विफल रहा है कि आरक्षण का आर्थिक आधार पर विस्तार करने वाला संविधान का 103वां संशोधन उचित नहीं है। 1992 में इंदिरा साहनी बनाम केन्द्र सरकार में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से कहा था कि पिछड़ापन निर्धारित करने में आर्थिक स्थिति कभी भी एकमात्र आधार नहीं हो सकती है।'

यह सच है कि आरक्षण मूलत: एक गरीबी उन्मूलन योजना नहीं है। लेकिन यह विश्वास करना भी नौसिखियापन होगा कि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों व अन्य पिछड़े वर्गों के लिए शैक्षणिक

> डीएमके का एजेंडा अपरिहार्य रूप से कुछ समुदायों के खिलाफ घृणा पर आधारित है। एक समुदाय के लोगों को अपमानजनक रूप से 'पप्पन' कहा जाता है और इसके साथ ही एक कहावत जोड़ दी गई है कि 'यदि तुम एक पप्पन व सांप को एकसाथ देखो तो पहले पप्पन को मारो।'

संस्थानों व नौकरियों में आरक्षण के निर्णय की संस्तुति में आर्थिक विपन्नता को केन्द्रीय स्थान नहीं दिया गया था। यदि केवल प्रतिनिधित्व ही एकमात्र आधार होता तो केवल विधायिकाओं में आरक्षण ही काफी था और शैक्षणिक संस्थाओं व नौकरियों में आरक्षण की जरूरत ही नहीं थी। दूसरा, यह समझना कठिन है कि सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों-ईडब्लूएस को राहत देने से जाति-आधारित आरक्षणों का लाभ उठाने वाले लोगों पर नकारात्मक प्रभाव कैसे पड़ेगा। ऐसा खासकर इसलिए भी है कि ईडब्लूएस आरक्षण से जाति-आधारित आरक्षण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। इस प्राविधान से एससी, एसटी व ओबीसी का पहले से आधारित आरक्षण कोटा यथावत बना रहेगा। एक और वंचित वर्ग को राहत देने से वर्तमान आरक्षण व्यवस्था से लाभान्वित विशिष्ट लोग कम असमान नहीं हो जाएंगे। यह तर्क उसी प्रकार गलत है जैसा तर्क सीएए-विरोधी आंदोलन में दिया गया था।

पिछड़ेपन के आर्थिक संकेतक का प्रयोग करने के बारे में बहुमत का निर्णय देने वाले जस्टिस पी.बी. पारदीवाला ने स्पष्ट किया है कि 'लंबे समय से जारी विकास व शिक्षा के प्रसार के कारण पिछड़े वर्गों के पहचान और निर्धारण के तरीकों की समीक्षा करना बहुत जरूरी हो गया है। इसके साथ ही यह निर्धारित करना भी जरूरी हो गया है कि पिछड़ेपन के निर्धारण का आधार वर्तमान स्थितियों के अनुकूल है या नहीं।' इस प्रकार जहां इंदिरा साहनी बनाम भारत सरकार मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भले ही यह फैसला दिया हो कि केवल आर्थिक आधार ठीक नहीं है, पर यह कोई पत्थर की लकीर नहीं है। बदलती परिस्थितियों के अनुसार आधार बदलने की आवश्यकता भी हो सकती है। वर्तमान समय में हमें अन्य वंचित वर्गों की पहचान के लिए जाति से आगे जाने की आवश्यकता है ताकि एक सचमुच समावेशी समाज बनाया जा सके। इस प्रकार ईडब्लूएस को स्वीकार करने वाले सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का विरोध केवल उदारवादी दृष्टिकोण से न होकर वैचारिक तथा राजनीति से प्रेरित है। डीएमके जैसी पार्टियों को जातीय टकराव से लाभ मिला है, भले ही वे हाशियाकृत समुदायों की पैरोकार के रूप में स्वयं को पेश करती हों। वे हमारे समाज में विभाजक रेखायें बनाए रखना चाहती हैं तथा स्वयं को राजनीतिक रूप से प्रासांगिक बनाए रखने के लिए जातीय पहचानों को बढ़ावा देना चाहती हैं।

सभी जानते हैं कि सामाजिक प्रगति का डीएमके का एजेंडा अपरिहार्य रूप से कुछ समुदायों के खिलाफ घृणा के प्रति-विमर्श पर आधारित है। एक समुदाय के लोगों को अपमानजनक रूप से 'पप्पन' कहा जाता है और इसके साथ ही एक कहावत जोड़ दी गई है कि 'यदि तुम एक पप्पन व सांप को एकसाथ देखो तो पहले पप्पन को मारो।' विडंबना है कि यह कहावत तमिलनाडु की मुख्यधारा कहावतों में शामिल हो गई है। इससे स्पष्ट होता है कि एक प्रकार के भेदभाव से दूसरे प्रकार के भेदभाव को सही ठहराया जाता है। इस प्रकार जाति-आधारित आरक्षण अनन्त काल तक लागू होने वाली अवधारणा नहीं बन सकता है। यह अपने आप में कोई इलाज नहीं है और अनन्त काल तक बनाए रखने पर यह उस उद्देश्य को ही समाप्त कर देगा जिसके लिए इसे बनाया गया था। ईडब्लूएस आरक्षण को उचित ठहराने के पक्ष में सर्वोच्च न्यायालय के जस्टिस पी.बी. पारदीवाला ने कहा, 'आरक्षण अपने आप में कोई लक्ष्य न होकर एक माध्यम है। यह सामाजिक व आर्थिक न्याय प्राप्त करने का माध्यम है। आरक्षण को एक निहित स्वार्थी तत्व बनने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

वास्तव में असली समाधान उन कारणों की समाप्ति होगी जिनके चलते सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक पिछड़ापन पैदा हुआ है।' इसके साथ ही अल्पमत का पक्ष रखने वाले जस्टिस एस. रवीन्द्र भट ने हमें बाबा साहेब अंबेडकर की वह समझदारी भरी चेतावनी याद दिलाई है कि आरक्षण को एक अस्थाई व अपवाद वाली व्यवस्था के रूप में देखा जाना चाहिए क्योंकि 'ऐसा न होने पर उससे समता के नियम को नुकसान पहुंचेगा।'

# 2024 में तमिलनाडु पर भाजपा की नज़र



**कल्याणी शंकर**
(लेखिका, प्रख्यात राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)

दशकों तक कड़ी मेहनत करने के बावजूद, कर्नाटक को छोड़कर दक्षिणी राज्यों में भाजपा की उपस्थिति बहुत कम है या नहीं है। दक्षिण ने 129 लोकसभा सीटों का योगदान दिया है, जिनमें से भाजपा के पास केवल 29 हैं। विशेष रूप से, तमिलनाडु में राजनीतिक मंथन हो रहा है, जहां भाजपा अपने सहयोगी अन्नाद्रमुक पर गुल्लक की सवारी करने वाले स्थान पर कब्जा करने के लिए पूरी तरह तैयार है। पार्टी के रणनीतिकारों ने 2024 के चुनावों में अपनी समग्र स्थिति को बनाए रखने और सुधारने के लिए दक्षिण में प्रवेश करने की आवश्यकता महसूस की है और इसके %%ऑपरेशन दक्षिण विजय%% को पढ़ा है। इसका उद्देश्य उत्तर-दक्षिण के अंतर को कम करना और 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी करना है। हिमाचल प्रदेश और गुजरात में विधानसभा चुनाव के बाद इसे गति मिलेगी। निर्धारित संसद चुनावों से लगभग दो साल पहले, भाजपा ने दक्षिण भारत में दो बड़े लक्ष्यों की पहचान की है - तमिलनाडु और तेलंगाना (दोनों क्षेत्रीय दलों द्वारा शासित)। कर्नाटक के चुनाव कुछ महीने दूर हैं और तेलंगाना में एक साल से भी कम समय में चुनाव होंगे। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं ने अधिक बार दक्षिण का दौरा करना शुरू कर दिया है। तमिलनाडु ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में एक चुनौती पेश की। प्रमुख द्रविड़ दलों से निडर होकर भाजपा खुद को तीसरे विकल्प के रूप में पेश करने की कोशिश कर रही है। भाजपा कई कारणों से राज्य में असफल रही है। पहला, निर्णायक द्रविड़ नेतृत्व की बराबरी करने के लिए राज्य के लंबे, करिश्माई नेताओं को विकसित करना अभी बाकी है। दूसरे, तमिलनाडु ने पांच दशकों से अधिक समय से द्रविड़ विचारधारा को अपनाया है। यहां तक ??कि कांग्रेस ने 1967 के बाद अपना प्रभुत्व खो दिया जब द्रमुक ने राज्य पर कब्जा कर लिया। तब से, दो मुख्य द्रविड़ दल - छ्रस्र्ब्य और,ढ्डछ्रस्र्ब्य - बारी-बारी से राज्य पर शासन कर रहे हैं। भाजपा के हिंदुत्व को राज्य में कोई अपील नहीं मिली है।

तीसरा, तमिलनाडु स्कूलों में हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में थोपने का विरोध करता है। चौथा, तमिलनाडु में जातिगत गठबंधन और सामाजिक



न्याय के लिए कोई अपील नहीं है। इसलिए, कांग्रेस, भाजपा, भाकपा और माकपा जैसे राष्ट्रीय दल द्रमुक और अन्नाद्रमुक गठबंधन पर गुल्लक की सवारी कर रहे हैं। 2024 के चुनावों के लिए भाजपा की तैयारी उसके प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई के साथ हाल ही में मदुरै में आयोजित एक पार्टी सम्मेलन में चुनावी बिगुल फूंकने के साथ शुरू हुई। इसके साथ ही पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की यात्रा से बढ़ावा मिला। मोदी के आधिकारिक दौरे के बाद से सभी पार्टियों में राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं

शाह ने चेन्नई में भाजपा मुख्यालय कमालय में लंबी बैठक की और पार्टी की चुनावी रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने दो दिग्गज नेताओं - एम. करुणानिधि (द्रमुक) और जे. जयललिता (एआईएडीएमके) के निधन के बाद राज्य में वर्तमान शून्य का उपयोग करने की आवश्यकता पर बल दिया। जबकि एम.के. स्टालिन राज्य पर शासन कर रहे हैं, अन्नाद्रमुक लगभग नेतृत्वहीन है, जबकि कानूनी और राजनीतिक तकरार में फंस गया है। यदि भाजपा युद्धाभ्यास कर सकती है, तो यह आंशिक रूप से अन्नाद्रमुक की खोई हुई जमीन को पुन: प्राप्त करने के लिए अपर्याप्त शक्ति के लिए धन्यवाद है। अन्नाद्रमुक आज एक विभाजित पार्टी है और गुटबाजी से ग्रस्त है। पार्टी के दो समूह- दो पूर्व मंत्रियों, एडापडी पलानीस्वामी (ईपीएस) और ओ पन्नीरसेल्वम (ओपीएस) के नेतृत्व में, इसके नेतृत्व के लिए कानूनी और राजनीतिक रूप से लड़ रहे हैं। तीन दशक से अधिक समय से जयललिता की साथी वीके शशिकला ने जेल से रिहा होने के बाद पार्टी पर कब्जा करने की धमकी दी। उनके भतीजे टीटीवी दिनाकरन ने पहले ही अपनी पार्टी एएमएमके का गठन कर लिया है और 2021 में चुनाव लड़ा लेकिन पांच प्रतिशत वोट शेयर के साथ। इस चार-तरफा विभाजन और एकजुटता के बिना, पार्टी को स्पष्टीकरण की आवश्यकता है।

भाजपा अन्नाद्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा होगी। फिर भी, यह स्टालिन सरकार की आलोचना करने वाले मुख्य विपक्षी दल के रूप में कार्य करता है। करुणानिधि और जया की मृत्यु के बाद भी, दोनों द्रविड़ दलों के पास 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर हैं जबकि भाजपा को सिर्फ 3 प्रतिशत वोट मिले हैं। मुख्य विपक्षी दल, अन्नाद्रमुक के अलावा, राज्य में कई छोटे लेकिन महत्वपूर्ण राजनीतिक दल हैं, जैसे कि पीएमके, डीएमडीके, नाम तमिलर काची, एमडीएमके और राष्ट्रीय स्तर की कांग्रेस पार्टी, सभी कुछ प्रभाव के साथ हैं। और समुदाय जाति-तटस्थ छवि बनाए रखते हैं। पार्टी नादारों, गौंडरों और देवेंद्र कुला वेल्लालर के मौजूदा इलाकों से अपनी पहुंच बढ़ाने की कोशिश कर रही है।

थूथुकुडी तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी के पश्चिमी और दक्षिणी जिलों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पार्टी ने 2024 में महत्वाकांक्षी 20 प्रतिशत वोट शेयर और कम से कम 10 लोकसभा सीटों का लक्ष्य रखा है। हालांकि, दो गठबंधनों के गठबंधन वाले हिस्से को अभी भी तय करने की जरूरत है। आखिरकार, फैसला करने के लिए दो साल का समय है क्योंकि कम्युनिस्ट पार्टियों को छोड़कर सभी पार्टियों का दिमाग खुला है। बीजेपी स्टालिन को कांग्रेस को छोड़ने के लिए कहेगी। ईपीएस गुट भाजपा को छोड़ना चाहता है और यहां तक कि अन्य छोटी पार्टियों के साथ भी जाना चाहता है।

ऐसे बदलते समीकरणों के साथ, अब भविष्यवाणी करना मुश्किल है, लेकिन दोनों गठबंधनों में डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन स्थिर लगता है। राजनीति में एक हफ्ता लंबा और दो साल बहुत लंबा बताया जाता है।

## आप की बात

### सड़क सुरक्षा

**सरकार** द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमो को प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाने के लिये पाठ्यक्रम में शामिल करने का विचार सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने का बेहतरीन प्रयास है। सड़क हादसों में प्रतिवर्ष लाखों लोग दुर्घटनाग्रस्त होते है।जिनमे लाखो लोगो की मौत और विकलांग हो जाते है। सड़क पर यातायात के नियमो का पालन करके काफी हद तक दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है। दोपहिया चालको को हेलमेट और चार पहिया वाहनों को सीटबेल्ट की अनिवार्यता का ज्ञान सभी को होना चाहिये। सुरक्षित यातायात के नियमो के पालन के साथ सरकार को गुणवत्तापूर्ण सड़को के निर्माण की ओर ध्यान देना चाहिये। सरकार द्वारा सड़को पर चलने वाले वाहनों से रोडटैक्स टोलटैक्स से करोड़ो रूपये टैक्स लिया जाता है। इस टैक्स से अच्छी सड़के हर पांच किलोमीटर पर सीसीटीवी कैमरे आदि लगवाए जा सकते है। बच्चो को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर सरकार प्रशासनतन्त्र को भी सक्रिय और जवाबदेह बनाने की ओर ध्यान देना चाहिये। पैदल चलने वालों को भी सड़क सुरक्षा नियमों का जरूर पालन करना चाहिए।

**कुलदीप मोहन त्रिवेदी,** उन्नाव

### गुजरात चुनाव

**गुजरात** चुनाव न केवल सत्ता पक्ष भाजपा के लिए बल्कि कांग्रेस के लिए भी अहम् हैं क्यूंकि जिस तरह की कड़ी टक्कर कांग्रेस ने 2017 में भाजपा को दी थी, उन्हें उसको और मजबूत करके भाजपा को असली में चुनौती देनी चाहिए थी मगर जिस तरह से स्वयं राहुल गाँधी ने आखिर क्षणों में गुजरात में प्रवेश किया है उससे साबित हो जाता है कि कहीं न कहीं कांग्रेस न तो गंभीर थी इन चुनावों के प्रति और इसके अतिरिक्त उन्होंने अपनी हार भी स्वीकार कर ली है लगता है। कांग्रेस को यह चुनाव अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ने चाहिए थे और भारत जोड़ो यात्रा को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर देना चाहिए था। कांग्रेस प्रमुख मलिकार्जुन खड़गे के लिए भी यह चुनाव एक चुनौती और अवसर दोनों ही थे मगर उन्होंने भी निराश किया है। आम आदमी पार्टी निसंदेह कांग्रेस की जगह लेगी इस प्रदेश में और कांग्रेस अगर 2024 में विपक्ष की धुरी बनने के सपने देख रहा था तो वह धूमिल हो गए हैं। लगभग सभी जनमत सर्वेक्षण गुजरात में भाजपा की प्रचंड विजय की भविष्यवाणी कर रहे हैं जो एक प्रकार से मोदी की परीक्षा भी हो सकते हैं।

**बाल गोविंद,** नोएडा

### आम आदमी पार्टी का सच

**मनी लॉन्ड्रिंग केस** में तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन का एक नया वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इस वीडियो में सत्येंद्र जैन लजीज खाना खाते नजर आ रहे हैं। एक शख्स उन्हें खाना परोसता दिख रहा है। इसके अलावा वो फ्ल खाते हुए देखे जा सकते हैं। कोर्ट में जैन के वकील ने दावा किया था कि जेल में उन्हें ठीक से खाना नहीं दिया जा रहा है जिसके चलते उनका वजन गिर गया है, लेकिन तिहाड़ जेल के सूत्रों का दावा है कि जैन का वजन जेल में 8 किलो बढ़ गया है! पहले जेल में मालिश फिर लग्जरी खाना और बीमारी का बहाना! अब मंत्रियों के लिए या तो फाइव स्टार होटल में कमरे में अस्थाई जेल बनाने का नियम बनाया जाए या उन्हें प्रदेश के बाहर की जेल में रखने का नियम बनाया जाना चाहिए! आम कैदियों के लिए साधारण खाना भी बेस्वाद व जला भुना होता है वही नेताओं के लिए लग्जरी व्यवस्था न्याय व्यवस्था के मखौल के साथ ही आम व खास के फर्क को रेखांकित करती है। इससे आम आदमी पार्टी की सच्चाई भी सामने आ गई है।

**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**क्षत्रपति** शिवाजी महाराज प्राचीन युग के एक प्रतीक हैं।

– **भगत सिंह कोश्यारी**
महाराष्ट्र के राज्यपाल



**वे** इसे मालिश व वीआईपी इलाज कहते हैं, पर वास्तव में यह केवल फिजियोथेरेपी है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**ब्रिटेन** ईयू कानूनों से जुड़े यूरोप के साथ कोई जुड़ाव नहीं रखेगा।

– **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री

# सीएम योगी आज आएंगे संगम नगरी, देंगे सौगात

### ● सीएम के दौरे को लेकर तैयारियां हुईं तेज

पायनियर समाचार सेवा। **प्रयागराज**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** 24 नवम्बर को प्रयाग आएंगे। दोपहर करीब दो सीएम योगी संगम नगरी आएंगे। भाजपा मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि सीएम योगी परेड मैदान में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। प्रयागराज को कुल 1294 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात सीएम योगी देंगे। 325 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण और 969 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। सम्मेलन में दस हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की जा रही है।

सीएम योगी 2023 में लगने वाले माघ मेले और 2025 के महाकुंभ मेले को लेकर भी समीक्षा बैठक करेंगे। निकाय चुनाव के पहले सीएम योगी का दौरा बेहद अहम माना जा रहा है। सीएम के साथ सूबे के दोनों डिप्टी सीएम भी मौजूद रहेंगे। निकाय चुनाव से पहले यहां से 15 लाख वोटरों को रिझाने की बड़ी कोशिश होगी।

## अधिवक्ता समाज का महत्वपूर्ण अंगः गणेश केसरवानी

**प्रयागराज।** विधि प्रकोष्ठ महानगर प्रयागराज के महानगर संयोजक जयवर्धन त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में व्यापक जनसंपर्क का अभियान चलाया। वरिष्ठ अधिवक्ताओं और युवा अधिवक्ताओं के बीच उपस्थित होकर 24 नवंबर को योगी आदित्यनाथ द्वारा संबोधित प्रबुद्ध सम्मेलन में आने हेतु सभी को निमंत्रण दिया। अधिवक्ता समाज के प्रबुद्ध वर्ग के एक महत्वपूर्ण अंग के रूप में कार्य करता है। अधिवक्ता समाज को एक सही दिशा में ले जाने के लिए हमेशा कार्य करता रहता है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं में बार के अध्यक्ष राधाकांत ओझा ने अपने पदाधिकारी कक्ष में सभी का स्वागत किया व कहा



अधिवक्ताओं से मिलते महानगर अध्यक्ष गणेश केशरवानी।

की बड़ी संख्या में अधिवक्ता इस प्रबुद्ध सम्मेलन में उपस्थित रहेगा। हाईकोर्ट कैंटीन में वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेंद्रनाथ सिंह राकेश पांडे बबुआ अशोक खरे शशिनंदन सिंह आदि सभी ने गणेश केसरवानी व जयवर्धन त्रिपाठी के कार्यों की सराहना की। अरविंद सिंह देवेंद्र नाथ मिश्रा अखिलेश मिश्रा राजू पाठक राजेश केसरवानी शक्ति सिंह जितेंद्र सिंह शिवानु मिश्रा आंचल ओझा श्याम प्रकाश पांडे आनंद द्विवेदी डीएन त्रिपाठी विनोद पांडेय जयंत श्रीवास्तव हिमांशु द्विवेदी सोमेश नीतीश अभिजीत वीरेंद्र तिवारी अखिलेश ओझा सुरेंद्र मिश्रा नीरज त्रिपाठी सत्यम पांडे अमित दुबे संजय मिश्रा सत्यवान सिंह विभूति त्रिपाठी शैलेश पांडे राजकुमार मिश्रा आदि सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। संचालन महानगर संयोजक विधि प्रकोष्ठ जयवर्धन त्रिपाठी द्वारा किया गया। इसके अलावा प्रबुद्ध सम्मेलन के सफल बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रयागराज महानगर के द्वारा मंडल स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग भाग लिया और उन्होंने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए संकल्प लिया। मंडल की बैठक में महानगर मंडल मोर्चा प्रकोष्ठ प्रकल्प के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रयागराज पहुंचने पर भाजपाइयों ने किया उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य का भव्य स्वागत

**प्रयागराज।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या के आगमन पर भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बमरौली एयरपोर्ट एवं क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद सर्किट हाउस के सभागार में पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने मां विंध्यवासिनी का अंगवस्त्रम पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनता दर्शन के माध्यम से जनसुनवाई की और जनता की आई हुई समस्याओं को अधिकारियों को अवगत करा कर उन्हें तत्काल निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सांसद केसरी पटेल विधायक प्रवीण पटेल गुरु प्रसाद मौर्य क्षेत्रीय महामंत्री सुशील त्रिपाठी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता जिला अध्यक्ष यमुनापार विभव नाथ



उप मुख्यमंत्री का स्वागत करते भाजपाई।

भारती जिला अध्यक्ष गंगा पार अश्वनी दुबे पूर्व विधायक दीपक पटेल एमएलसी निर्मला पासवान पार्षद किरन जायसवाल पार्षद पवन श्रीवास्तव कुमार नारायण शशि वार्ष्णेय राजेश केसरवानी विवेक अग्रवाल राजू पाठक बृजेश मिश्रा अश्वनी सिंह पटेल राघवेंद्र सिंह सचिन जायसवाल दिलीप चतुर्वेदी आदि रहे।

## आग से कई बीघा गन्ने की फसल राख



**जाना बाजार।** अज्ञात कारणों से लगी आग से पछियाना मान का पुरवा के पास सड़क के किनारे लगा कई बीघा गन्ने की फसल जली पीआरवी पुलिस और फायर सर्विस के जवानों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया ।बुधवार को लगभग 3 बजे के आसपास हैदरगंज थाना क्षेत्र के पछियाना मान का पुरवा डड़िवा के पास अज्ञात कारणों से खड़ी गन्ने की फसल में आग लग गई। चक रोड के किनारे स्थित लगभग 9 बीघा के आसपास गन्ने की फसल में आग लगी। पीआरबी 0947 की पुलिस ने तत्काल फायर सर्विस को इसकी सूचना दे दी। फायर सर्विस के जवानों और पीआरवी पुलिस सहित ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। अन्यथा हवा के चलते लगभग सैकड़ों बीघा गन्ने सहित अन्य फसल जल जाती। आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस दौरान किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। वही इसकी सूचना ग्रामीणों ने हल्का लेखपाल प्रकाश तिवारी को उनसे दे दिया । हल्का लेखपाल जयप्रकाश तिवारी ने बताया कि बृजेश कुमार वर्मा पुत्र राम तीरथ वर्मा का 4 बीघाए शांति वर्मा पत्नी स्वर्गीय कल्पनाथ वर्मा का 4 बीघा और राकेश वर्मा का लगभग डेढ़ बीघे के आसपास गन्ने की फसल जल गई है । जिसकी नुकसानी का आकलन कर तहसील पर भेज दिया गया है।

## सफर में सतत सहयोग और लोगों को ज्यादा विकल्पः कपूर

**प्रयागराज।** ऑन डिमांड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी ने उत्तर प्रदेश के ग्यारह शहरों में परिचालन का विस्तार किया है। अब इन शहरों में भी कंपनी ऑनलाइन डिलीवरी की सेवा प्रदान कर रही है। सीईओ रोहित कपूर ने आज पत्रकार वार्ता में बताया कि पूरे शहर में विभिन्न रेस्टोरेंट के माध्यम से लोगों को सर्वश्रेष्ठ विकल्प देने की प्रतिबद्धता के साथ स्विगी घर बैठे पसंदीदा डिश पहुंचाते हुए स्वाद के दीवानों को लुभा रहा है। स्विगी की सुविधा जल्द ही देवरिया मैनपुरी पिलखुआ बलिया और गाजीपुर में भी उपलब्ध होगी। जहां लोग घर बैठे अपनी पसंदीदा डिश ऑर्डर कर सकेंगे। प्रयागराज में लोगों की पसंद बने हैं तीन रेस्टोरेंट अपने ऐतिहासिक गंतव्यों और शानदार खानपान के लिए प्रसिद्ध शहर प्रयागराज में लोग स्विगी के माध्यम से घर बैठे अपनी पसंद के भोजन का आनंद लेने में सक्षम हुए हैं।

## टीबी की पहचान कर जीती जा सकती है जंगः डीटीओ

**प्रयागराज।** गोद लिए हुए टीबी मरीजों को पोषण सामग्री बांटी जा रही है। भूपेन्द्र सिंह निवासी शंकरगढ़ चुनुवा किसान हैं। उन्हें कुछ समय पहले क्षय रोग हो गया। पुष्टि के बाद सरकारी अस्पताल से उन्हें निःशुल्क उपचार मिला। पोषण योजना के तहत पोषण किट के साथ ही बैंक खाते में पांच सौ रुपये राशि भी मिली थी। स्वास्थ्य विभाग की ओर से बेहतर तरीके से इलाज किया जा रहा है। समय रहते उनको पोषण सामग्री व दवाई भी उपलब्ध कराई गई। इसका उपयोग मैंने अपने खाने पीने में उपयोग किया। चिकित्सकों ने दोबारा भी जांच की। दवा का कोर्स भी पूरा हो गया है। नितीश यादव चौक निवासी के पिता ने बताया कि कुछ माह पहले बच्चे की तबियत ख़राब रहने लगी थी। जांच में टीबी निकली। इसके जिसके बाद बच्चे का इलाज शुरू किया गया और कोर्स भी पूरा हो रहा। इसी दौरान हमे बच्चे के लिए एक बार पोषण किट मिली थी जिससे काफी उम्मीद जगी थी लेकिन दोबारा पोषण किट नही मिली।

भूपेन्द्र नितीश तो सिर्फउदाहरण हैं।



डॉ अरुण कुमार तिवारी।

असल में जिले में ऐसे कई मामले हैं जो राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत लाभान्वित हो रहे हैं।

सीएमओ डॉ नानक सरन ने बताया कि वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में जिले में युद्धस्तर पर प्रयास हो रहे हैं। इसी क्रम में टीबी मरीजों को गोद लिया जा रहा है। समय के साथ मरीजों को गोद लेने वाले की संख्या बढ़ रही है। वर्ष 2019 में 41 वर्ष 2020 में 119 वर्ष 2021 में 600 और वर्ष 2022 में 2797 मरीजों को गोद लिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों के दवा खाने की अवधि कम से कम छह माह का होती है। उन्होंने गोद लेने वालों से अपील की है कि अपनी जिम्मेदारी निभाते रहे हैं। निक्षय मित्र बनने के लिए वेब साइट पर जाकर रजिस्टर करें। जिला क्षय रोग अधिकारी डीटीओ डॉ अरुण कुमार ने बताया कि मरीजों को गोद लेने वालों में नेशनल थर्मल पॉवर कारपरेशन लिमिटेड मेजा इफ्को प्रयागराज पॉवर जनरेशन कंपनी लि. जिला औषधि निरीक्षक गोविन्द का विशेष सहयोग शामिल है। डीटीओ ने बताया कि टीबी मरीजों के दवा खाने की अवधि कम से कम छह माह का होती है। टीबी का इलाज संभव टीबी कोई लाइलाज बीमारी नहीं है। सही समय पर उपचार कराने नियमित दवा और पौष्टिक आहार का सेवन करने से टीबी से छुटकारा आसानी से मिल सकता है। साथ ही परिवार के अन्य सदस्यों में भी इस बीमारी के प्रसार को रोकें। उन्होंने क्षय रोगियों से आह्वान किया कि सार्वजनिक स्थानों पर जाते समय मास्क का प्रयोग अवश्य करें। इससे टीबी संक्रमण के फैलाव को रोकने में मदद मिलेगी।

## विकास खंडों से 27 जर्जर भवनों का मूल्यांकन कराया गया

**अंबेडकर नगर।** पंचायत भवनों के नवनिर्माण से पहले जर्जर पंचायत भवनों को गिराया जाना है। विभाग ने विकासखंडों से 27 जर्जर भवनों का मूल्यांकन कराया है। मलबे से विभाग को लगभग 65 लाख रुपये की आय होगी। नए पंचायत भवन बनाने पर लगभग साढ़े छह करोड़ रुपये खर्च होना है। आधी धनराशि मनरेगा से एवं आधी वित्त आयोग से वहन की जाएगी। निर्माण पर 24 लाख 85 हजार रुपये खर्च होगा। 12 लाख 42 हजार रुपये मनरेगा से तथा 12 लाख 42 हजार रुपये वित्त आयोग से खर्च किया जाना तय हुआ है। बसखारी विकासखंड के शमशुद्दीनपुर को दो लाख 26 हजार 882 रुपये, कटेहरी ब्लाक के हरिनाथपुर को 76 हजार 652 रुपये, धर्मा मुबारकपट्टी को एक लाख 37 हजार 397 रुपये, अशरफपुर बरवां को एक लाख 86 हजार 88 रुपये, मंशापुर को दो लाख 23 हजार 808 रुपये, नरायनपुर को चार लाख 56 हजार 86 रुपये, भियांव ब्लाक के चैनपुर को दो लाख छह हजार 154 रुपये, करीमनगर को एक लाख 81 हजार 474 रुपये, भीटी ब्लाक के बीबीपुर सिटकहवां को तीन लाख 72 रुपये, उमरावां को चार लाख 62 हजार 899 रुपये, रामनगर ब्लाक के सरैया हरदो को दो लाख 60 हजार 999 रुपये, नयागांव को दो लाख 74 हजार 428 रुपये व बुकिया को चार लाख 14 हजार 669 रुपये, जहांगीरगंज ब्लाक के बसंतपुर छोटू को दो लाख 10 हजार 351 रु., टड़वा जलाल को दो लाख 36 हजार 946 रु., खरुवांव को दो लाख 42 हजार 115 रु., जलालपुर ब्लाक के अवधना इस्माइपुर को 43 हजार 411 रुपये, हैदराबाद को चार लाख 314 रुपये, अकबरपुर ब्लाक के सोनगांव को एक लाख 89 हजार 913 रु., समोखपुर को दो लाख नौ हजार 494 रु., कजरीनंदापुर को दो लाख 21 हजार 505 रु., बांसगांव को दो लाख 52 हजार 679 रु., कयामुद्दीननगर को दो लाख 55 हजार 871 तथा घूरहूपुर को दो लाख 69 हजार 69 रु., बूढ़नपुर को दो लाख 74 हजार 283 रुपये एवं टांडा ब्लाक के जगन्नाथपुर को चार लाख 20 हजार 87 रु. व अरसावां को चार लाख 64 हजार 859 रु. मिलेगा।

# अयोध्या विजन डाक्यूमेंट की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में अयोध्या विजन डाक्यूमेंट की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में सीडीओ अनिता यादव, अपर जिलाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के मुख्य अभियन्ता, अधिशाषी अभियन्ता एवं एक दर्जन से ज्यादा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। अयोध्या विजन 2047 की समीक्षा के दौरान अयोध्या हवाई अड्डा, श्रीराम जन्मभूमि के पास पहुंचने वाले मार्ग यथा.रामपथ ;सहादतगंज से नयाघाट तकद्धए भक्ति पथ ;श्रृंगारहाट से हनुमानगढ़ी होते हुये श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तकद्ध व जन्मभूमि पथ ;सुग्रीव किला से होते हुये श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तकद्ध मार्ग की समीक्षा की गयी। श्रीराम एयरपोर्ट में हवाई पट्टी के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अयोध्या बसखारी मार्ग तथा अन्य ऐसे सभी मार्ग जहां पेड़ों की कटाई हो रही है उनके संबंध में उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों से कहा कि ऐसे पेड़



जिनका पातन अभी शेष है उन सभी का एक नोट तैयार कर वन निगम के अधिकारियों को उपलब्ध करा दे जिससे उनका पातन शीघ्रता के साथ किया जा सके। अयोध्या बिल्हरघाट बन्धा मार्ग में शेष भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही जल्द से जल्द पूर्ण किया जाय तथा अकबरपुर गोसाईगंज मार्ग में शेष खातेधारकों की रजिस्ट्री जल्द से जल्द करायी जाय तथा रजिस्ट्री के साथ कार्य भी चलता रहे। उन्होंने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाये ये ध्यान में रखकर कार्य करे कि जो भी कार्य वर्तमान में चल रहे है उन सभी कार्यो को दिसम्बर 2023 तक हर हालत में पूरा करना हैए इस हेतु सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी मिशन मोड में कार्य करे।

श्रम विभाग के अन्तर्गत निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का कार्य शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूर्ण कराने के निर्देश दिये। एनएचएआई द्वारा कराये गये कार्यो की समीक्षा करते हुये उन्होंने कहा कि अयोध्या बाईपास के सौन्दर्यीकरण के अन्तर्गत लाईटिंग की व्यवस्था और अच्छी की जाय तथा राष्ट्रीय राजमार्ग के सर्विस लेन को भी नियमित साफ कराया जाय। डीएम ने समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था लोक निर्माण, श्रम, धर्माथ कार्यए नगर निगम, नगर विकासए जल निगम, पावर कार्पोरेशन, अयोध्या विकास प्राधिकरण आदि विभागों की जो अयोध्या विजन से सम्बंधित है की समीक्षा गयी और कहा कि सभी विभागों के अधिकारी बेहतर समन्वय से कार्य करें।उन्होंने कहा कि शासन, मुख्यमंत्री आदि वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा भक्ति पथ, राम पथ, जन्मभूमि पथ, हवाई अड्डा आदि के निर्माण कार्यो की नियमित समीक्षा की जा रही है इसलिए सभी सम्बंधित विभाग निर्माण कार्यो को गुणवत्ता के साथ ससमय पूर्ण करें। बैठक में मण्डल स्तर के अधिकारी/अभियन्ता गण एवं अयोध्या विजन से जुड़े हुये विभागों के अधिकारी/कर्मचारियों ने भाग लिया।

# कोरोना संकट में अभिभावक खो देने वाले बच्चों से जिलाधिकारी संवाद करेंगे

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**आज कलेक्ट्रेट परिसर** में कोरोना संकट में अभिभावक खो देने वाले बच्चों से डीएम सैमुअल पॉल एन मिल के संवाद करेंगे। बताते चले कि कोविड महामारी के चलते कई बीते साल कई परिवार बिखर गया था। जनपद में भी लगभग कुल 91 बच्चों ने अभिभावक खो दिया है। जिनमें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत 88 बच्चों को शिक्षा हेतु प्रतिमाह चार हजार की धनराशि दी जा रही है। जिला प्रोबेशन अधिकारी राकेश कुमार ने बताया 3 बच्चों को पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत दस लाख रुपए प्रत्येक बच्चों के खाते में जमा करा दिया गया है। जब वह 23 वर्ष पूर्ण कर लेंगे उस पैसे को हायर एजुकेशन के लिए खर्च कर सकते हैं। राकेश कुमार ने बताया कि इन बच्चों से जिलाधिकारी संवाद करके पढ़ाई.लिखाई के बारे में पूछेंगे। उनकी परेशानियों के बारे में भी सवाल करेंगे।

### इस योजना के तहत बच्चों का सवरेंगा भविष्य

इन बच्चों के लिए इस योजना के तहत प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तरफ से ऐसे बच्चों को उनकी उच्च शिक्षा के लिए लोन चाहिए होगा तो पीएम केयर्स उसमें उनकी मदद करेगा। उनके लिए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के जरिए हर महीने 4 हजार रुपए की व्यवस्था भी की गई है। बच्चे पढ़ाई करेंगे तो आगे और भी पैसों की जरूरत होगी। उन्हें 18 साल से 23 साल तक स्टाइपेंड मिलेगा।

### जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताए पीएम केयर और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के लाभ

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बातचीत के दौरान बताया कि पीएम केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना का मकसद बच्चों को भोजन और घर उपलब्ध कराकर उनकी देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। शिक्षा और स्कॉलरशिप के जरिए सशक्त बनाने के साथ 23 साल की उम्र में 10 लाख रुपए की वित्तीय सहायता देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है।आज डीएम सैमुअल पॉल एन उनसे कार्यक्रम के दौरान बच्चों से उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य के बारे में जानकारी लेंगे। उन्होंने बताया कि सितंबर माह तक के पैसे बच्चों के खाते में भेजा जा चुका है।

## एडीएम ने साधन सहकारी धान क्रय केंद्र वरियावन का औचक निरीक्षण किया

**अंबेडकर नगर।** एडीएम अशोक कुमार कनौजिया द्वारा साधन सहकारी धान क्रय केंद्र वरियावन का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर रामधनी क्रय केंद्र प्रभारी उपस्थित रहे। कल तक कुल 05 किसानों से 142 क्विंटल धान की खरीद की जा चुकी हैं। मौके पर राजमन वर्मा निवासी बरियावन का धान तौल की जा रही थी। एक ट्राली खड़ी पाई गई। क्रय किया गया धान खुले परिसर में रखा पाया गया। एडीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि तत्काल धान को राइस मिल में भेजा जाए एवं गोदाम में रखने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बोरे पर्याप्त मात्रा में पाई गई। कांटे तथा नमी मापक यंत्र ठीक अवस्था में पाया गया। एडीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि कृषकों का धान क्रय करने में कोई लापरवाही ना बरती जाए। किसान मित्र ऐप के माध्यम से कृषक के बैंक अकाउंट के आधार सीडिंग की जांच अवश्य कर ली जाए एवं यदि आधार सीडिंग एवं एनपीसीआई पर मैप नहीं है।

# कष्ट दूर करती है श्रीराम कथाः देवेंद प्रसादाचार्य

### ● श्री राम कथा के साथ प्रारंभ हुआ दशरथ महल में विवाह महोत्सव, कथा सुन भाव विभोर हुए संत महंत

**अयोध्या।** अयोध्या के सिद्ध पीठ चक्रवर्ती सम्राट महाराज दशरथ जी के राजमहल बड़ा स्थान में हर्षोल्लास के साथ प्रारंभ हुआ विवाह महोत्सव। शुरुआत सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के साथ प्रारंभ हो गई है। सीताराम विवाह महोत्सव चक्रवर्ती सम्राट महाराजा दशरथ जी के राजमहल बड़ास्थान पीठाधीश्वर महंत बिंदुगाद्याचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज के पावन सानिध्य में मनाया जा रहा है और श्रीराम कथा के मर्मज्ञ तन तुलसी मिथिलापीठाधीश्वर स्वामी श्री विष्णुदेवाचार्य महाराज ने व्यासपीठ से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र का गुणगान करके लोगों को आनंदित कर रहे है। श्रीराम कथा और विवाह महोत्सव का शुभारंभ करते हुए स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य महाराज ने कहा कि



श्री राम कथा में व्यास पीठ पर विराजमान व्यास जी का पूजन करते महंत देवेन्द्र प्रसादाचार्य महराज, कृपालु राम भूषण दास महाराज

सिय रघुवीर विवाह जो सप्रेम गवाही सुनहीए तिन कहूं सदा उछाह मंगलाय तन रामजसु श्री महाराज ने बताया कि जो भी व्यक्ति प्रभु श्रीराम के विवाह को सुनता है गाता है श्रीराम कथा और रामलीला कराता है उसके सभी कष्ट दूर हो जाते हैं दशरथ राजमहल में सदियों से विवाह महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है और श्रीराम कथा प्रारंभ हो गया है। 28 नवंबर को भगवान की भव्य बारात निकाली जाए और रात्रि में विवाह संपन्न होगा।

श्री महाराज जी के कृपा पात्र शिष्य विवाह महोत्सव के संयोजक महंत कृपालु राम भूषण दास जी महाराज ने बताया कि दशरथ राजमहल में 23 नवम्बर से विवाह महोत्सव प्रारंभ हो गया है जो 29 नवंबर तक चलेगा उन्होंने बताया कि त्रेता युग में दशरथ जी राजमहल से जैसी बारात निकाले थे इस बार उतनी ही भव्यता से बारात निकाली जाएगी और प्रभु श्री राम का प्रभु का विवाह होगा। उन्होंने ने बताया कि श्रीराम कथा और रामलीला के साथ विवाह महोत्सव के कार्यक्रमों का शुभारंभ हो गया है। उन्होंने ने आए हुए अतिथियों संतो महंतों का स्वागत सत्कार किया।

## कृषि विश्वविद्यालय में एनसीसी का शुभारंभ 80 का नामांकन

**मिल्कीपुर अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि कुमारगंज अयोध्या में नेशनल कैडेट कोर के पाठ्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। विवि के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह एवं एनसीसी के यूपी. 65 बटालियन के कमांडिंग अधिकारी ने संयुक्त रूप से विवि परिसर में एनसीसी के कार्यालय का उद्घाटन किया तथा झंडारोहण भी किया। इस अवसर पर विवि में 80 छात्र.छात्राएं एनसीसी में अपना नामांकन कराया। यह छात्र.छात्राएं के एनसीसी के साथ.साथ अपनी पढ़ाई पूरी करेंगे। इस अवसर पर बोलते हुए कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह ने कहा की विवि में एनसीसी यूनिट खुलने से जहां एक तरफविवि की रैंकिंग में इजाफा होगा तो वहीं दूसरी तरफ इसका लाभ पढ़ाई करने वाले छात्र.छात्राओं को भी मिलेगा। डा. बिजेंद्र ने कहा कि एनसीसी में हिस्सा लेने वाले छात्रों को पैराग्लाइडिंग, डिसास्टर मैनेजमेंट व फर्स्ट एड जैसी कई चीजें सिखाई जाएंगी।


# विश्वविद्यालय किन्नरों की शिक्षा के लिए निरंतर चिंतनशीलः प्रो सीमा सिंह

### ● मुक्त विवि में किन्नर करेंगे नृत्य, सोहरः टीना मां

### ● मुफ्त शिक्षा के लिए किन्नर कल्याण बोर्ड ने की मुक्त विवि की सराहना

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज और किन्नर कल्याण बोर्ड मिलकर किन्नरों सामाजिक उत्थान के लिए उन्हें व्यावसायिक एवं उच्च शिक्षा में दीक्षित करेगा। इस संबंध में बुधवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह और किन्नर कल्याण बोर्ड उत्तर प्रदेश की सदस्य दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री एवं किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी टीना मां के साथ एक बैठक में कार्य योजना तय की गई। प्रारंभ में टीना मां ने कुलपति प्रो सीमा सिंह को अंग वस्त्र प्रदान कर आशीर्वाद प्रदान किया। राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर कौशल्यानंद गिरी टीना मां ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन में अंधकार है। मुक्त विश्वविद्यालय ने किन्नरों को मुफ्त शिक्षा देने की जो मुहिम प्रारंभ की है वह बहुत सराहनीय है। इससे किन्नर समाज को एक नई दिशा प्राप्त होगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वे किन्नर समाज को मुक्त विश्वविद्यालय के शैक्षिक कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराएंगी। इसके लिए किन्नर कल्याण बोर्ड की तरफ से किन्नर समुदाय की सूची तैयार करवाई जा रही है। जिसके उपरांत ही प्रवेश प्रक्रिया के बारे में विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के विभिन्न कार्यक्रमों में किन्नर समुदाय भी सोहर नृत्य संगीत के माध्यम से समाज में जागरूकता लायेगा। इस अवसर पर टीना मां ने सरस्वती परिसर में स्थापित राजर्षि टंडन की नवनिर्मित प्रतिमा पर माल्यार्पण



टीना मां को स्मृति चिन्ह देतीं कुलपति प्रो सीमा सिंह।

किया एवं अटल प्रेक्षागृह का अवलोकन किया।

इस अवसर पर कुलपति प्रो सीमा सिंह ने महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरि का विवि में स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम से स्वागत किया। कुलपति प्रो सीमा सिंह ने टीना मां को विश्वविद्यालय की प्रवेश विवरणिका तथा अन्य अध्ययन सामग्री प्रदान की। प्रो सिंह ने कहा कि विवि किन्नरों की शिक्षा के लिए निरंतर चिंतनशील एवं प्रयासरत है। कुलपति प्रो सिंह ने कहा कि राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देश पर मुक्त विश्वविद्यालय ने किन्नरों के कल्याण के लिए मुफ्त शिक्षा की जो पहल प्रारंभ की है। उसका लाभ किन्नर समुदाय तक पहुंच सके। इसके लिए किन्नर कल्याण बोर्ड और विश्वविद्यालय द्वारा मिलकर कार्य करने की दिशा के प्रयास का यह पहला कदम है। इस संबंध में शीघ्र ही एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाएगा। प्रो सिंह ने कहा कि हमने किन्नरों के समाज को शिक्षित करने के लिए जो पहल की है उसमें समाज का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमें सर्वसमावेशी समाज की स्थापना करनी है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो गिरिजा शंकर शुक्ला एवं निदेशक सीका प्रो आशुतोष गुप्ता मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र आदि उपस्थित रहे।

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 24 नवंबर, 2022



# कमिश्नर ने पकड़ा धान खरीद में फर्जीवाड़ा, केंद्र प्रभारी पर एफआईआर

संवाददाता। बरेली



**किसानों के** बजाय बिचौलियों से खरीदी जा रही फर्जी धान खरीद का कमिश्नर संयुक्ता समद्दार ने भंडाफोड़ कर दिया। मंगलवार दोपहर बाद नरियावल मंडी में लगे धान खरीद केंद्रों के निरीक्षण में कमिश्नर ने फर्जीवाड़ा पकड़ा। यूपीएसएस के केंद्र प्रभारी ने फर्जी मोबाइल नंबर डालकर नौ किसानों से 560 कुंटल धान की खरीद दिखाई। कमिश्नर ने मौके पर ही किसानों से मोबाइल नंबर पर बात कर पुष्टि की कोशिश की। आठ मोबाइल नंबर में अहमद रजा खान महेश पाल रामपाल के मोबाइल नंबर पर इनकमिंग नहीं थी। एक किसान जसोदा देवी के मोबाइल पर कॉल की गई तो कॉल किसी पुरुष ने रिसीव की। उसने धान बेचने से इनकार कर दिया। जिस पर यूपीएसएस इस्माइलपुर नरियावल मंडी के केंद्र प्रभारी संकल्प कटियार के खिलाफ थाना बिथरी चौनपुर में यूपीएसएस के क्षेत्रीय प्रबंधक ओमेंद्र कुमार की ओर से धोखाधड़ी, फर्जी किसानों के दस्तावेज तैयार करने, उनके नाम पर गहन जाँच कर आवश्यकता अनुसार सरकारी खरीद करने और सरकारी धन का गबन करने के आरोप में एफआईआरदर्ज कराई गई है। क्षेत्रीय साधन सहकारी समिति इस्माइलपुर के सेंटर इंचार्ज संकल्प कटियार से किसानों की फर्जी खरीद के संबंध में जवाब तलब किया गया। जिस पर वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए । इसके बाद उन पर विभागीय कार्रवाई के भी आदेश दिए गए हैं।

## निबंध प्रतियोगता में कुषाग्र त्रिवेदी प्रथम

संवाददाता। सीतापुर

**दीन दयाल** उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीतापुर में आयोजित महिला सशक्तिकरण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तूबा खान, द्वितीय स्थान अनन्या ठाकुर व तृतीय स्थान प्रियांशी मौर्या तथा सांन्त्वना पुरस्कार ताहा खान, पंकज कुमार व कुशाग्र त्रिवदी को मिला। निबन्ध प्रतियोगिता आधुनिक महिला की परिवार कल्याण में भूमिका पर सभी प्रतिभागियों ने बहुत ही सुन्दर विचार रखे। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुशाग्र त्रिवदी, द्वितीय स्थान अनन्या ठाकुर, माण्डवी शुक्ला, तृतीय स्थान रुहैफ अफजल तथा सान्त्वना पुरस्कार ईरा गुप्ता, संध्या कनौजिया को मिला। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार, डॉ0 प्रीति सिंह, मिशन शक्ति की संयोजक डॉ0 अनुपमा सिह, प्राध्यापक डॉ0 राजीव द्विवेदी, डॉ0 नीरज कुमार, डॉ0 शेखर सिंह, डॉ0 रबिन्दर कुमार शर्मा, डॉ0 बिपिन कुमार, डॉ0 कुँवर तिवारी, दिनेश कुमार सब्बरवाल, जगदीश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## सुमरावा चौकाघाट पर पुल न होने से ग्रामीण परेषान

**सीतापुर।** ब्लाक सकरन क्षेत्र के सुमरावा चौका घाट पर पुल ना होने से 15 किलोमीटर चक्कर काट कर आना जाना होता है। इस संबंध कई बार धरना देकर ज्ञापन भी दिया गया फिर भी पुल का निर्माण नहीं हो रहा है। लगातार अनदेखी से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीण कपिल लोधी, विनोद शुक्ला, रमेश निर्मल, उमेश पटेल, सोनेलाल लोधी, श्याम, गोपाल गोविंद, राम लखन मिश्रा, श्रवण कुमार, अवधेश, नंदकिशोर लोधी आदि ने चेतावनी दी है कि यदि एक माह में निर्माण कार्य नहीं शुरू हुआ तो वह लोग चौका घाट पर धरना प्रदर्शन करेंगे।

## क्विक न्यूज

### मंत्री डॉ0 अरुण कुमार ने वितरित की नि:शुल्क पॉपकॉर्न मेकिंग मशीन

**बरेली ।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा टूल-किट्स वितरण योजनान्तर्गत जनपद के परम्परागत कारीगरों (भुर्जी समाज) को स्वरोजगार उपलब्ध कराकर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चयनित लाभार्थियों को माननीय वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉ0 अरूण कुमार ने श्री कमल चन्द्र ग्राम सिमरावा पो0 नगरिया शेरगढ, श्री बृजनन्दन ग्राम चनेटा पोस्ट धनेटा मीरगंज, श्री अजय कुमार ग्राम मनकरा मीरगंज, श्री हेमराज ग्राम जाफरा पोस्ट गिरधरपुर बहेड़ी, श्री अषोक ग्राम घनघौरा पिपरिया, भोजीपुरा को कुल 05 नग आधुनिक पॉपकॉर्न मेकिंग मशीने नि:शुल्क वितरित की। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री अजय पाल ने दी है।

### ई-पॉक्सो पोर्टल पर अधिक से अधिक वादों की फीडिंग की जाये: जिलाधिकारी

**बरेली ।** जिलाधिकारी श्री शिवाकान्त द्विवेदी की अध्यक्षता में आज अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ई-पॉक्सो पोर्टल पर अधिक से अधिक वादों की फीडिंग की जाये। उन्होंने कहा कि माह अक्टूबर, 2022 में 2 अभियुक्तों को जिला बदर किया गया है तथा 48 अभियुक्तों को पाबंद किया गया है। उन्होंने कहा कि गैंगस्टर के तीन प्रकरणों में अभियुक्तां को सजा हुई है। उन्होंने कहा कि पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत 05 प्रकरण (महिला सम्बन्धी अपराधों) में अपराधियों को अधिक से अधिक सजा हुई है। जिलाधिकारी ने महिला संबंधी अपराधों में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण करने के निर्देश दिये।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर डॉ0 आर.डी. पाण्डेय, संयुक्त निदेशक अभियोजन श्री अवधेश पांडेय, जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्री एस.के. पाठक, एस.पी. आर.ए. श्री राजकुमार अग्रवाल सहित अभियोजन संवर्ग एवं डी.जी.सी. के समस्त अभियोजक गण उपस्थित रहे।

### अप्रेन्टिस मेले का आयोजन

**बरेली ।** प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सी0बी0 गंज परिसर में दिनांक 30 नवम्बर, 2022 को प्रातः 10.30 बजे से सायं 03 बजे तक एक दिवसीय अप्रेन्टिस मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद बरेली के सरकारी, सहकारी, निगम एवं प्रतिष्ठित निजी उद्योगध्अधिष्ठान प्रतिभाग करेंगें। उन्होंने कहा कि समस्त आई0टी0आई0 उत्तीर्ण इच्छुक अभ्यर्थी मेले में प्रतिभाग किए जाने हेतु भारत सरकार के अप्रेन्टिस पोर्टल ूचचतमदजपबमेीपचपदकपं.वतह पर अपना पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि मेले में सम्मिलित होने वाले समस्त प्रशिक्षार्थी अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों, अप्रेन्टिस रजिस्ट्रेशन व उनके प्रति सहित अप्रेन्टिस मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

### इको कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

**बरेली ।** ।तेजी से आ रही ईको कार ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गई पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आंवला थाना क्षेत्र के गांव भीम गेट रसूलपुर निवासी 23 वर्षीय महेश पुत्र धर्मपाल और उसकी चाची ममता की कल शाम गांव से कुछ ही दूरी पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद महेश के परिजनों ने बताया कि महेश कल दिन में मोटरसाइकिल से गुलरिया गौरीशंकर स्थित एक पेट्रोल पंप पर डीजल लेने के लिए गया था जबकि उसकी चाची ममता उसके साथ दवा लेने के लिए गई थी दोनों मोटरसाइकिल पर घर वापस लौट रहे थे लेकिन गुलरिया पेट्रोल पंप से कुछ दूर चलने के बाद तेजी से आ रही है ईको कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे महेश और ममता गंभीर रूप से घायल हो गए ममता को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया भी घायल महेश को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा जहां कुछ देर बाद दोनों ने दम तोड़ दिया पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर टक्कर मारने वाली कार उसके चालक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी मृतक की पत्नी का नाम सुगंधा है बेटे का पिता था जबकि ममता तीन बच्चों की मां थी दोनों शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा ।

## गन्ने के खेत में मिली लापता ग्रामीण की लाश

**बरेली।** साढू के घर गए एक ग्रामीण की लाश कल शाम साढू के गांव में ही गन्ने के खेत में पाई गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी ।देवरनिया थाना क्षेत्र के गांव बसंत नगर निवासी 30 वर्षीय नवल किशोर पुत्र राम लाल की लाश कल शाम नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव सैदपुर में उसके साढूनन्हे लाल के घर से कुछ ही दूरी पर स्थित गन्ने के खेत में पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि नवल किशोर 2 दिन पूर्व अपने साढू से मिलने के लिए उसके घर गया था जहां से शाम को वह अचानक लापता हो गया और उसका कुछ पता नहीं चला साढूऔर उसके घर वालों ने उसे तलाशने की कोशिश की और पता ना चलने पर घटना की जानकारी पुलिस को दे दी गई इधर कल शाम को नवल किशोर की लाश गन्ने के खेत में पाई गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी मृतक के घर वालों ने हत्या की आशंका जताई ।

## ग्रामीणों ने सीएम दरबार के लिए शुरू की पदयात्रा

● बीते 9 दिनों से बेहटा के रोहियाषिवपुर में दे रहे थे धरना

संवाददाता। सीतापुर

**विगत 9 दिनों** से अनिश्चित कालीन धरना दे रहे ग्रामीणों ने बुधवार देर शाम सीएम योगी से मिलने के लिए पदयात्रा शुरू कर दी। यह ग्रामीण बेहटा ब्लाक के ग्राम रोहियाशिवपुर में 4 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना दे रहे थे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचना मुनासिब नहीं समझा जिससे ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन उनकी मांगों की अनदेखी कर रहा है। ग्रामीण 10 किलोमीटर दूरी तय कर लहरपुर तहसील के गांव पडरी पहुंच गए। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे कटान पीड़ित संघर्ष मोर्चा के अशोक मौर्य व कटान रोको संघर्ष मोर्चा के विनीत तिवारी ने बताया कि रात्रि विश्राम के बाद सभी ग्रामीण प्रात: 7 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। पदयात्रा में विनोद पाल, मलिकार बाबा, मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, दिनेश, कमला देवी, रामदेवी, राजरानी, धनराज, सुखदेई, चांदनी, उर्मिला सहित करीब 12 सैंकड़ा ग्रामीण शामिल हैं।

## राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा पाठ की दी चेतावनी

● एसडीएम सदर को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर शहर** के घंटाघर निकट स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर के निकट मांसाहारी होटल संचालित होने पर राष्ट्रीय हिंदू शेर सेना ने कड़ा ऐतराज जताया है। संगठन पदाधिकारियों ने इस संबंध में बुधवार को एक ज्ञापन एसडीएम सदर गौरव रंजन श्रीवास्तव को सौंपा। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी अगर एक सप्ताह के अंदर उक्त होटल को मांसाहार से शाकाहार में तब्दील न किया गया तो संगठन के सभी कार्यकर्ता हनुमान मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। बता दें कि इससे पूर्व भी 12 नवंबर को कोतवाली में एक ज्ञापन दिया जा चुका है। ज्ञापन जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विकास शुक्ला के नेतृत्व में सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ विकास हिन्दू, जिला अध्यक्ष भगवान हिंदू, मंडल उपाध्यक्ष विवेक हिंदू, जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश हिन्दू, सौरभ हिंदू, उमापति हिंदू, अभिषेक हिंदू, ज्ञानेंद्र हिंदू, राम जी हिंदू, अमित हिंदू, शुभम हिंदू, युवराज हिंदू, प्रदीप हिंदू, कुलदीप हिंदू, प्रदुम्न हिंदू, किशन हिंदू, कुलदीप हिंदू आदि मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय 9 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

संवाददाता। सीतापुर

**विकासखंड परसेंडी** की ग्राम पंचायत गौरिया झाल का मजरा सरैया कायस्थान में तीन दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा दीपदान के साथ संपन्न हुई। इस दौरान 7 बच्चों का विद्यारंभ कराया गया और 24 लोगों ने दीक्षा संस्कार ग्रहण किया। शांतिकुंज हरिद्वार के साधकों ने कथा प्रवचन कर मन मोहा। महायज्ञ में रंगोली की सभी ने सराहना की। महायज्ञ में दृष्टि, सृष्टि श्रीवास्तव, गौरी, वैशाली श्रीवास्तव ने रंगोली सजाई, जिस सभी ने सराहा। नौ कुण्डीय गायत्री महायज्ञ व प्रज्ञा पुराण मे सह टोली नायक राम कुमार सोनी, जिला प्रबन्ध ट्रस्टी गंगा सागर, संयोजक संतोष श्रीवास्तव, रवि शंकर गिरी, राम नरेश यज्ञ समिति अध्यक्ष सरैया कायस्थान सुरेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, यज्ञ समिति सचिव विजय कुमार श्रीवास्तव, ज्ञानेन्द्र श्रीवास्तव, राम प्रकाश श्रीवास्तव, उमेश श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख लहरपुर उमाशंकर वर्मा, विमलेश दीक्षित, इतेन्द्र, गौरी शंकर, दीप चन्द्र, श्री चन्द्र, संतोष सिंह, ललित सिंह, संतोष राठौर, राजकिशोर, अमिता रस्तोगी, पूनम देवी, राजेश्वरी, राम दास, गोविन्द गोपाल सिह, मनोज त्रिवेदी, मनोज श्रीवास्तव, प्रवीण श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, योगेन्द्र श्रीवास्तव, उपेन्द्र श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, लवकुश बाजपेयी, आशुतोष सिह, हृदयशंकर बाजपेई, संजय वर्मा, सुरेश मौर्या, विमलेश पांडेय, राजेश गुप्ता, फूलचंद्र, मंजीत सिंह, मौजूद रहे।

## दो वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** थाना गोला पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में सम्पूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित/वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना गोला पुलिस द्वारा अपराध संख्या 2787/16 धारा 295/297/352/504 भादवि में वारंटी अभियुक्त मूलचन्द्र पुत्र मैकू व मुकदमा अपराध संख्या 203/22 धारा 302/201 भादवि व 3(2)(5) एससी एसटी एक्ट में वारंटी अभियुक्त केशन कोरी पुत्र पोहकर को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक रमेश सिंह, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश यादव, कांस्टेबल अंकित शामिल रहे।

## निर्मल गंगा जन अभियान के तहत श्रद्धालुओं को किया गया जागरूक

**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को प्रात: श्री वेद माता गायत्री युवा मण्डल होलागढ़ के युवा युग सृजेता समारोह श्रावस्ती से प्रशिक्षण में ऊर्जा एवं संकल्प लेकर आये पांच सदस्यीय युवा टीम द्वारा अमावस्या के अवसर पर गायत्री परिवार के निर्मल गंगा जन अभियान के तहत रमनगरा घाट पर जन जागरूकता अभियान चलाकर स्नान करने आये श्रद्धालुओं जागरूक करते हुए कहा कि आप लोग जो सामग्री नदी में डालते हैं उससे सरयू नदी प्रदूषित होती है। आप सब यह सामग्री हम युवाओं को दें और हम यह उचित स्थान पर पहुंचा देंगे और इससे नदी प्रदूषित होने से बचेगी और हमे पुण्य की प्राप्ति, आशीर्वाद मिलेगा। इस कार्य को देखकर श्रद्धालुओं ने गायत्री परिवार के इस अभियान की सराहना की और युवाओं का बढ़ कर सहयोग किया। इस अभियान में युग सृजेता श्रवण कुमार वर्मा, विजय कुमार वर्मा, आदित्य गुप्ता, अमित कुमार, गुलशन कुमार ने अपनी भागीदारी की।

## एलपीएस में हर्षोल्लास के साथ हुआ वार्षिकोत्सव



**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा में वार्षिकोत्सव 'मल्हार' अपनी गरिमामयी भव्यता के साथ विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ मुख्य अतिथि विजय तोलानी, एजुकेशनल मोटीवेटर की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रारंभ सीनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं की भव्य प्रस्तुति कृष्ण-वंदना के साथ हुआ। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने जंगल के राजा शेर की अदालत व उनके न्याय करने के तरीके का मनमोहक चित्रण करने वाले कार्यक्रम श्जंगल की अदालतश, मां की महिमा का ममतापूर्ण चित्रण दर्शाता कार्यक्रम 'इनक्रेडिबल मदर', अनावश्यक जल का दुरुपयोग, मोबाइल के अत्यधिक उपयोग का जीवन पर दुष्प्रभाव जैसे विषयों को दर्शाता कार्यक्रम 'नोस्टालजिक बॉलीवुड', भारत देश के महापुरुषों एवं उनके महत्वपूर्ण योगदानो की पृष्ठभूमि पर आधारित कार्यक्रम 'ट्रिबुट टू नेशन बिल्डर्स', सामाजिक अभिशाप बालश्रम को दर्शाता कार्यक्रम 'चाइल्ड लेबर' की अद्वितीय प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया।

जूनियर कक्षाओं के बच्चों ने बॉलीवुड के सुनहरे पलों को संजोता व पुराने गीतों की याद दिलाता कार्यक्रम 'एलीगेंस ऑफ द पास्ट', खेलों में भारत के उत्कृष्ट प्रदर्शन को रेखांकित करता कार्यक्रम 'आरोह-पैंक्ले ऑफ स्पोर्टस', भारतीय ऐतिहासिक गौरवपूर्ण अतीत को रेखांकित करता कार्यक्रम 'महाराणा प्रताप' ने उपस्थित आगंतुकों को भावविभोर कर दिया। सीनियर छात्र-छात्राओं ने क्वायर सॉग एवं इंग्लिश फ्यूजन आदि कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुतियों ने दर्शकों की तालियों को बटोरा। इस अवसर पर विगत सत्र आई.एस.सी. की परीक्षा में राष्ट्रीय स्तर पर 99.5 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यालय के दो छात्र निवेदित वर्मा एवं आर्यन शुक्ला के माता-पिता को भी सम्मानित किया गया। डायरेक्टर एकेडमिक एंड इनोवेशन लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज, श्रीमती नेहा सिंह ने विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों प्रशंसा की। विद्यालय में होने वाली पाठ्य-सहगामी क्रियाकलापों एवं कार्यक्रमों को बच्चों के लिए सर्वांगीण एवं बौद्धिक विकास हेतु अत्यंत आवश्यक बताया एवं विद्यालय के निरंतर प्रगति एवं विगत वर्ष आए उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर लखनऊ पब्लिक स्कूल, माधवगंज, हरदोई के प्रधानाचार्य श्री के.के.शर्मा भी उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम का लाइव प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से भी किया गया।

## पानी के लिए तरसते रहे बच्चे और लंच पैकेट भी नहीं मिला

संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी



**एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता हुई संपन्न**

**श्री राम लीला** मैदान में प्राथमिक विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विकास खंड मोहम्मदी के प्राथमिक विद्यालय ने बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया परंतु खंड शिक्षा अधिकारी वह बीआरसी के लिपिको की मेहरबानी से अनेकों समस्याओं का छोटे-छोटे बच्चों ने सामना किया। तथा पूरे कार्यक्रम में अव्यवस्थाओं का बोलबाला रहा। वही खंड शिक्षा अधिकारी व उनके सहयोगियो द्वारा मीडिया को आमंत्रित नहीं किया गया। प्रात: 8 छोटे-छोटे बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता के लिए दूरदराज से बुलाया गया परंतु तपती धूप में बच्चे बैठने को विवश रहे। वही पानी का दूर-दूर तक कोई इंतजाम नहीं किया गया कोई इंतजाम अतिथियों व अध्यापकों के लिए बेसलरी की बोतल का था इंतजाम। वही अगर बच्चे की कोई आकस्मिक तबीयत खराब हो जाए तो स्वास्थ की नही थी कोई सुविधा। सुबह 8रू00 बजे से बच्चों को बुलाकर 3रू00 छोड़ा गया जिसमें बच्चे भूख प्यास से बेहाल रहे। अध्यापकों के लिए व्यवस्थापक ने खाने और जलपान का पूरा ख्याल रखा। वही बच्चों के लिए खाने का लंच पैकेट वितरित नहीं किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया की भूल बस मीडिया को आमंत्रित नहीं कर पाया। परंतु सवाल यह उठता है कि खंड शिक्षा अधिकारी व उनके अधीनस्थों द्वारा प्रशासनिक पुलिस और जनप्रतिनिधियों सहित अन्य लोगों को आमंत्रित किया गया परंतु मीडिया को आमंत्रित करने में उसे भूल हो गई। पर कुल मिलाकर एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता अनेकों सवालों के घेरे में आ गई। सूत्रों के अनुसार इस खेल प्रतियोगिता में शासन द्वारा बच्चों को खेल कूद मे शाशन से करोड़ों रुपया खर्च किया जाता है। और उसी का बजट खंड शिक्षा अधिकारी के पास आया था परंतु साल में एक बार आयोजित होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता से पहले किसी भी विद्यालय में बच्चों को खेलकूद के प्रति प्रोत्साहित नहीं किया जाता है। तथा आने वाला पैसा कहां जाता है यह भविष्य के गर्भ में है।

## सुधारें स्वास्थ्य सेवाएं, समय से करें कार्यक्रमों के पेमेंट:डा. संतोष गुप्ता

- स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा बैठक में तल्ख लहजे में दिखे अपर निदेशक
- अवैध अस्पतालों पर नाराज हुए सीएमओ, अधीक्षकों को दिए कार्रवाई के निर्देश

**बायोमैट्रिक अटेंडेंस और सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश**

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने सभी अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी अपने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाना सुनिश्चित करें और इसी के साथ सभी जगह 7 दिनों के भीतर ही बायोमैट्रिक अटेंडेंस की व्यवस्था करवाएं। समयावधि में ऐसा न करने वाले सभी अधिकारियों पर उन्होंने विभागीय कार्रवाई की हिदायत दी।

**लखीमपुर खीरी।** केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डॉ. जीएस बाजपेई ने की। बैठक में सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता सहित सभी एसीएमओ, डिप्टी सीएमओ और सीएचसी प्रभारी सहित जिला स्तरीय समस्त अधिकारी उपस्थित रहे।

सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता द्वारा बताया गया कि जनपद में चल रही केंद्र और राज्य की समस्त स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा अपर निदेशक लखनऊ मंडल लखनऊ मेजर डॉ. जीएस बाजपेई ने मंगलवार की शाम को सीएमओ आफिस सभागार में की है। इस दौरान उन्होंने सभी योजनाओं की जानकारी कार्यक्रम के नोडल अधिकारियों और कोऑर्डिनेटर से की है। उनके द्वारा जिला पुरुष चिकित्सालय ओयल और पीएचसी खीरी टाउन का भी औचक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान उन्हें भारी खामियां देखने को मिली थीं। जिसे लेकर भी उन्होंने निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि प्रत्येक हॉस्पिटल के बाहर स्टेचर और व्हील चेयर होनी अनिवार्य है। मरीजों के अटेंडेंस के लिए पेयजल और बैठने के लिए साफ स्थान के साथ उनकी मदद के लिए एक कर्मचारी की तैनाती अवश्य की जाए। सभी जगह तैनात स्टाफ, डॉक्टरों का नाम एवं मोबाइल नंबर डिस्प्ले होना चाहिए। इसी के साथ उपलब्ध दवाओं की लिस्ट भी चस्पा होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने एक सप्ताह का समय दिया है। रविवार को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का निरीक्षण करने के निर्देश उन्होंने सभी एमओआईसी को दिए। साथ ही कहा कि किसी को भी मानव संपदा पोर्टल के बगैर अवकाश नहीं देना है। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के क्रम में कुछ हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर, उपकेंद्र व पीएचसी की



स्थिति खराब है। जिसे तत्काल सही करवाया जाए। साथ ही दवाओं की उपलब्धता को सुनिश्चित करवाएं।

ई-संजीवनी पोर्टल मेले में ऑनलाइन हेतु सभी सीएचसी, पीएचसी जिला पुरुष एवं महिला अस्पताल में ड्यूटी लगाई जाए। सभी अधीक्षक आशा भुगतान सहित अन्य भुगतानों को अतिशीघ्र करवाएं। सीएचसी व पीएचसी पर कार्य न करने वाले कर्मचारियों पर कार्यवाही हेतु प्रस्ताव भेजें। अगली समीक्षा तक सुधार के निर्देश दें।

कमिटेड बजट को शतप्रतिशत खर्च करने के लिए सभी एमओआईसी को निर्देशित किया, कि वह बैम के साथ इसकी समीक्षा करें। आरबीएसके और आरकेएसके का शत-प्रतिशत भुगतान कराने के निर्देश दिए गए। एनटीपी, डीवीडी सहित जेएसवाई व सीएसआर के सभी भुगतान करने के निर्देश दिए। टीबी कार्यक्रम के अंतर्गत डीबीटी पेमेंट जिनकी बैंक डिटेल है उनका भुगतान अविलंब करना सुनिश्चित करवाएं।

किसी के साथ उन्होंने आशा चयन को शीघ्र कराने के निर्देश दिए हैं। साथियों ने कहा कि उन सभी उपकरणों का इस्तेमाल डेंगू में किया जाए जो कोविड-19 महामारी में दिए गए थे। सभी जगह डेंगू वार्ड बनाया जाए और इसके लिए बेड सुनिश्चित किए जाएं। बाहर की मेडिसिन किसी भी दशा में ना लिखी जाए। अगर अधिक आवश्यकता है तो प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र की ही दवा लिखी जाए। सभी मानव संपदा पोर्टल पर अवकाश अपडेट कराएं। वहीं समीक्षा बैठक के दौरान सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि अपर निदेशक महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जहां भी बाहर से दवाएं लिखी जा रही हैं। वह सभी तत्काल बंद कर दें।

आशा एएनएम का परफॉर्मेंस रिव्यु करें। साथ ही उन्होंने प्राइवेट हॉस्पिटल में पेशेंट जाने पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि इसके लिए अधीक्षक अपने-अपने क्षेत्र में स्वयं निगरानी करें और जो भी इस कृत्य में शामिल हो उन पर कठोर कार्रवाई करें। इसी के साथ उन्होंने सीएचसी के अंतर्गत चल रहे अवैध अस्पतालों पर अधीक्षकों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुरुष नसबंदी कैंप जो 21 नवंबर से चलना था वह अब 24 नवंबर से सभी अधीक्षक अपने-अपने क्षेत्रों में चलाएं और व्यापक स्तर पर लोगों को इस कार्यक्रम से जोड़ें ताकि शासन के उद्देश्य को शत-प्रतिशत पूरा किया जा सके।

## अब पंचायत सहायक दिलाएंगे लाभार्थियों को 5 लाख के स्वास्थ्य बीमे का लाभ

**लखीमपुर खीरी।** विकास खंड लखीमपुर सभागार में बुधवार को आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण डीजीएम अनुज प्रताप सिंह ने दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम एसीएमओ डॉ. बीसी पंत की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

फरधान सीएचसी अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य योजना आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लाभार्थियों को अति शीघ्र योजना से जोड़ने के उद्देश्य से पंचायत सहायकों को आयुष्मान गोल्डन कार्ड अपने मोबाइल से बनाने का प्रशिक्षण दिया गया है। इसी के साथ स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी और आशाएं भी आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाएंगी। पंचायत सहायकों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का उद्देश्य सभी लाभार्थियों को जल्द से जल्द योजना से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि एसीएमओ डॉ. बीसी पंत की अध्यक्षता में यह प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ है और डीजीएम अनुज प्रताप ने सभी पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया है। इस दौरान 85 पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया है।

यह सभी अपने अपने क्षेत्र में लाभार्थियों की लिस्ट के अनुसार आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाएंगे। गोल्डन कार्ड के माध्यम से प्रति परिवार 5 लाख रुपए का हेल्थ बीमा होता है। जिससे निशुल्क स्वास्थ्य उपचार मिलता है और इसके लिए सरकारी और निजी संस्थानों को इस योजना से जोड़ा गया है।

इस दौरान कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. बीसी पंत ने बताया कि प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना है और जल्द से जल्द सभी लाभार्थियों को इस योजना से जोड़ना स्वास्थ्य विभाग का लक्ष्य है। जिससे बड़ी आबादी को स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलेगा। पंचायत सहायकों को जो प्रशिक्षण दिया गया है उससे आम जनमानस को उनके घर पर ही आयुष्मान गोल्डन कार्ड प्राप्त हो सकेगा। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत अरविंद मिश्रा सहित स्वास्थ्य विभाग सीएचसी फरधान के बीपीएम और बीसीपीएम आयुष्मान मित्र सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी ने पूछा, राष्ट्रपति चुनाव में कांग्रेस ने जनजातीय महिला का समर्थन क्यों नहीं किया

भाषा। दाहोद (गुजरात)



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सवाल किया कि कांग्रेस यदि जनजातीय समुदाय को लेकर इतनी ही चिंतित है तो उसने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू का समर्थन क्यों नहीं किया? प्रधानमंत्री मध्य गुजरात के जनजातीय बहुल दाहोद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मध्य गुजरात की विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण के चुनाव के तहत पांच दिसंबर को मतदान होना है। सूरत जिले के जनजातीय बहुल महुवा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों कहा था कि जनजातीय लोग देश के पहले मालिक हैं लेकिन भाजपा उनके अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। एक दिन पहले उन्होंने आरोप लगाया था कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार आदिवासियों को सशक्त करने के लिए, संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) द्वारा बनाए गए कानूनों को कमजोर कर रही है और उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आने के बाद उन्हें मजबूत करेगी।

गांधी की अगुवाई में जारी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, एक आदमी सत्ता में वापसी करने के लिए पैदल यात्रा कर रहा है। अपने भाषणों में वह जनजातीय समुदाय की बात करता है। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की महिला जनजातीय उम्मीदवार का समर्थन क्यों नहीं किया? इसकी जगह उन्होंने उन्हें हराने के लिए अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इस प्रकार के प्रयासों के बावजूद द्रौपदी मुर्मू जनजातीय लोगों के आशीर्वाद से राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कभी जनजातीय समुदाय के किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाने का क्यों नहीं सोचा? यह भाजपा है, जिसने ना सिर्फ जनजातीय समुदाय के एक व्यक्ति बल्कि एक महिला को राष्ट्रपति बनाया और पूरी दुनिया को एक संदेश दिया। मोदी ने दाहोद के ब्रिटिश जमाने के क्षेत्र परेल का विकास ना करने के लिए भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने प्रधानमंत्री के रूप में इसका ध्यान रखा। अब यहां 20,000 करोड़ रुपए का निवेश हो रहा है जिससे रेलवे इंजन कारखाना बनेगा। इन इंजनों को अन्य देशों में निर्यात किया जाएगा। इस व्यापक निवेश से आखिरकार स्थानीय लोगों को ही फायदा होगा। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में दाहोद जिले में बहुत सारी सुविधाएं और फायदे पहुंचाए गए जिनमें इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, नल से जल कनेक्शन और स्मार्ट सिटी योजना के तहत अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

## जम्मू नगर निगम ने पार्षदों का स्नातक होना अनिवार्य करने के लिए प्रस्ताव किया पारित

**जम्मू।** जम्मू के महापौर राजेंद्र शर्मा ने पार्षद का चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम योग्यता के रूप में स्नातक अनिवार्य होने की बात पर बुधवार को जोर दिया। जम्मू नगर निगम के सदन ने शर्मा द्वारा लाए इस प्रस्ताव को पारित किया। शर्मा ने कहा कि प्रस्ताव को अब जम्मू-कश्मीर प्रशासन के पास भेजा गया है और वह उसे लागू किए जाने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसे पहले प्रशासन और फिर भारत निर्वाचन आयोग से मंजूरी मिलने के बाद ही पार्षदों के लिए स्नातक होने की अनिवार्यता एक कानून बन पाएगी। शर्मा ने जम्मू में पत्रकारों से कहा, हमने केंद्र सरकार से जेएमसी के सदन द्वारा पारित प्रस्ताव का संज्ञान लेने और निर्वाचित प्रतिनिधियों के लिए यह अनिवार्य करने के लिए एक कानून बनाने का आग्रह किया कि वे स्नातक होने पर ही चुनाव लड़ पाएं। उन्होंने कहा कि संभवतः यह देश में किसी भी नगर निगम द्वारा उठाया अपने आप में ऐसा पहला कदम होगा।

# असम के मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी का हुलिया सद्दाम हुसैन जैसा बताया

**● कांग्रेस ने किया पलटवार, कहा बोलने में मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए**

**अहमदाबाद।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इराक के पूर्व तानाशाह सद्दाम हुसैन जैसे दिखते हैं और बेहतर होता यदि वह अपना हुलिया सरदार पटेल, जवाहरलाल नेहरू या महात्मा गांधी जैसा बनाते। शर्मा पर पलटवार करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने कहा कि किसी को भी बोलने में भाषा की मर्यादा का ध्यान रखना चाहिए। राहुल गांधी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बढ़ी हुई दाढ़ी में दिख रहे हैं। शर्मा ने मंगलवार को अहमदाबाद में एक जनसभा में कहा, मैंने हाल में देखा कि उनका (राहुल का) हुलिया बदल गया है।

मैंने कुछ दिन पहले एक टीवी साक्षात्कार में कहा था कि उनके नए रूप में कुछ गलत नहीं है। लेकिन यदि आपको रूप बदलना है तो कम से कम इसे सरदार वल्लभभाई पटेल या जवाहरलाल नेहरू जैसा बनाइए। बेहतर होता कि उनका हुलिया गांधीजी जैसा दिखता। लेकिन आप अपना चेहरा सद्दाम हुसैन जैसा क्यों बना रहे हैं? उन्होंने दावा किया कि यही वजह है कि कांग्रेस की संस्कृति भारतीय जनता से मेल नहीं खाती। शर्मा ने कहा कि उनकी संस्कृति उन लोगों के करीब है जिन्होंने कभी भारत को समझा नहीं है। शर्मा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान हिमाचल प्रदेश और गुजरात का दौरा नहीं किया जहां चुनाव हुए हैं या हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी इन राज्यों के बजाय वहां ध्यान दे रहे हैं जहां चुनाव नहीं हैं क्योंकि उन्हें पता है कि वह जहां जाएंगे, हारेंगे। असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने नर्मदा बचाओ आंदोलन की कार्यकर्ता मेधा पाटकर को महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी के साथ देखा। उन्होंने दावा किया, उन्होंने गुजरात को पानी से वंचित रखने की साजिश की थी। अगर वह सफल हो जातीं तो नर्मदा जल कभी कच्छ नहीं पहुंचता। राहुल गांधी ऐसे लोगों के साथ भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं जो कभी गुजरात का विकास नहीं चाहते थे। कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैं अपनी प्रतिक्रिया से उस आक्षेप को महिमामंडित नहीं करना चाहता। मेरा मानना है कि हम सार्वजनिक जीवन में भाषा की मर्यादा बनाकर रखें, यह बहुत महत्वपूर्ण है। असम के मुख्यमंत्री जब इस तरह के बयान देते हैं तो दुर्भाग्य से पैटी ट्रोल जैसे लगते हैं।

# समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका हैः नौसेना प्रमुख

भाषा। नई दिल्ली



**नौसेना** प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने बुधवार को कहा कि समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका है और हिंद-प्रशांत समुद्री पहल (आईपीओआई) के जरिए इसे प्राप्त करने की दिशा में सामूहिक प्रयासों को जोड़ने तथा तालमेल बिठाने की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने यहां हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद (आईपीआरडी) के चौथे संस्करण में अपने संबोधन में यह भी कहा कि समुद्री आतंकवाद और उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रसार ने सुरक्षा परिदृश्य को और जटिल कर दिया है। आईपीआरडी भारतीय नौसेना का एक शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन है जो क्षेत्रीय रूप से प्रासंगिक समुद्री मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान और विचार-विमर्श को बढ़ावा देने का प्रयास करता है। रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि 23-25 नवंबर तक आयोजित होने वाले आईपीआरडी-2022 का विषय हिंद-प्रशांत समुद्री पहल का संचालन करना है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चार नवंबर 2019 को बैंकॉक में 14वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (ईएएस) में व्यक्त किया था।

नौसेना प्रमुख ने कहा, यह पूरी तरह से स्पष्ट है कि समृद्ध हिंद-प्रशांत शांतिपूर्ण समुद्री क्षेत्र पर टिका है। आईपीओआई का समुद्री सुरक्षा स्तंभ मित्रों और भागीदारों के बीच सहयोगात्मक जुड़ाव के माध्यम से इस महत्वपूर्ण तत्व का प्रबंधन करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इसमें, भारतीय नौसेना को सागर की समावेशी दृष्टि से निर्देशित किया गया है और क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास के रूप में यह विस्तारित है। साथ ही, यह सम्मान, संवाद, शांति, समृद्धि और सहयोग के मूल्यों पर आधारित है। एडमिरल कुमार ने कहा, आईपीआरडी के वर्तमान संस्करण ने एक उपयुक्त विषय हिंद-प्रशांत समुद्री पहल का संचालन को चुना है, और मुझे विश्वास है कि संवाद में सामूहिक ज्ञान इस परिवर्तनकारी पहल को आगे बढ़ाने के लिए व्यावहारिक और परिणाम-उन्मुख विकल्प लाएगा। मेरा मानना है कि ऐसा करते हुए हमें तीन प्रमुख और परस्पर जुड़े क्षेत्रों- सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण को संबोधित करने की आवश्यकता है। सुरक्षा परिदृश्य, विशेष रूप से समुद्री सुरक्षा के बारे में उन्होंने कहा कि एक पारंपरिक अंतर-देशीय संघर्ष की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है, लेकिन अधिकार क्षेत्र के विवादों से नियम-आधारित व्यवस्था के लिए जोखिम बढ़ गया है। यूएनसीएलओएस (समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन) की भी अवहेलना होने का जोखिम है।

नौसेना प्रमुख ने कहा, समुद्री आतंकवाद और उन्नत प्रौद्योगिकियों के प्रसार ने सुरक्षा परिदृश्य को और जटिल बना दिया है। वैश्विक मामलों में इसकी बढ़ी हुई केंद्रीयता को देखते हुए, इस क्षेत्र में कई देशों से समुद्री सुरक्षा बलों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है। आईपीआरडी नौसेना का एक शीर्ष-स्तरीय अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन है और रणनीतिक स्तर पर नौसेना की भागीदारी की प्रमुख अभिव्यक्ति है। नेशनल मेरीटाइम फाउंडेशन (एनएमएफ) नौसेना का ज्ञान भागीदार और आयोजन के प्रत्एक संस्करण का मुख्य आयोजक है। उन्होंने कहा कि हिंद-प्रशांत आज रणनीतिक भूगोल का प्रतिनिधित्व करता है जहां हम में से अधिकतर के हित और आकांक्षाएं मिलते हैं। हालांकि, इस रास्ते में कई चुनौतियां हैं जिन्हें दूर किया जाना चाहिए।

## मेरी गतिविधियां गुटबाजी कैसे हुईंः शशि थरूर

**कोझिकोडा कन्नूर (केरल)।** कांग्रेस नेता एवं सांसद शशि थरूर ने बुधवार को सवाल किया कि केरल में उनका एवं सांसद एम के राघवन का कुछ प्रतिष्ठित हस्तियों से मुलाकात करना और समारोहों में शामिल होना गुटबाजी कैसे कहा जा सकता है। थरूर ने कहा कि उन्हें मीडिया में पैदा किए गए इस मामले से थोड़ी परेशानी होने लगी है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के मालाबार नाखुश दिख रहे केरल विस में नेता प्रतिपक्ष वी डी सतीशन ने कहा था कि पार्टी में किसी तरह की गुटबाजी या समांतर गतिविधियों की अनुमति नहीं होगी और इनसे गंभीरता से निपटा जाएगा। सतीशन के इस बयान के एक दिन बाद थरूर ने सवाल किया कि दो कांग्रेस सांसदों की गतिविधियों को गुटबाजी कैसे कहा जा सकता है। थरूर ने तालचेरी के आर्कबिशप मार जोसेफ पम्पलानी से मुलाकात करने के बाद कन्नूर में कहा कि उन्हें मीडिया से यह जानकर दुख हुआ कि कुछ लोगों का कहना है कि वह एवं राघवन गुटबाजी की गतिविधियों में शामिल हैं।

# कांग्रेस ने वोट चोरी घोटाले को लेकर निर्वाचन आयोग से की बोम्मई के खिलाफ कार्रवाई की मांग

भाषा। नई दिल्ली

**● कांग्रेस ने कहा, आयोग ने दिया मतदाता सूची की जांच करने का आश्वासन**

**कांग्रेस ने** बुधवार को निर्वाचन आयोग से आग्रह किया कि कर्नाटक में मतदाताओं का विवरण चोरी करने के घोटाले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्वाई की जाए। पार्टी के एक प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी मांग के सिलसिले में एक ज्ञापन भी सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डीके शिवकुमार, राज्य के वरिष्ठ कांग्रेस नेता एमबी पाटिल, सांसद नासिर हुसैन और कुछ अन्य नेता मौजूद थे।

कांग्रेस का आरोप है कि चिलूम एजुकेशनल कल्चरल एंड रूरल डेवलपमेंट (चिलूम ट्रस्ट) के लिए काम करने वाले निजी लोगों को फर्जी पहचान पत्र दिए गए, जिसमें उन्हें स्वयं को बृहद बेंगलुरु महानगर पालिका (बीबीएमपी) के बूथस्तरीय अधिकारी बताकर मतदाताओं की निजी जानकारी जुटाने का जिम्मा सौंपा गया तथा उनके माध्यम से मतदाताओं के विवरण चोरी किए गए। सुरजेवाला ने संवाददाताओं से कहा, कर्नाटक में मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के नेतृत्व में वोट चोरी करने का बहुत बड़ा षड्यंत्र और घोटाला हुआ है। यह देश का सबसे बड़ा वोट चोरी घोटाला है।

उन्होंने आरोप लगाया, मुख्यमंत्री के नेतृत्व और तत्वाधान में एक निजी संस्था के माध्यम से एक-एक वोटर का विवरण चोरी करके एक निजी ऐप में डाल दिया गया। निजी ट्रस्ट के अधिकारियों को सरकारी अधिकारी बताकर मतदाताओं का ब्यौरा चोरी कर लिया गया...रातों-रात 27 लाख वोटर जोड़ दिए गए और 11 लाख मतदाताओं के नाम काट दिए गए। सुरजेवाला ने कहा, आयोग ने हम सबको आश्वासन दिया कि कर्नाटक में मतदाता सूची की जांच करेंगे और जिम्मेदार लोगों पर कड़ी कार्वाई करेंगे। आयोग ने एक प्राथमिकी दर्ज करवा दी है। हमें यह विश्वास है कि वोट चोरी घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री और अन्य अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और कार्वाई की जाएगी। मतदाताओं से जुड़े आंकड़ों की चोरी को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों के बीच कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज कुमार मीणा ने पिछले दिनों कहा था कि इस मामले में जांच का आदेश दिया गया है।

# सीवी.आनंद बोस ने प. बंगाल के राज्यपाल के रूप में शपथ ली

भाषा। कोलकाता

**सी. वी. आनंद** बोस ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण की। कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव ने राजभवन में आयोजित एक कार्यक्रम में उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, राज्य विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी और कई मंत्री मौजूद रहे। हालांकि राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। बोस भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1977 बैच के केरल कैडर के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं। उन्हें 17 नवंबर को पश्चिम बंगाल के नए राज्यपाल के तौर पर नामित किया गया था। उन्होंने इस पद पर ला गणेशन की जगह ली है। बोस ने कोलकाता में राष्ट्रीय संग्रहालय के प्रशासक के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। वह 2011 में सेवानिवृत्त हुए थे। वह राज्य के 22वें राज्यपाल हैं।

इस मौके पर नए राज्यपाल की पत्नी, पुत्र और उनके परिवार के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री बनर्जी ने बोस को मिठाइयां (रसगुल्ले) भेंट की। नेता प्रतिपक्ष अधिकारी ने विधानसभा में संवाददाताओं से कहा कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने पिछले साल विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी से सत्ताधारी दल में शामिल हो गए दो विधायकों के साथ उन्हें सीट आवंटित कर उन्हें ‘अपमानित’ किया।

उन्होंने कहा, तृणमूल सरकार प्रतिशोधपूर्ण तरीके से काम कर रही है। यह अभी तक इस बात को नहीं स्वीकार कर पा रही है कि नंदीग्राम सीट पर तृणमूल सुप्रीमो मुझसे हार गईं। सरकार ने गरिमा का पालन नहीं किया और विपक्ष के नेता के पद का अपमान किया। इसलिए, मैं कार्यक्रम में शामिल नहीं हुआ।



गुजरात के बोटाड जिले में एक चुनावी रैली में हाथ जोड़कर लोगों का अभिवादन करते भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी. नड्डा

# भारत-मध्य एशिया के आम जनमानस का आपसी जुड़ाव हमारी साझा विरासत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**● मध्य एशियाई देशों के युवा प्रतिनिधिमंडल के साथ अनुराग ठाकुर ने की बातचीत**

**केंद्रीय युवा** मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कल मध्य एशियाई देशों के युवा प्रतिनिधिमंडलों के साथ बातचीत की। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुएए मंत्री ने भारत और मध्य एशिया के बीच लोगों से लोगों को जोड़ने पर प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जोर पर बात की। उन्होंने कहाए ष्आप लोग अपने देश के सबसे महत्वपूर्ण हिस्सेदार हैं। हमारे प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा भारत और मध्य एशिया के बीच लोगों से लोगों को जोड़ने पर जोर देते हैं। राजनयिक संबंधों के 30वें वर्ष के दौरानए जब हमारे प्रधान मंत्री ने डिजिटल आभासी सम्मेलन में बोल रहे थे तब उन्होंने हीं मध्य एशिया के आपके 05 देशों के 100.सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को भारत आमंत्रित करने की बात रखी थी। मुझे खुशी है कि आप सभी यहाँ आएं। मैं आगे भी आपके व हमारे देशों के बीच इस आदान प्रदान की आशा करता हूं।

मध्य एशियाई देशों व दुनिया पर भारतीय सिनेमा के प्रभाव और महत्व पर बोलते हुए श्री ठाकुर ने कहाए श्आप भारतीय सिनेमा पसंद करते हैंण् हम देखना चाहेंगे की मध्य एशिया को भारतीय गीत और नृत्य कितना पसंद है। हमारी संस्कृति में काफी समानताएं हैं। यह दर्शाता है कि हम अलग.अलग क्षेत्रों में हो सकते हैं लेकिन हमारी संस्कृतियां समावेशी हैं। हम आप सभी से प्यार करते हैं और भारत में आपकी भविष्य की यात्राओं के लिए तत्पर हैं। भारत द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव हेतु प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित करते हुए केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री ने कहा, अभी गोवा में भारत का अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। इसकी शुरुआत कल ही हुई थी। मेरी इच्छा थी की आप सब भी वहाँ होते। हमारे यहां हर वर्ष 20 नवंबर से 28 नवंबर तक यह अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव आयोजित होता है। मैं अगले वर्ष के लिए आप सभी को भारत के अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का निमंत्रण दे रहा हूं। आप सभी जरूर आएं और इसका लुफ्त उठायें। अंत में हल्के क्षणों को साझा करते हुए मंत्री ने कहा, मुझे गाना गाने नहीं आता। आम तौर पर हम राजनेता और नौकरशाह गाने से परहेज करते हैं लेकिन आपको भारतीय गीत गाते हुए सुनकर बहुत अच्छा लगा। आपने मिथुन दा के गाने गाए और डांस भी किया। वह चार दशक पहले के स्टार हैं। आज जब आप मिथुन चक्रवर्ती की फिल्मों के गाने गाते हैं, तो यह भारतीय सिनेमा की वैश्विक स्वीकार्यता को बयां करता है।

# गरुड़ शक्तिः करावांग में भारत, इंडोनेशिया के सैनिकों का संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय विशेष बलों** की एक टुकड़ी वर्तमान में इंडोनेशिया में वहां के विशेष बलों के साथ द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास कर रही है, जिसका उद्देश्य दोनों पक्षों के बीच सैन्य सहयोग को बढ़ाना है। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक सांगा बुआना प्रशिक्षण क्षेत्र, करावांग, इंडोनेशिया में आयोजित द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास गरुड़ शक्ति बैनर के तहत द्विपक्षीय अभ्यासों की श्रृंखला का आठवां संस्करण है। बयान में कहा गया, दोनों सेना के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रमों के तहत भारतीय विशेष सैनिकों बलों की एक टुकड़ी वर्तमान में सांगा बुआना प्रशिक्षण क्षेत्र, करावांग, इंडोनेशिया में वहां के विशेष बलों के साथ एक द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास गरुड़ शक्ति में शामिल हुई है। यह अभ्यास 21 नवंबर को शुरू हुआ, जिसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के विशेष बलों के बीच समझ, सहयोग और अंतर परिचालन को बढ़ावा देना है। बयान के अनुसार संयुक्त अभ्यास के दायरे में विशेष बलों के कौशल को उन्नत करना, हथियार, उपकरण, नवाचार, रणनीति, तकनीकी और प्रक्रियाओं पर जानकारी साझा करना शामिल है। इसके अलावा विभिन्न अभियानों से सीखे गए सबक, जंगल इलाके में विशेष बल संचालन, आतंकवादी शिविरों पर हमले और सैन्य सहयोग पर जानकारी भी साझा की जाएगी।

बयान के मुताबिक संयुक्त प्रशिक्षण में उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, सामरिक अभ्यास, तकनीकों और प्रक्रियाओं पर भी ध्यान केंद्रित किया जाएगा, जिसके लिए एक व्यापक 13-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया गया है। यह अभ्यास 48 घंटे लंबे सत्यापन अभ्यास के साथ समाप्त होगा। बयान में कहा गया, यह संयुक्त अभ्यास दोनों सेनाओं को एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने और अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में आतंकवादी अभियानों से निपटने, क्षेत्रीय सुरक्षा संचालनों एवं शांति स्थापना कार्यों के बारे में अपने व्यापक अनुभवों को साझा करने में सहायता प्रदान करेगा। यह अभ्यास दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध सुनिश्चित करने और क्षेत्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने की दिशा में अर्जित की गई महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## राज्यपाल कोश्यारी महाराष्ट्र छोड़ना चाहते है : अजित पवार

**मुंबई।** राकांपा के नेता अजित पवार ने बुधवार को दावा किया कि महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने उन्हें बताया कि वह अपने पद को छोड़ना चाहते हैं। मराठा योद्धा छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में कोश्यारी की हाल की टिप्पणियों से असहमति जताते हुए उन्होंने यह भी पूछा कि क्या कोश्यारी केंद्र सरकार को उन्हें महाराष्ट्र से हटाने के लिए विवश करने के वास्ते ऐसे विवादित बयान दे रहे थे। पवार कोश्यारी की हालिया विवादित टिप्पणी को लेकर पूछे गए एक पत्रकार के सवाल का जवाब दे रहे थे। कोश्यारी ने शिवाजी महाराज को पुराने जमाने का आदर्श बताया था। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता पवार ने कहा, कई बार जब मैं राज्यपाल कोश्यारी से मिलने राज भवन जाता था तो वह कई दफा कहते थे कि वह राज्य को छोड़ना चाहते हैं। मैंने उनसे यह बात अपने वरिष्ठों को बताने के लिए भी कहा था ताकि वे उनकी इच्छा पर गौर कर सकें।

# मंगलुरु विस्फोट का मामला जल्द एनआईए को सौंपा जाएगाः डीजीपी

भाषा। मंगलुरु

**कर्नाटक** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) प्रवीण सूद ने बुधवार को यहां कहा कि मंगलुरु के एक ऑटो रिक्शा में हुए विस्फोट मामले की जांच आधिकारिक तौर पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपी जाएगी।उन्होंने कहा कि मुख्य आरोपी मोहम्मद शारिक का उद्देश्य समुदायों के बीच विभाजन पैदा करना था। डीजीपी ने कहा, और क्या उद्देश्य था? उनका उद्देश्य दो समुदायों के बीच मतभेद पैदा करना था, इसमें कोई शक नहीं है। जब कोई विस्फोट होता है तो समुदायों के बीच मतभेद बढ़ते हैं, चाहे वह हिंदू, मुस्लिम या ईसाई हों। उनका इरादा देश को अस्थिर करना था। उनका इरादा निश्चित रूप से सांप्रदायिक सद्भाव और एकता को बिगाड़ने का था...। राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने सूद के साथ शहर के बाहरी हिस्से में घटनास्थल का दौरा किया। वह उस अस्पताल में भी गए जहां ऑटो चालक पुरुषोत्तम पुजारी का इलाज किया जा रहा है। ज्ञानेंद्र ने कहा कि शारिक कोयंबटूर और कन्याकुमारी जैसे विभिन्न स्थानों पर गया था और जांच जारी है। सूद ने कहा कि विस्फोट के पहले दिन से एनआईए और केंद्रीय एजेंसियां जांच का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि मामले को आधिकारिक तौर पर जल्द ही एनआईए के सुपुर्द किया जाएगा। मंगलुरु में एक एनआईए कार्यालय होने की मांग तेज होने के साथ ही, ज्ञानेंद्र ने कहा कि राज्य सरकार इसे केंद्र के संज्ञान में लाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस तटीय शहर में एक एनआईए कार्यालय स्थापित किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि पुलिस 19 नवंबर को यहां नागोरी में हुए विस्फोट के आरोपी, उसे धन उपलब्ध कराने वालों और उन ताकतों की पृष्ठभूमि का पता लगाने के लिए काम कर रही है जो उसे बार-बार इस तरह के कृत्य करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। ज्ञानेंद्र ने कहा कि शारिक ने एक बड़े विस्फोट की साजिश रची थी, लेकिन बम बीच में ही फट गया और जिस तरह से इसकी साजिश रची गई, उस तरह से उसे अंजाम नहीं दिया जा सका। गृह मंत्री ने कहा गृह विभाग ने उन कट्टर ताकतों को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया है जो खूनखराबा चाहते हैं और देश की एकता तथा अखंडता को बिगाड़ने की कोशिश करते हैं।

# कर्नाटक, महाराष्ट्र के बीच दशकों पुराना सीमा विवाद फिर से भड़का

**बेलगावी (कर्नाटक)।** कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बेलगावी को लेकर दशकों पुराना सीमा विवाद फिर से भड़क गया है क्योंकि दोनों राज्य सरकारें कानूनी लड़ाई के लिए तैयार हैं। महाराष्ट्र में शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार ने उच्चतम न्यायालय में इस मामले के संबंध में कानूनी टीम के साथ समन्वय करने के लिए दो मंत्रियों की तैनाती की। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने कहा है कि राज्य ने भी अपना मामला लड़ने के लिए मुकुल रोहतगी और श्याम दीवान सहित कई वकीलों की सेवाएं ली है। भाषाई आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के बाद यह विवाद 1960 के दशक का है। महाराष्ट्र भाषाई आधार पर बेलगावी पर दावा करता है जो स्वतंत्रता के समय बॉम्बे प्रेसीडेंसी का हिस्सा था। बेलगावी को पहले बेलगाम के नाम से जाना जाता था। महाराष्ट्र की सीमा से लगे बेलगावी में मराठी भाषी लोगों की एक बड़ी आबादी है। दशकों से दोनों राज्यों के बीच बेलगावी विवाद का विषय रहा है। कर्नाटक कई बार कह चुका है कि सीमा मुद्दे पर महाजन आयोग की रिपोर्ट अंतिम है और कर्नाटक की सीमा का एक इंच भी देने का कोई सवाल ही नहीं है। सीमा विवाद महाराष्ट्र में सभी दलों द्वारा इस्तेमाल किया जाने वाला एक राजनीतिक हथियार है। वे कभी सफल नहीं होंगे। विगत वर्षों में महाराष्ट्र की याचिका को विचार योग्य नहीं माना गया। शिंदे ने पिछले दिनों कहा था, दिवंगत बालासाहेब ठाकरे हमेशा बेलगाम को महाराष्ट्र का हिस्सा बनाने की राज्य की मांग के समर्थक थे। इस मुद्दे को सुलझाने पर अपना ध्यान केंद्रित किया है। जरूरत पड़ी तो वकीलों की संख्या बढ़ाई जाएगी। कर्नाटक बेंगलुरु के बाद बेलगावी को दूसरा बड़ा मुख्य शहर बनाना चाहता है। सरकार ने महाराष्ट्र की सीमा से लगे इस शहर में स्वर्ण विधान सौध का निर्माण किया और 2012 से राज्य विधानमंडल के शीतकालीन सत्र आयोजित किए। एमईएस और मराठी समर्थक समूह दशकों से इस क्षेत्र के बेलगावी और मराठी भाषी गांवों को महाराष्ट्र में शामिल करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

# स्वतंत्रता पर जनमत-संग्रह कराने की लड़ाई अदालत में हारा स्कॉटलैंड

## ● ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने व्यवस्था का स्वागत किया

**लंदन।** स्कॉटलैंड की सरकार बुधवार को लंदन स्थित उच्चतम न्यायालय में एक बड़ी लड़ाई हार गई जब न्यायाधीशों ने व्यवस्था दी कि ब्रिटेन के साथ उसके बने रहने पर दूसरा जनमत-संग्रह ब्रिटेन की संसद की मंजूरी के बिना नहीं हो सकता। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने फैसले के तुरंत बाद संसद में कहा कि यह स्पष्ट और निश्चित व्यवस्था है। उन्होंने ब्रिटेन के सभी हिस्सों का आह्वान किया कि एक सकारात्मक और सहयोगात्मक संघ के रूप में मिलकर काम करें। सुनक ने हाउस ऑफ कॉमन्स में इस बारे में पूछे जाने पर कहा, हम ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय की स्पष्ट और निश्चित व्यवस्था का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि स्कॉटलैंड की जनता चाहती है कि हम उन बड़ी चुनौतियों से निपटने की दिशा में काम करें जो सामूहिक रूप से हमारे सामने हैं। भले ही यह अर्थव्यवस्था हो, राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा (एनएचएस) हो या यूक्रेन को समर्थन करने की बात हो। अब समय आ गया है कि नेता लोग मिलकर काम करें और यह सरकार यही करेगी। स्कॉटलैंड की प्रथम मंत्री (फर्स्ट मिनिस्टर) निकोला स्टर्जन ने इंडीरेफ2 नाम से अगले साल 19 अक्टूबर को जनमत-संग्रह कराने का प्रस्ताव रखा था, जो सितंबर 2014 के बाद से दूसरा ऐसा जनमत-संग्रह होता जब करीब 55 प्रतिशत लोगों ने ब्रिटेन में बने रहने के लिए मतदान किया था।

उच्चतम न्यायालय के अध्यक्ष रॉबर्ट रीड ने सर्व-सम्मति से लिए गए फैसले को पढ़ते हुए कहा, कानूनी तरीके से कराए गए जनमत-संग्रह के संघ और ब्रिटेन की संसद के संबंध में महत्वपूर्ण राजनीतिक परिणाम होते। रीड ने यह भी कहा कि शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों ने अंतरराष्ट्रीय कानून में आत्म-निर्धारण के अधिकार के बारे में स्कॉटिश नेशनलिस्ट पार्टी (एसएनपी) की दलील को स्वीकार नहीं किया। स्टर्जन ने पहले कहा था कि यदि अदालत ने उनके प्रस्तावित विधेयक के खिलाफ व्यवस्था दी तो एसएनपी अगले आम चुनाव को अनौपचारिक जनमत-संग्रह की तरह लड़ेगी। उन्होंने कहा कि वह फैसले से निराश हैं लेकिन उसका सम्मान करेंगी। हालांकि, उन्होंने ट्वीट किया, ऐसा कानून जो वेस्टमिंस्टर की सहमति के बिना स्कॉटलैंड को उसके भविष्य का फैसला करने की अनुमति नहीं देता, वह स्वैच्छिक साझेदारी के रूप में ब्रिटेन की किसी भी धारणा को मिथक के रूप में उजागर करता है और (स्वतंत्रता के लिए) मामले को मजबूत बनाता है। क्षेत्र के विपक्षी दलों ने एक और जनमत-संग्रह के खिलाफ पक्ष रखा था और दावा किया था कि इस सवाल का समाधान निकाला जा चुका है। स्वतंत्रता समर्थकों ने बुधवार को एडिनबरा में स्कॉटिश संसद के बाहर और अन्य स्थानों पर रैली की योजना बनाई है। एडिनबरा में स्वतंत्रता-समर्थक सरकार फैसले पर पुनर्विचार चाहती है।

# यरूशलम में दो धमाके एक की मौत, 14 घायल

**यरूशलम।** यरूशलम में बुधवार को दो बस स्टॉप के पास हुए धमाकों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कम से कम 14 अन्य घायल हो गए। इजराइली पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने धमाके के पीछे फलस्तीनियों का हाथ होने की आशंका जताई। पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका शहर के अंतिम छोर पर स्थित एक बस स्टॉप के पास हुआ, जहां बसों के इंतजार में रोजाना बड़ी संख्या में यात्री जमा होते हैं। उन्होंने बताया कि दूसरा धमाका यरूशलम के उत्तर में स्थित रामोत के एक बस स्टॉप के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, धमाकों में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, इजराइल की राष्ट्रीय आपदा एवं बचाव सेवा मेगन डेविड एडम ने कहा कि धमाकों में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। धमाके ऐसे समय में हुए हैं, जब इजराइलियों के खिलाफ किए गए जानलेवा हमलों में 19 लोगों की मौत के बाद इजराइली बलों द्वारा वेस्ट बैंक में महीनों से की जा रही छापेमारी से इजराइल और फलस्तीन के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। हाल के हफ्तों में फलस्तीन की तरफ से हमलों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। ए धमाके ऐसे समय में भी हुए हैं, जब इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू चुनावों के बाद सरकार गठन के लिए गठबंधन की संभावनाओं पर चर्चा करने में जुटे हैं।



कंबोडिया के सियाम रियप में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एशियान देशों के रक्षा मत्रियों से मुलाकात करते हुए।

# कीव पर रूसी हमले में तीन लोगों की मौत

## ● अस्पताल पर रॉकेट हमले में नवजात की मौत



**कीव।** यूक्रेन की राजधानी कीव में बुधवार को रूसी हमले में ध्वस्त हुई दो मंजिला इमारत में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग घायल हुए हैं। कीव के प्रशासन ने यह जानकारी दी। रूसी हमलों के मद्देनजर कीव सहित पूरे यूक्रेन में आज हवाई हमले की चेतावनी देने वाला सायरन बजाया गया। सायरन बजने के कुछ ही समय बाद कीव में कई धमाकों की आवाज भी सुनाई दी, जिनसे लगा कि शहर में कई बम विस्फोट हुए हैं। मेयर विटाली क्लिश्को ने टेलीग्राम पर लिखा है कि राजधानी के बुनियादी ढांचों में से एक हमले की चपेट में आया है। उन्होंने लोगों से बंकरों में रहने को कहा है। हवाई हमले की चेतावनी देने वाला सायरन लगातार बज रहा है। मेयर ने कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी।

उधर दक्षिणी यूक्रेन के एक अस्पताल के प्रसूति वार्ड में रॉकेट से किए गए हमले में एक नवजात की मौत हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मलबे से जच्चा और एक डॉक्टर को निकाला गया है। क्षेत्र के गवर्नर के अनुसार, रॉकेट रूसी थे। यह हमला विलनियांस्क शहर के एक अस्पताल में हुआ। क्षेत्रीय गवर्नर ऑलेक्जेंडर स्तारुख ने टेलीग्राम पर लिखा, रूसी दानवों ने रात में विलनियांस्क में अस्पताल के प्रसूति वार्ड पर कई रॉकेट दागे... इस हमले में एक शिशु की मौत हो गई जो अभी पैदा ही हुआ था। बचावकर्मी वहां काम कर रहे हैं। उन्होंने कई तस्वीरें भी पोस्ट की हैं जिनमें मलबे से घना धुआं उठता दिखाई दे रहा है। शुरू में, राज्य आपातकालीन सेवा (एसईएस) ने कहा था कि रूसी हमले में एक बच्चे की मौत हो गई और मलबे से एक मां और एक डॉक्टर को निकाला गया है। उस समय वार्ड में वे ही लोग थे। एसईएस ने टेलीग्राम पर बाद में एक अन्य पोस्ट में स्पष्ट किया कि बचाई गई महिला पीड़ित नवजात शिशु की मां है। अधिकारियों ने बताया कि इस हमले में दो मंजिला इमारत पूरी तरह नष्ट हो गई।

# खंडित जनादेश के बाद मलेशिया के सुल्तान कर रहे सरकार गठन के लिए प्रयास

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सुल्तान ने खंडित जनादेश वाले आम चुनावों के बाद बहुमत के समर्थन वाले प्रधानमंत्री की तलाश में बुधवार को सांसदों से मुलाकात की। चुनावों में इस्लामवादियों के उदय ने बहुजातीय राष्ट्र में चिंताओं को जन्म दिया है। विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम के पाकातन हरपन (उम्मीदों का गठबंधन) को शनिवार को हुए चुनावों में सबसे ज्यादा 82 संसदीय सीट मिलीं लेकिन वह बहुमत के लिए जरूरी 112 के आंकड़े से काफी पीछे है। पूर्व प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन की मलय केंद्रित पेरिकतन नेशनल (राष्ट्रीय गठबंधन) को 73 सीट पर जीत मिली है। संसदीय चुनावों में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से नेतृत्व का संकट गहरा गया है और देश 2018 से अब तक तीन प्रधानमंत्री देख चुका है। इन चुनावों में सबसे बड़ी जीत पैन-मलेशियन इस्लामिक पार्टी को मिली जिसके खाते में 49 सीटें आईं जो 2018 के चुनावों में उसे मिली सीटों से दोगुने से भी ज्यादा हैं।

पीएएस के तौर पर जानी जाने वाली यह पार्टी इस्लामी शरिया कानून का समर्थन करती है और तीन राज्यों में इसका शासन है और यह सबसे बड़ा दल है। शीर्ष पद को लेकर जारी खींचतान के बीच , पुलिस ने सुरक्षा कड़ी कर दी है क्योंकि सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अनवर के बहुजातीय गुठबंधन के जीतने पर नस्लीय परेशानियों की चेतावनी दी गई है। मलय मुसलमान मलेशिया के 3.3 करोड़ लोगों में से दो-तिहाई हैं, जिनमें काफी संख्या में चीनी और भारतीय अल्पसंख्यक शामिल हैं। राष्ट्रीय पुलिस प्रमुख एक्रिल सानी अब्दुल्ला सानी ने बुधवार को कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा और व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए देशभर में रणनीतिक स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। पुलिस इससे पहले नस्लीय और धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्वाई की चेतावनी दे चुकी है।

# बोलसोनारो ने ब्राजील के चुनाव परिणाम को दी चुनौती मतों को रद्द करने की मांग

**ब्रासीलिया।** ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर बोलसोनारो ने चुनाव में मिली हार के तीन सप्ताह से अधिक समय बाद मंगलवार को सॉफ्टवेयर संबंधी किसी दिक्कत (बग) का हवाला देते हुए चुनाव परिणाम पर सवाल उठाए। उन्होंने निर्वाचन प्राधिकारियों से देश की अधिकतर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के जरिए डाले गए मतों को रद्द करने की मांग की। इस बग से परिणाम की विश्वसनीयता पर कोई असर नहीं पड़ा। राष्ट्रपति बोलसोनारो और उनकी लिबरल पार्टी की ओर से 33 पन्नों की अपील दायर करने वाले वकील ने कहा कि मतों को रद्द किए जाने के बाद बोलसोनारो के पास 51 प्रतिशत वैध मत रहेंगे और वह चुनाव में पुनः जीत जाएंगे। निर्वाचन प्राधिकारी पूर्व राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा को पहले ही विजई घोषित कर चुके हैं और बोलसोनारो के कई सहयोगियों ने भी नतीजों को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, बोलसोनारो के हार नहीं मानने के कारण कई शहरों में लोगों ने

# समय से पहले चुनाव नहीं कराऊंगा, प्रदर्शन हुए तो सेना बुलाऊंगाः श्रीलंकाई राष्ट्रपति

**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे ने जल्दी संसदीय चुनाव कराने की विपक्ष की मांग को बुधवार को खारिज कर दिया और सत्ता बदलने के उद्देश्य से भविष्य में होने वाले किसी भी सरकार विरोधी प्रदर्शन को कुचलने के लिए सेना का इस्तेमाल करने का संकल्प जताया। विक्रमसिंघे (73) ने इस साल जुलाई में श्रीलंका के राष्ट्रपति का पदभार संभाला था। इससे पहले तत्कालीन राष्ट्रपति गोटबाया राजपक्षे आर्थिक संकट के मद्देनजर भड़के जनाक्रोश तथा विरोध प्रदर्शनों के बीच देश छोड़कर चले गए थे। देश 1948 के बाद सबसे बदतर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। विक्रमसिंघे ने संसद में कहा कि जबतक आर्थिक संकट का समाधान नहीं हो जाता है तबतक वह संसद को भंग नहीं करेंगे। विक्रमसिंघे राजपक्षे के बचे हुए कार्यकाल तक राष्ट्रपति बने रहेंगे जो नवंबर 2024 में खत्म होना है। विपक्षी दल समय से पहले चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। उनका दावा है कि विक्रमसिंघे की सरकार के पास चुनावी विश्वसनीयता की कमी है। राष्ट्रपति का अगला चुनाव 2024 में किया जाएगा। श्रीलंका इस साल की शुरुआत से सबसे खराब आर्थिक संकट से जूझ रहा है और उसके पास आयात के वास्ते भुगतान करने के लिए भंडार समाप्त हो गया। देश में ईंधर, रसोई गैस के लिए लंबी कतारें देखी गई जबकि दैनिक उपभोग की वस्तुओं की किल्लत हो गई। अप्रैल से सरकार के आर्थिक संकट से निपटने में नाकाम रहने को लेकर व्यापक प्रदर्शन शुरू हुए जिससे राजनीतिक संकट में पैदा हो गया। बुधवार को विक्रमसिंघे ने कहा कि भले ही प्रदर्शनकारी उन्हें तानाशाहै कहें, लेकिन उन्हें सड़कों पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए पुलिस की अनुमति लेनी होगी। राष्ट्रपति ने कहा, सरकार को बेदखल करने के लिए एक और अरागालय (सामूहिक विरोध प्रदर्शन) आयोजित करने की योजना है। मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। अगर वे दोबारा कोशिश करते हैं तो मैं उन्हें रोकने के लिए सेना बुलाउंगा और आपातकालीन कानूनों का इस्तेमाल करूंगा।

# रिपब्लिकन केविन केली ने उत्तर-पूर्वी कैलिफोर्निया में जीत दर्ज की

**सैकरामेंटो (अमेरिका)।** रिपब्लिकन नेता केविन केली ने उत्तर-पूर्वी कैलिफोर्निया में अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की सीट पर जीत दर्ज कर ली है। अभी तक 83 प्रतिशत मतपत्रों की गिनती की गई है, जिसमें से केली ने करीब 53 प्रतिशत वोट हासिल कर डेमोक्रेटिक पार्टी के केर्मिट जोन्स को मात देने में कामयाबी हासिल कर ली है। कैलिफोर्निया के प्रतिनिधि माइक गार्सिया के एक बार फिर चुने जाने के बाद रिपब्लिकन पार्टी ने पिछले सप्ताह ही अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल कर लिया था। केली की जीत के साथ प्रतिनिधि सभा में रिपब्लिकन पार्टी के पास अब कुल 220 और डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 212 सीटें हो गई हैं। केली ने पिछले सप्ताह चुनाव के बाद एक साक्षात्कार में कहा था, मतदाता एक नई दिशा चाहते हैं। वे जिस बदलाव की तलाश कर रहे हैं, सदन उसका जरिया बनेगा।

# कर संग्रह बजट अनुमान से चार लाख करोड़ रुपए अधिक रहेगाः राजस्व सचिव

**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव तरुण बजाज ने बुधवार को कहा कि कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में बजट अनुमान से लगभग चार लाख करोड़ रुपए अधिक रहने का अनुमान है। आयकर, सीमा शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में वृद्धि से इसके अनुमानित लक्ष्य को बड़े आंकड़े के साथ पार करने की उम्मीद है। मार्च, 2023 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष के लिए बजट में निर्धारित कर संग्रह लक्ष्य लगभग 27.50 लाख करोड़ रुपए है। बजाज ने कहा कि कर राजस्व में बढ़ोतरी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि की तुलना में अधिक बनी रहेगी। इससे अर्थव्यवस्था को संगठित बनाने तथा बेहतर अनुपालन में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में व्यक्तिगत और कॉरपोरेट कर समेत प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.50 लाख करोड़ रुपए के करीब रह सकता है। अप्रत्यक्ष करों (सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और जीएसटी) की हिस्सेदारी 14 लाख करोड़ रुपए के करीब होगी। सचिव के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में कुल कर संग्रह करीब 31.50 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर संग्रह क्रमशः 14.20 लाख करोड़ रुपए और 13.30 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान लगाया गया था, जिससे कुल आंकड़ा 27.50 लाख करोड़ रुपए का बनता है। बजाज ने कहा, हम बहुत सारे आंकड़ों का उपयोग कर रहे हैं। हमारे पास आयकर, जीएसटी विभाग और कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय का डेटा है। हमें उच्च मूल्य व्यय के बारे में भी जानकारी मिल रहा है। अर्थव्यवस्था और प्रौद्योगिकी को संगठित बनाने से अनुपालन में सुधार में मदद मिली है। गौरतलब है कि वित्त वर्ष 2020-21 में प्रत्यक्ष कर संग्रह लगभग 50 प्रतिशत बढ़कर 14.10 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया था।

# कोविड का टीका संक्रमण पुनः होने से रोकने में काफी कारगरः अध्ययन

**लंदन।** यदि आप सार्स-सीओवी-2 से संक्रमित हो चुके हैं और आप कोविड-19 रोधी टीका लगवाते हैं तो इस बात की 60 से 94 प्रतिशत तक संभावना है कि आप संक्रमण की चपेट में फिर नहीं आए। एक अध्ययन में यह जानकारी दी गई। पत्रिका पीएलओएस मेडिसिन में डेनमार्क में देशव्यापी संक्रमण एवं टीकाकरण आंकड़ों के विश्लेषण को प्रकाशित किया गया। आंकड़ों में जनवरी 2020 और जनवरी 2022 के बीच वायरस से संक्रमित हुए या टीकाकरण कराने वाले लोगों को शामिल किया गया। स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट, डेनमार्क के अनुसंधानकर्ताओं ने अल्फा, डेल्टा और ओमीक्रोन की लहरों के दौरान संक्रमित हुए दो लाख से अधिक लोगों को अध्ययन में शामिल किया। निष्कर्षों के अनुसार, पहले संक्रमित हो चुके लोगों को टीकाकरण ने अल्फा संक्रमण की लहर के दौरान 71 प्रतिशत, डेल्टा लहर के दौरान 94 प्रतिशत और ओमीक्रोन लहर के दौरान 60 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान की।

# सेंसेक्स 92 अंक चढ़कर 61,500 के पार

भाषा। मुंबई

**स्थानीय** शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 92 अंक की बढ़त में रहा। वैश्विक स्तर पर मजबूत रुख के बीच बैंक शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 91.62 अंक यानी 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 61,510.58 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 361.94 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.05 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,267.25 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, डॉ. रेड्डीज, कोटक महिंद्रा बैंक, सन फार्मा, मारुति, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक और आईसीआईसीआई बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं नुकसान में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, टेक महिंद्रा, टाइटन, भारती एयरटेल और बजाज फिनसर्व शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक रुख सकारात्मक रहने के साथ घरेलू शेयर बाजार सतर्कता के साथ लाभ में रहे। वास्तव में निवेशकों को फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे की प्रतीक्षा है। डॉलर सूचकांक में कमी और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से कुछ समय के लिए राहत मिली है। लेकिन एफआईआई के अप्रत्याशित रुख से निवेशक बाजार से दूर दिखे।

मेहता इक्विटीज लि. के शोध विश्लेषक और वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तपसे ने कहा, एफओएमसी की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले उतार-चढ़ाव के बीच बाजार में हल्की तेजी रही। नवंबर महीने में वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों को पूरा करने के अंतिम दिन होने के बावजूद निवेशक बाजार से दूर रहे। बीएसई स्मॉलकैप और मिडकैप क्रमशः 0.54 प्रतिशत और 0.20 प्रतिशत के लाभ में रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मजबूती का रुख था। अमेरिकी शेयर बाजार वॉल स्ट्रीट में मंगलवार को तेजी थी। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ 89.29 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 697.83 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

# स्वास्थ्य पेशेवरों का नेटवर्क बनाने में एचपीआर का इस्तेमाल करें बीमा कंपनियांः इरडा

**नई दिल्ली।** भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (इरडा) ने बीमा कंपनियों से ओपीडी और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए डॉक्टरों या अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों का नेटवर्क बनाने को लेकर स्वास्थ्य पेशेवर रजिस्ट्री (एचपीआर) का लाभ उठाने को कहा है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) ने स्वास्थ्य पेशेवर रजिस्ट्री (एचपीआर) को शामिल किया है। यह सुविधा आधुनिक और पारंपरिक दोनों चिकित्सा प्रणालियों में स्वास्थ्य सेवाओं की आपूर्ति में शामिल सभी स्वास्थ्य पेशेवरों का एक व्यापक भंडार है। इरडा ने परिपत्र में कहा, स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों की पेशकश करने वाले सामान्य और स्वास्थ्य बीमाकर्ता भी ओपीडी या अन्य स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए डॉक्टरोंचिकित्सकों या अन्य स्वास्थ्य पेशेवरों का नेटवर्क स्थापित करने के लिए स्वास्थ्य पेशेवर रजिस्ट्री का लाभ उठाने पर विचार कर सकते हैं। परिपत्र के अनुसार, यह डिजिटलीकरण को सक्षम करेगा और पॉलिसियों को खरीदने और बेचने की प्रक्रिया को आसान करने के साथ स्वास्थ्य पेशेवरों के बीच एचपीआर पंजीकरण को बढ़ावा देगा। एचपीआर के तहत, चिकित्सीय योग्यता के साथ आधार या अन्य केवाईसी के जरिए स्वास्थ्य पेशेवर आईडी (एचपीआईडी) बनाई जाती है। एचपीआईडी को संबंधित राज्य चिकित्सा परिषदों द्वारा भी सत्यापित किया जाता है।

# बॉयलर में गड़बड़ी से औद्योगिक इकाइयों में बिजली उत्पादन का तीन प्रतिशत नुकसान

**नई दिल्ली।** बॉयलर ट्यूब में गड़बड़ी की वजह से विभिन्न औद्योगिक संयंत्रों में बिजली उत्पादन को तीन प्रतिशत तक नुकसान पहुंचता है। टीसीआर एडवांस्ड इंजीनियरिंग में प्रबंध निदेशक परेश हरिभक्ति ने पुस्तक फेलियर इन्वेस्टिगेशन ऑफ बॉयलर ट्यूब्स के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि औद्योगिक इकाइयों के बॉयलर में 36 प्रकार की खामियां आती हैं। यह किताब अमेरिका की अमेरिकन सोसायटी फॉर मेटल्स ने प्रकाशित की है। किसी भी औद्योगिक संयंत्र में बॉयलर से भाप बनती है जिसका इस्तेमाल बिजली उत्पादन में किया जाता है। बॉयलर के काम नहीं करने के कारण उसकी खामियों को दूर करने के उपाय तथा औद्योगिक इकाई के अहम हिस्सों की देखरेख के तरीकों के बारे में किताब में जानकारियां दी गई हैं। बड़े उद्योगों को बॉयलर पर नजर रखनी चाहिए क्योंकि देश इस्पात, ऊर्जा उत्पादन जैसे कई क्षेत्रों में क्षमता बढ़ाने का प्रयास कर रहा है।

# न्यूनतम शेष नहीं रखने वाले खातों से जुर्माना हटा सकते हैं बैंकों के बोर्ड : कराड

**श्रीनगर।** वित्त राज्यमंत्री भगवंत किशनराव कराड ने बुधवार को कहा कि बैंकों के निदेशक मंडल न्यूनतम शेष (बैलेंस) नहीं रखने वालों खातों पर जुर्माने को खत्म करने का निर्णय ले सकते हैं। कराड ने एक सवाल के जवाब में यहां संवाददाताओं से कहा, बैंक स्वतंत्र निकाय होते हैं। उनके निदेशक मंडल जुर्माने को खत्म करने के बारे में निर्णय ले सकते हैं। मंत्री से पूछा गया था कि क्या केंद्र बैंकों को इस बारे में निर्देश देने पर विचार कर रहा है कि जिन खातों में जमा राशि न्यूनतम निर्धारित स्तर से नीचे चली जाती है उन पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाए। जम्मू-कश्मीर में विभिन्न वित्तीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने के लिए वित्त राज्यमंत्री केंद्र शासित प्रदेश के दो दिन के दौरे पर हैं।

# निकोल किडमैन को एएफआई में 49वें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा

**लॉस एंजिलिस (अमेरिका)।** हॉलीवुड अदाकारा निकोल किडमैन को अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट (एएफआई) अपने 49वें लाइफ्टाइम अचीवमेंट अवार्ड से नवाज़ेगा। किडमैन (55) इस पुरस्कार को प्राप्त करने वाली पहली ऑस्ट्रेलियाई अभिनेत्री होंगी। एएफआई के अनुसार, किडमैन को यह पुरस्कार 10 जून 2023 को लॉस एंजिलिस के डॉल्बी थिएटर में गाला ट्रिब्यूट में प्रदान किया जाएगा। एएफआई बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की अध्यक्ष कैथलीन कैनेडी ने एक बयान में कहा, निकोल किडमैन ने दर्शकों को अपनी कला से मंत्रमुग्ध किया। अपने करियर में कई मुश्किल विकल्प चुने और हर बार बेहतरीन प्रस्तुति दी। एफआई उन्हें 49वें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित कर खुश है। किडमैन ने डेड काम, मौलिन रूज, डेज़ ऑफ़ थंडर, कोल्ड माउंटेन, आईज़ वाइड शट और एक्वामैन जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया है।

# भारत, खाड़ी सहयोग परिषद के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत 24 नवंबर से होगी शुरू

**नई दिल्ली।** भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) दोनों क्षेत्रों के बीच वाणिज्य और निवेश को बढ़ावा देने की खातिर मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर वार्ता शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जीसीसी खाड़ी क्षेत्र के छह देशों सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ओमान और बहरीन का संघ है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार जीसीसी को भारत से किया जाने वाला निर्यात 2021-22 में 58.26 फीसदी बढ़कर करीब 44 अरब डॉलर हो गया। 2020-21 में यह 27.8 अरब डॉलर ही था। वहीं भारत के कुल आयात में जीसीसी सदस्यों की हिस्सेदारी 2021-22 में बढ़कर 18 फीसदी हो गई जो 2020-21 में 15.5 फीसदी थी। वहीं द्विपक्षीय व्यापार भी 2021-22 में बढ़कर 154.73 अरब डॉलर हो गया। 2020-21 में यह 87.4 अरब डॉलर था। एक अधिकारी ने बताया, जीसीसी के अधिकारी वार्ता की घोषणा करने के लिए यहां आएंगे। यह एफटीए वार्ता की एक प्रकार से बहाली होगी क्योंकि भारत और जीसीसी के बीच दो दौर की वार्ता 2006 और 2008 में हो चुकी है।

भारत सऊदी अरब और कतर जैसे खाड़ी देशों से मुख्य रूप से कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस का आयात करता है। वहीं मोती, बहुमूल्य रत्न, धातु, लोहा और इस्पात, रसायन आदि का भारत इन देशों को निर्यात करता है। भारत के कुल निर्यात में इन छह देशों की हिस्सेदारी 2021-22 में बढ़कर 10.4 फीसदी हो गई जो 2020-21 में 9.51 फीसदी थी। इसी प्रकार आयात भी 85.8 फीसदी बढ़कर 110.73 अरब डॉलर हो गया जो 2020-21 में 59.6 अरब डॉलर था।

# एयर इंडिया न्यूयॉर्क, पेरिस और फैंकफर्ट के लिए शुरू करेगी नए उड़ान

**मुंबई।** टाटा समूह की एयरलाइन एयर इंडिया अगले वर्ष फरवरी से मुंबई से न्यूयॉर्क, पेरिस और फ्रैंकफर्ट के लिए नई उड़ान सेवा शुरू करेगी। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसमें बताया गया कि दिल्ली से कोपनहेगन, मिलान और विएना के बीच सीधी उड़ानें भी बहाल की जाएंगी। इसके अलावा मुंबई-न्यूयॉर्क (जेएफके इंटरनेशनरल एयरपोर्ट) दैनिक सेवा भी अगले वर्ष 14 फरवरी से शुरू हो जाएगी। एयर इंडिया ने कहा कि पट्टे पर लिए नए विमानों और पुराने विमानों की सेवा में बहाली के जरिए वह अपने बेड़े में लगातार विस्तार कर रही है। एयरलाइन अपनी सेवा में विस्तार ऐसे समय कर रही है जब उसे चालक दल की कमी का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, एयर इंडिया ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति योजना (वीआरएस) को अपनाने वाले चालक दल (केबिन क्रू) के सदस्यों को अपना कार्यकाल अगले साल 31 जनवरी तक बढ़ाने का विकल्प दिया है।

# ईडी ने हैदराबाद की कंपनी की 16 करोड़ रुपए की एफडी को जब्त किया

**नई दिल्ली।** भारत और विदेशों में तेल खोज कंपनियों को भूकंपीय सर्वेक्षण सेवाएं प्रदान करने वाली हैदराबाद की एक कंपनी की 16 करोड़ रुपए की सावधि जमा (एफडी) को जब्त कर लिया गया है। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को बयान में कहा कि विदेशी विनिमय कानून के कथित उल्लंघन के लिए यह कार्वाई की गई है। संघीय जांच एजेंसी ने बयान में कहा कि यह कार्वाई अल्फ़ाजियो (इंडिया) लिमिटेड के खिलाफ की गई है। आयकर विभाग ने जुलाई, 2019 में कंपनी पर छापेमारी की थी। इसके बाद केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा था कि कर अधिकारियों ने चार अघोषित विदेशी बैंक खातों समेत कर पनाहगाह क्षेत्रों में स्थित तीन ऐसी कंपनियां का पता लगाया है जिनके बारे में सूचना नहीं है। इनके पास से 45 लाख रुपए की बेहिसाबी नकदी और 3.1 करोड़ रुपए के आभूषण पाए है।

ईडी ने कहा, अल्फ़ाजियो ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों का उल्लंघन कर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कुछ धन स्थांतरित किया था। एजेंसी के अनुसार, हैदराबाद स्थित कंपनी भारत और विदेशों में तेल खोज और उत्पादन कंपनियों को भूकंपीय सर्वेक्षण सेवाएं प्रदान करती है। कंपनी फ्रांस, सिंगापुर और नीदरलैंड में स्थित कई आपूर्तिकर्ताओं से भूकंपीय डेटा अधिग्रहण के लिए विभिन्न उपकरणों का आयात करती रही है। हालांकि, इन उपकरणों का भुगतान एक इकाई मैट्रिक्स ग्रुप डीएमसीसी के जरिए किया गया है, जिसे राजीव सक्सेना द्वारा प्रबंधित और नियंत्रित किया जाता है। सक्सेना दुबई में स्थित एक चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) और एक हवाला ऑपरेटर है। सक्सेना वीवीआईपी हेलिकॉप्टर धन शोधन मामले में बिचौलिया है और उसे 31 जनवरी, 2019 को दुबई से भारत लाया गया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है।

# हार के डर से प्रचार में जुटा पूरा सैफई परिवार: त्यागी

## मैनपुरी उपचुनाव

भाषा। मैनपुरी

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद के सदस्य और मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के प्रभारी अश्वनी त्यागी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार पर तंज कसते हुए बुधवार को दावा किया कि हार के डर से पूरे सैफई परिवार को मतदाताओं के दरवाजे पर दस्तक देनी पड़ रही है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ मैनपुरी में उपचुनाव की निगरानी कर रहे प्रदेश भाजपा महासचिव त्यागी ने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब पूरा सैफई परिवार किसी चुनाव में एक दरवाजे से दूसरे दरवाजे तक घूम रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है कि उसे उपचुनाव में भाजपा के हाथों पराजय का डर सता रहा है। मैनपुरी लोकसभा सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन की वजह से रिक्त हुई है। इस सीट के लिए उपचुनाव के लिए आगामी पांच दिसंबर को मतदान होगा। सपा ने उपचुनाव में मुलायम की बहू और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भाजपा ने रघुराज शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। मैनपुरी सीट सपा का गढ़ है। इटावा स्थित मुलायम का पुश्तैनी गांव सैफई मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा है।गौरतलब है कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान मुलायम सिंह यादव का पूरा परिवार एकजुट नजर आ रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव एक साथ चुनावी रैलियां कर रहे हैं। हालांकि, पिछले कुछ वर्ष में उनके बीच आपसी मतभेद रहे थे। उनके साथ सपा के प्रमुख महासचिव राम गोपाल यादव भी मंच साझा कर रहे हैं। रामगोपाल यादव के 2016 में सपा में वर्चस्व की जंग शुरू होने के बाद शिवपाल के साथ रिश्ते तल्ख हो गए थे। भाजपा विधान परिषद के सदस्य त्यागी ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में अखिलेश यादव के मुख्यमंत्री कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि सपा के शासनकाल में उत्तर प्रदेश में अपहरण, भ्रष्टाचार, रंगदारी, वसूली, जमीनों पर अवैध कब्जों का बड़ा उद्योग चल रहा था और युवाओं का भविष्य खराब हो रहा था। उन्होंने कहा कि सपा के राज में महिलाओं की सुरक्षा एक बहुत बड़ा मुद्दा था और सामूहिक बलात्कार की वारदात आम हो चुकी थीं। त्यागी ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आते ही अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की गई और सभी नागरिकों को बिना किसी भेदभाव के सम्मान और सुरक्षा का माहौल दिया गया, खासतौर पर महिलाओं और बच्चियों की सुरक्षा पर ध्यान दिया गया। यही वजह है कि आज वे देर रात में भी बिना किसी डर के घर से बाहर निकल सकती हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश की कानून-व्यवस्था बेहतर होने की वजह से देश-विदेश के बड़े उद्योगपति अब राज्य में निवेश करने को तैयार हैं। इससे युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे।

**प्राचीन शनिदेव मंदिर में मूर्तियां खंडित की, आरोपी पकड़ा**

मेरठ।मेरठ शहर में बुधवार को कुछ शरारती तत्वों ने प्राचीन शनिदेव मंदिर में मूर्तियां खंडित कर माहौल खराब करने का प्रयास किया। इस मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर हिंदू संगठन और बड़ी संख्या में छात्रों ने मौके पर पहुंचकर हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह समझा-बुझाकर लोगों को शांत किया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) पीयूष सिंह ने बताया कि मेडिकल थाना क्षेत्र स्थित चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मार्ग पर अजंता कॉलोनी में शनिदेव का मंदिर है।

# सपा को प्रधान पद का चुनाव जीतने के भी लाले पड़ जाएंगे: भूपेंद्र चौधरी



**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के लिए जोर-शोर से जुटी समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि अब कोई क्षेत्र किसी पार्टी का गढ़ नहीं रहा। चौधरी ने दावा किया कि सपा के जातिवाद और परिवारवाद की नीति के कारण सैफई परिवार को भविष्य में प्रधान पद का चुनाव जीतने के भी लाले पड़ जाएंगे। चौधरी ने इटावा के जसवंतनगर में आयोजित बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके पूरे परिवार के मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव में जुटने पर तंज करते हुए कहा सपा के लोग कहते थे ही हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष उपचुनाव में प्रचार करने नहीं जाते हैं, लेकिन आज वह घर-घर जाकर प्रचार भी कर रहे हैं और अपने चाचा (शिवपाल सिंह यादव) की मान-मनौव्वल भी कर रहे हैं। पहले चर्चा होती थी कि ए सपा का गढ़ वो बसपा का गढ़ है लेकिन अब सबका गढ़ खत्म हो गया है। उन्होंने कहा, सपा की गुंडागर्दी, अपराधीकरण, भ्रष्टाचार, जातिवाद तथा परिवारवाद की नीति के कारण सैफई परिवार को एक दिन प्रधानी के भी लाले पड़ जाएंगे। सपा को अगर लगता है कि उसका कोई गढ़ है तो यह उसका भ्रम है, अब किसी का कोई गढ़ नहीं। हर जगह से भाजपा को जनसमर्थन प्राप्त हो रहा है। मैनपुरी सीट के उपचुनाव में वोटों की गिनती वाले दिन इस क्षेत्र का इतिहास बदल जाएगा। गौरतलब है कि मैनपुरी लोकसभा सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन की वजह से रिक्त हुई है। सपा का गढ़ माने जाने वाले इस संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के उपचुनाव के तहत आगामी पांच दिसंबर को मतदान होगा। पूर्व के उपचुनावों के विपरीत इस बार सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने खुद चुनाव प्रचार की कमान सम्भाली है। इसके अलावा उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव भी पुरानी तल्खी को छोड़कर उनके साथ जनसभाओं को सम्बोधित कर रहे हैं। चौधरी ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं पर केन्द्रित पार्टी है और कार्यकर्ता 365 दिन जनता के बीच रहकर काम करते हैं, इसलिए भाजपा के लिए कोई भी चुनाव बड़ा नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चुनाव लड़ता है।

## पुलिस झण्डा दिवस पर समारोह में एसपी ने दी ध्वज को सलामी



**गोंडा।** पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने पुलिस लाइन में झण्डा रोहण कर ध्वज को सलामी दी। इस मौके पर उन्होंने पुलिस महानिदेशक के संदेश को पुलिस अधिकारियों/कर्मचारीगणों को पढ़कर सुनाते हुए झण्डा दिवस के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर एसपी ने पुलिस ध्वज का प्रतीक अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्दी की बाई जेब के ऊपर लगाया। इसीक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में झण्डा रोहण कर सलामी दी। इसी प्रकार प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक शिल्पी वर्मा ने पुलिस ध्वज का प्रतीक उपस्थित महिला पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्दी की बाई जेब के ऊपर लगाया। इसी तरह समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी/चौकी प्रभारियों द्वारा अपने-अपने कार्यालयों पर पुलिस झंडा दिवस मनाया गया।

## ठंड से बचाव की व्यवस्थायें हों दुरूस्त: जिलाधिकारी



**गोंडा।** जिलाधिकारी डॉ0 उज्वल कुमार की अध्यक्षता में उद्योग बंधु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धुओं की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में व्यापार बंधुओं ने बैंक, हास्पिटल, सिटीमाल तथा अन्य स्थानों पर पार्किंग एवं अन्य समस्याओं पर चर्चा किया। जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान समय से कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट एवं नगर पालिका को निर्देश देते हुए कहा कि शहर में ठंड से बचाव हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जायें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। वहीं डीएम ने श्रम परिवर्तन अधिकारी योगेश दीक्षित को निर्देश देते हुए कहा कि श्रम विभाग में संचालित सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए। बैठक में उपायुक्त उद्योग व बैंक अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि व्यापार बन्धुओं व उद्योग बन्धुओं के व्यापार में अपेक्षित सहयोग करना सुनिश्चित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने ड्रग इंस्पेक्टर एवं फूड विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मेडिकल स्टोरों सीसीटीवी कैमरा तत्काल लगवाना सुनिश्चित करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, डीएसटीओ अरूण कुमार, ईओ नगर पालिका संजय मिश्र, जिला उद्योग अधिकारी एचपी मौय सहित अन्य संबंधित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## भाजपा सांसद अरुण सागर फरार घोषित

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर जिले की विशेष एमपीएमएलए अदालत ने चुनाव प्रचार सामग्री जब्त किए जाने के एक मामले में अदालत में पेश नहीं होने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अरुण सागर को फरार घोषित कर दिया है। विशेष लोक अभियोजन अधिकारी नीलिमा सक्सेना ने बुधवार को पीटीआईभाषा को बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान 12 मार्च 2019 को तत्कालीन उपजिलाधिकारी सदर ने बरेलीजलालाबाद मार्ग पर भाजपा प्रत्याशी अरुण सागर की प्रचार सामग्री को जब्त किया था। इस मामले में कांट थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया था। उन्होंने बताया कि इसी मामले में भाजपा सांसद अरुण सागर कई बार समन के बावजूद अदालत में पेश नहीं हुए और इसके बाद उनके विरुद्ध अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी कर दिया। उन्होंने बताया कि जब यह वारंट जारी होने के बाद भी वह अदालत में हाजिर नहीं हुए तब न्यायाधीश आसमां सुल्ताना ने गत 21 नवंबर को उन्हें फरार घोषित कर दिया। सक्सेना ने बताया कि अदालत द्वारा दिए गए आदेश में कहा गया है कि आदेश की प्रति को सांसद के आवास के साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर भी चस्पा किया जाए। गौरतलब है कि सांसद अरुण कुमार सागर भाजपा के वर्तमान सांसद है। उनसे इस बारे में बात करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे सम्पर्क नहीं हो सका।

## पूर्व राज्य मंत्री सहित पांच आरोपियों को आत्मसमर्पण करने का आदेश

**बलिया।** बलिया की एक स्थानीय अदालत ने एक छात्र नेता की हत्या के प्रयास के नौ साल पुराने मामले मे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं पूर्व राज्य मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला सहित पांच आरोपियों को 24 नवंबर को उसके समक्ष आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। छात्र नेता सुधीर ओझा के अधिवक्ता दिनेश तिवारी ने बुधवार को बताया कि स्थानीय सांसद-विधायक (एमपीएमएलए) अदालत के विशेष न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी ने मंगलवार को राज्य के पूर्व संसदीय कार्य राज्य मंत्री एवं भाजपा नेता आनंद स्वरूप शुक्ला सहित पांच आरोपियों को 24 नवंबर को अदालत में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। उन्होने बताया कि बलिया शहर कोतवाली क्षेत्र के सतीश चन्द्र महाविद्यालय में 15 जनवरी 2013 को छात्र नेता सुधीर ओझा पर जान से मारने के इरादे से चाकू से हमला किया गया था।

### अब वन स्टॉप समाधान

**लखनऊ।** कैनन इंडिया ने लखनऊ में अपने अभिनव एवं अत्याधुनिक इमेज स्क्वायर 4.0 स्टोर के लॉन्च की घोषणा की। यह ब्रांड न्यू इमेज स्क्वायरस्टोर ग्राहकों को बहुत आकर्षक अनुभव प्रदान करेगा और फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के मामले में हर जरूरत के लिए वन स्टॉप समाधान बन जाएगा। ग्राहकों की बदलती जरूरतों और औद्योगिक रूझानों के साथ चलते हुए कैनन ने इस नए वर्ज़न स्टोर में अपनी संपूर्ण श्रृंखला का प्रदर्शन करने और प्रोफेशनल फोटोग्राफर्स को एक्सक्लुसिव टेक्निकल सपोर्ट प्रदान करने के लिए एक सुव्यवस्थित और सुनियोजित दृष्टिकोण अपनाया है। यह नया स्टोर सेवा संबंधी सभी जरूरतों के लिए उपलब्ध होगाए और स्टोर के इस नए वर्ज़न में ग्राहकों की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए एक सर्विस कलेक्शन और सीपीएस रजिस्ट्रेशन डेस्क होगी।

## भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिका हुई खारिज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आपराधिक मामले में सजा सुनाए जाने के बाद अयोग्य घोषित किए गए भाजपा के पूर्व विधायक विक्रम सैनी द्वारा दायर उनकी दोषसिद्धि को चुनौती देने वाली याचिका बुधवार को खारिज कर दी। सैनी ने 2013 के मुजफ्फरनगर दंगा मामले में अपनी दोषसिद्धि को निलंबित करने का अनुरोध किया था। सैनी की याचिका खारिज करते हुए न्यायमूर्ति समित गोपाल ने कहा, आपराधिक गतिविधियों के परिणाम स्वरूप अयोग्यता, राष्ट्र हित, नागरिक हित, सांप्रदायिक सौहार्द और सुशासन के विभिन्न पहलुओं से जुड़ी होती है। याचिकाकर्ता की महज यह दलील कि दोषसिद्धि की वजह से वह 1951 के कानून के तहत (विधानसभा की सदस्यता के लिए) अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे, दोषसिद्धि को निलंबित करने का आधार नहीं है। अदालत ने कहा, दोषसिद्धि को निलंबित करने के अधिकार का उपयोग केवल दुर्लभ मामलों में किया जाना चाहिए। जनप्रतिनिधि कानून, 1951 की धारा-8 कुछ निश्चित अपराधों के लिए दोषी होने पर अयोग्यता की व्यवस्था देता है। इस कानून के दायरे में आने वाले भारतीय दंड संहिता के अपराध एक स्वस्थ लोकतंत्र के मूल्यों को खत्म कर सकते हैं, आर्थिक स्थिरता, राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। उच्च न्यायालय ने 18 नवंबर को इस मामले में सैनी की सजा निलंबित कर उन्हें जमानत दे दी थी। अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख 22 नवंबर तय की थी। अदालत ने मंगलवार को सैनी के वकील और सरकारी वकील की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सैनी के वकील ने दलील दी थी कि उसके मुवक्किल को राजनीतिक कारणों से इस मामले में झूठा फंसाया गया है क्योंकि जब 2013 में मुजफ्फरनगर दंगा हुआ था, प्रदेश में विरोधी पार्टी की सरकार थी। इसके अलावा, इस घटना में कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ और ना ही कोई सरकारी गवाह मौजूद है।

# फिरौती के लिए अगवा बच्ची की हत्या, तीन अपहरणकर्ता गिरफ्तार

गाजियाबाद/बुलंदशहर

**गाजियाबाद** के नंदग्राम इलाके से गत 20 नवंबर को 30 लाख रुपए की फिरौती के लिए अगवा की गई 11 साल की बच्ची का शव गिरफ्तार किए गए अपहरणकर्ताओं की निशानदेही पर बुलंदशहर के कोतवाली देहात इलाके में एक खेत से बरामद किया गया। गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुनिराज जी. ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि हरियाणा के सोनीपत स्थित टोकी मनोली गांव के रहने वाले सोनू नामक व्यक्ति की बेटी खुशी गाजियाबाद के नंदग्राम स्थित अपनी नानी के घर में रहती थी। उन्होंने बताया कि पिछली 20 नवंबर को वह घर से लापता हो गई थी और उसके पिता ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मुनिराज जी. ने बताया कि अगले दिन अपहरणकर्ताओं ने बच्ची के पिता को फोन करके बच्ची के अपने पास होने की बात कहते हुए उनसे तीन दिन के अंदर 30 लाख रुपए का इंतजाम करने को कहा।उन्होंने बताया कि पुलिस ने इस मामले में बुलंदशहर निवासियों अमित, बबलू और गम्भीर को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्तियों की निशानदेही पर खुशी का शव बुलंदशहर के कोतवाली देहात क्षेत्र स्थित एक खेत में मिला।मुनिराज ने बताया कि बबलू ने 20 नवंबर को मेला दिखाने के बहाने खुशी को अगवा किया था और फिर उसे अपने साथी अमित के हवाले कर दिया था। उन्होंने बताया कि उसके बाद अमित ने उसे गम्भीर के सुपुर्द कर दिया था। उन्होंने बताया कि लड़की के पिता मोन सिंह की 2015 में मृत्यु हो गई थी। उन्होंने बताया कि उसकी मां ममता ने परिवार की सहमति से अपने छोटे देवर सोनू से शादी कर ली। उन्होंने बताया कि बच्ची की मां को मोन सिंह की बीमा राशि मिलने की उम्मीद थी और इसकी जानकारी आरोपी अमित को बच्ची के नाना से मिली।उन्होंने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व बातचीत के दौरान नाना ने अमित को बताया कि सोमवार को बीमा राशि के 8 व 18 लाख रुपए के दो चेक आने की उम्मीद है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि राशि के बारे में सुनकर अमित ने बबलू और गंभीर की मदद से खुशी का अपहरण करने के बाद फिरौती मांगने की योजना बनाई। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने लड़की की गला दबाकर हत्या की थी क्योंकि वह उन्हें पहचान गई थी। मुनिराज ने बताया कि बाद में उन्होंने उसका शव बुलंदशहर में फेंक दिया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल किया गया सिम कार्ड भी बरामद कर लिया है।

## स्वाइन फ्लू से बचाने के लिये छह माह से पांच वर्ष के बच्चों को हर साल टीका लगाने का सुझाव

**लखनऊ।** इंडियन एकेडमी ऑफपीडियाट्रिक्स ;आईएपीद्ध और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 6 महीने से 5 साल तक की उम्र के बच्चों को हर साल टीका लगवाने का सुझाव दिया है। बच्चों में पूरे साल फ्लू का खतरा रहता हैए विशेष रूप से सर्दियों में और मानसून में यह खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। टीकाकरण के बाद शरीर में एंटीबॉडी विकसित होने में करीब 2 हफ्ते का समय लग जाता हैए इसलिए मानसून या सर्दियों का मौसम आने के 2 से 4 हफ्ते पहले टीका लगवा लेना चाहिए। 5 साल से कम उम्र के बच्चों में न केवल फ्लू के कारण ज्यादा परेशानी होने का खतरा रहता हैए बल्कि वे अन्य लोगों को संक्रमित भी कर सकते हैं। सालाना 4.इन.1 फ्लू टीकाकरण की जरूरत को लेकर डॉण् आशीष माथुरए एमडी ने कहाए ष्छह महीने से पांच साल की उम्र के छोटे बच्चों के माता.पिता को अपने डॉक्टर से 4.इन.1 फ्लू टीकाकरण के बारे में पता करना चाहिए। फ्लू एक गंभीर वायरल संक्रमण हैए जिससे छोटे बच्चों में अधिक खतरा रहता है। फ्लू टीके का शॉट संक्रमित होने के खतरे को कम कर सकता है।

## करंट लगने से दो मजदूरों की मौत, तीन घायल

**मथुरा।** भवन निर्माण के दौरान सरिए मे आए करंट की चपेट मे आने से फरह क्षेत्र के किरारई गांव मे दो मजदूरो की मौत हो गई तथा तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस सूत्रो ने बताया कि गांव मे महावीर शर्मा के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। ठेकेदार मुकेश मंगलवार को मकान के खंभे खड़े करवा रहा था। इसी दौरान शाम को खंभे के सरिए ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन तार के संपर्क मे आ गए, जिससे उसमे करंट आ गया। करंट की चपेट मे आने से अर्जुन, मुकेश, महावीर, सुरेंद्र और यादराम नामक मजदूर झुलस गए।

## भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

**फतेहपुर।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक में क्षेत्रीय किसानों की समस्याएं प्रमुखता से उठाई गई। सभी समस्याओं के निस्तारण की जिला प्रशासन से आवाज बुलंद की गई। नेताओं का कहना रहा कि किसानों की समस्याएं निस्तारित न होने की दशा में आंदोलन के लिए संगठन विवश हो जायेगा।

नहर कालोनी प्रांगण में संगठन की बैठक जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम पटेल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने शिरकत की। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के किसानों की कई प्रमुख समस्याएं हैं। जिनका निराकरण होना बेहद जरूरी है। जिले में डाई अमोनिया फास्फेट खाद नही है। प्राइवेट दुकानों में पंद्रह सौ रूपये में डीएपी की बिक्री की जा रही है। बताया कि धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद पर दस किलो कटौती व हाईब्रिड धान पर पंद्रह किलो की कटौती की जा रही है। जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कल्यानपुर रोड पर क्रासिंग हेतु नेशनल हाईवे-2 पर पुल की व्यवस्था नहीं है। जिससे ग्रामीणों को आवागमन में तमाम कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

नऊवाबाग के पास नेशनल हाईवे-2 पर बनी पुलिया ऊंची होने के कारण पानी का बहाव रूक गया है। जिससे किसानों की धान की फसल का काफी नुकसान हुआ है। नाले पर अवैध निर्माण होने से गेहूं की बुआई भी बाधित हो रही है। बिंदकी कस्बे में विद्युत वितरण खंड द्वितीय का कार्यालय न होने से किसानों को दूर जाना पड़ता है। निजी गंगा नहर के सहायक अभियंता का कार्यालय परादान कोठी में संचालित होना चाहिए। डीएपी खाद की बिक्री अधिक मूल्य पर हो रही है। जिस पर लगाम लगनी जरूरी है। बिंदकी नगर में पैगंबरपुर मुहल्ला में अवैध रूप से गर्भपात केंद्र संचालित हो रहा है। जिसे तत्काल बंद कराया जाना चाहिए। इसके अलावा अन्य समस्याएं भी प्रमुखता से उठाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि किसानों की मूलभूत समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द होना चाहिए। यदि समस्याएं निस्तारित नहीं होंगी तो किसान आंदोलन के लिए विवश हो जायेगा। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह, नवल सिंह पटेल, सुरेंद्र सिंह, दिनेश शुक्ला, पप्पू सिंह, नागेंद्र यादव, मुन्ना शेख, कप्तान सिंह, सुरेश द्विवेदी, जुल्फेकार, अर्जुन सिंह, रोहित, शुभम, सुनील, हरीओम भी मौजूद रहे।

## माफिया अतीक अहमद की 123 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**प्रयागराज।** प्रयागराज जिला मजिस्ट्रेट के 21 नवंबर, 2022 के कुर्की के आदेश के तहत जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने माफिया एवं पूर्व सांसद अतीक अहमद की अचल संपत्ति बुधवार को कुर्क की जिसकी अनुमानित कीमत 123 करोड़ 28 लाख रुपए है। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि आईएस-227 गिरोह के सरगना और हिस्ट्रीशीटर अपराधी अतीक अहमद द्वारा अपराध जगत से अर्जित धन से अपने पिता स्वर्गीय हाजी फिरोज और चाचा उस्मान अहमद के नाम पर खरीदी गई संपत्ति आज कुर्क की गई। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति की अनुमानित कीमत। अरब 23 करोड़ 28 लाख रुपए है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति में झूंसी स्थित ग्राम हवेलिया में 76 करोड़ 16 लाख रुपए मूल्य की 1.82 हेक्टेयर भूमि और इसी गांव में 47.12 करोड़ रुपए मूल्य की 1.13 हेक्टेयर जमीन शामिल है। उन्होंने बताया कि कुर्क की गई संपत्ति में झूंसी स्थित ग्राम हवेलिया में 76 करोड़ 16 लाख रुपए मूल्य की 1.82 हेक्टेयर भूमि और इसी गांव में 47.12 करोड़ रुपए मूल्य की 1.13 हेक्टेयर जमीन शामिल है। उल्लेखनीय है कि अतीक अहमद, प्रयागराज की शहर पश्चिमी सीट से लगातार पांच बार विधायक रहा है और इसने समाजवादी पार्टी के टिकट पर 2004 में फूलपुर लोकसभा सीट का चुनाव जीता था। वर्तमान में गुजरात की अहमदाबाद जेल में निरुद्ध अतीक अहमद के खिलाफ प्रयागराज के धूमनगंज थाने में 100 के करीब मुकदमे दर्ज हैं।

## मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को मिली मजबूती

लखनऊ। वर्ष 2050 तक शिक्षा के जरिये पचास हजार जिंदगियों में बदलाव लाने का लक्ष्य लेकर चल रहे गैर लाभकारी संगठन सितारे फाउंडेशन ने राजस्थान से वंचित तबके के पांच प्रतिभावान स्कूली विद्यार्थियों के अपने पहले बैच की घोषणा की है जिन्होंने अमेरिका में प्रख्यात विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर के कंप्यूटर साइंस प्रोग्राम में दाखिला लिया है। इस महत्वाकांक्षी विजन को पूरा करने में मदद के लिए सितारे फाउंडेशन ने गुरूग्राम स्थित अग्रणी शिक्षा परामर्श फर्म एथेना एजुकेशन के साथ साझीदारी की है जिसके तहत एथेना ने सितारे के विद्यार्थियों को प्रो बोनो आधार पर लिया है। सितारे फाउंडेशन की संस्थापक शिल्पा सिंघल ने कहा कि एथेना ने हमारे विद्यार्थियों को मानकीकृत प्रवेश परीक्षाओंए परियोजनाएं तैयार करने, कॉलेज के चयन और आवेदन के लिए मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर मजबूत बनाने में उनकी प्रत्येक कदम पर मदद की है।

## अंजुमन इंतेजामिया की याचिका पर अगली सुनवाई 29 नवंबर को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद द्वारा दायर पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई 29 नवंबर, 2022 तक के लिए बुधवार को टाल दी। बुधवार को अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की ओर से पेश हुए वकील ने सुनवाई टालने का अनुरोध किया जिस पर अदालत ने इस मामले मे अगली सुनवाई की तारीख 29 नवंबर, 2022 तय की। ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति- अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद ने वाराणसी की अदालत के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमे पांच हिंदू महिलाओं द्वारा दायर वाद की पोषणीयता पर उसकी आपत्ति खारिज कर दी गई थी। इन महिलाओ ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर मे श्रृंगार गौरी और अन्य देवी देवताओ की नियमित पूजा अर्चना की अनुमति मांगी है। वाराणसी के जिला न्यायाधीश ने 12 सितंबर को अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद की याचिका खारिज कर दी थी जिसमे पांच हिंदू महिलाओ द्वारा दायर वाद की पोषणीयता को चुनौती दी गई थी।याचिका खारिज करते हुए वाराणसी के जिला न्यायाधीश ने कहा था कि इन पांच हिंदू महिलाओ का वाद, पूजा स्थल अधिनियम, वक्फ कानून और उत्तर प्रदेश श्री काशी विश्वनाथ मंदिर अधिनियम से बाधित नही होता।

## सेना में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले जवान समेत दो गिरफ्तार

**मेरठ।** सेना में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में मेरठ जिले में पुलिस और सेना की अभिसूचना इकाई की संयुक्त कार्यवाही में सेना के एक जवान समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी आशीष शर्मा ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि पठानकोट में सेना के जवान के तौर पर तैनात राहुल नामक व्यक्ति ने अपने साथी बिट्टू उर्फ पप्पू के साथ मिलकर गाजियाबाद के रहने वाले मनोज नामक व्यक्ति और उसके एक रिश्तेदार को सेना में नौकरी दिलवाने के नाम पर 16 लाख रुपए ठग लिए। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस और सेना की अभिसूचना इकाई की संयुक्त कार्यवाही में दो आरोपियों को दौराला क्षेत्र में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि दोनों को अदालत में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

शर्मा ने बताया कि मामले की जांच के दौरान कई चौंकाने वाले खुलासे हुए। उन्होंने बताया कि आरोपियों में से बिट्टू खुद को कर्नल बताता था। उन्होंने बताया कि पठानकोट में तैनात जवान राहुल ने मनोज को भरोसा दिलाया था कि वह बिट्टू की मदद से सेना में उसकी नौकरी लगवा देगा। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों ने मनोज और उसके रिश्तेदार भीमसेन की नौकरी लगवाने के लिए 16 लाख रुपए वसूले थे। उन्होंने कहा कि यहां तक कि राहुल मनोज को पठानकोट में अपने साथ रखने लगा था और उसे एक निजी एकेडमी में प्रशिक्षण के लिए भी भेजा था और बाद में उसे फॉलोअर के तौर पर नियुक्ति का पत्र भी दिया था। उन्होंने कहा कि मनोज को शक ना हो इसके लिए उसके खाते में हर महीने तनख्वाह के तौर पर 12 हजार रुपए डाले जाते थे। उन्होंने बताया कि इस बीच, सेना की खुफिया इकाई को मामले की जानकारी हुई तो उसने जांच पड़ताल शुरू की।

## बरसी पर याद किए गए बलिदानी अधिवक्ता

**अयोध्या।** 23 नवंबर वर्ष 2007 को सीरियल बम धमाकों में बलिदान हुए अधिवक्ता पंडित राधिका प्रसाद मिश्र सहित स्टांप वेंडर मुंशी इत्यादि को बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र के नेतृत्व में शैड नंबर 4 में भावभीनी विनम्र श्रद्धांजलि प्रदान की गई इस अवसर पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित कालिका प्रसाद मिश्र ने कचहरी परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था अत्यंत ही दयनीय अवस्था में है बार एसोसिएशन की ओर से कई बार अनुरोध करने के बावजूद शासन और प्रशासन इस विषय पर गंभीर नहीं है। बार एसोसिएशन के महामंत्री सूर्य नारायण सिंह ने भी कचहरी व्यवस्था की सुरक्षा पर्याप्त ना होने पर चिंता व्यक्त की और इसके और इसके लिए उन्होंने शासन और प्रशासन को दोषी ठहराया अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने कहा कि ब्लास्ट के 15 वर्ष पूरे होने पर आज के दिन भी प्रशासन शासन का कोई भी का कोई भी उच्चाधिकारी ना तो कचहरी परिसर का निरीक्षण करने आया और ना ही चेकिंग डॉग स्कायड द्वारा कचहरी चेकिंग की गई अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि कचहरी की सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त है भविष्य में इसका बुरा खामियाजा अधिवक्ता और अधिकारियों को भुगतना पड़ सकता है।

## शैक्षणिक मूल्यांकन से विद्यार्थियों का चयन

लखनऊ। पांच केंद्रों में कठोर शैक्षणिक मूल्यांकन के बाद कक्षा 4 से 10 तक के 36 अचीवर्स को उनके शैक्षणिक कौशल और व्यवहार संबंधी लक्षणों के आधार पर चुना गया। सम्मान समारोह के दौरान छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए 3़07 लाख रुपये के प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया। ये युवा दिमाग उज्ज्वल भविष्य के निर्माण की जबरदस्त क्षमता का प्रदर्शन करते हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवन तिवारी ने कहा ट्यूशन सेंटर कुछ अकादमिक आकलनों में से एक है जो न केवल छात्रों को बताता है कि वे कहां खड़े हैं बल्कि अकादमिक प्रदर्शन में सुधार के लिए समग्र अंतर्दृष्टि भी प्रदान करता है।

## कार्यक्रम के आयोजन को लेकर हुई चर्चा

**प्रयागराज।** कार्यक्रम के आयोजन को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। रब से है दुआ दुआ और हैदर की कहानी है। जो एक दूसरे के साथ एक खुशगवार शादी में मालूम होते हैं। असल में दुआ एक आदर्श बीवी और एक परफेक्ट बहू है। जिसकी जिंदगी अपने पति और अपने परिवार के इर्द गिर्द घूमती है। वो खुद को बहुत खुशनसीब मानती है। क्योंकि उसे लगता है कि वो अपने पति के साथ एक परफेक्ट जिंदगी जी रही है। जी टीवी के शो में हालांकि जब हैदर यह खुलासा करता है कि उसे मेरे किरदार गज़ल से प्यार हो गया है तो दुआ का दिल टूट जाता है। हालांकि हैदर दूसरी शादी करने की इजाजत चाहता है लेकिन दुआ अपने साथ होने वाले इस अन्याय के खिलाफखड़ी होगी और कुरान करीम के सही मायने बताएगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या दुआ अपनी शादी बचा पाएगी या फिर गज़ल अपनी जिंदगी का प्यार हासिल कर लेगी। मुझे लगता है कि रब से है दुआ का कॉन्सेप्ट इसकी कहानी और इसमें छिपे विचारों के साथ साथ इसके किरदार इस शो को इस समय के बाकी फिक्शन शोज़ से अलग बनाते हैं। शो दिखाएगा कि किस तरह दुआ अपने हक के लिए खड़ी होती है और अपने पति हैदर को कुरान करीम के सही मायने बताती है। इतने अनोखे और अलग शो के साथ ज़ी टीवी पर वापसी करने को लेकर वाकई बहुत उत्साहित हैं।

# मोरक्को ने क्रोएशिया को गोलरहित बराबरी पर रोका

एपी। अल खोर

**फीफा विश्व** कप में अरब देशों के दमदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए मोरक्को ने 2018 के उपविजेता क्रोएशिया को बुधवार को यहां ग्रुप एफ के मैच में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। मोरक्को के इस दमदार खेल से लगभग 24 घंटे पहले सऊदी अरब ने दिग्गज लियोनेल मेस्सी की मौजूदगी वाली अर्जेंटीना की टीम को हराकर इस विश्व कप में अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर किया था। इसके बाद एक और अरब देश ट्यूनीशिया ने यूरोपीय चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली डेनमार्क की टीम को बराबरी पर रोकने में सफलता हासिल की थी। मोरक्को के खिलाड़ियों ने पिछले विश्व कप के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने क्रोएशिया के कप्तान लुका मोड्रिक को रोकने में कामयाबी हासिल की। मोड्रिक बुधवार को भी मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए लेकिन इसकी घोषणा होते ही मोरक्को के प्रशंसकों ने शोर मचाकर इसका विरोध किया। मैच में मोरक्को ने भी कुछ शानदार मौके बनाए। पेरिस सेंट जर्मेन के स्टार खिलाड़ी अशरफ हकीमी के गेंद पर बेहतरीन प्रहार को क्रोएशिया के गोलकीपर डोमिनिक लिवाकोविच ने विफल कर दिया। रियाल मैड्रिड के दिग्गज 37 साल के मोड्रिच अपना चौथा और आखिरी विश्व कप खेल रहे है। उन्होंने पहले हाफ से स्टॉपेज समय में गोल करने का शानदार मौका बनाया लेकिन गेंद गोल पोस्ट से टकरा कर दूर चली गई। क्रोएशिया को बढ़त हासिल करने का एक और मौका दोजन लोवरान ने दिया। कॉर्नर से आई गेंद को लेकर वह गोल पोस्ट के करीब पहुंच गए थे लेकिन सोफयान अमराबत ने मोरक्को के लिए अच्छा बचाव किया।

## गिरोड, एमबापे ने दिलाई फ्रांस को ऑस्ट्रेलिया पर 4-1 से जीत

**अल वकराह (कतर)।** ओलिवियर गिरोड और काइलन एमबापे के शानदार प्रदर्शन से फ्रांस ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराकर फीफा विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अपने अभियान का जोरदार आगाज किया। करीम बेनजेमा की अनुपस्थिति में एमबापे ने एक गोल किया जबकि गिरोड के दो गोल में से एक गोल करने में मदद की। गिरोड ने 71वें मिनट में एमबापे के क्रॉस पर हैडर से गोल करके थियरे हेनरी के 51 गोल के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी की। गिरोड पिछले विश्व कप में गोल करने में नाकाम रहे थे लेकिन उन्होंने 2014 में गोल किया था। फ्रांस जब शनिवार को डेनमार्क का सामना करेगा तो उनके पास हेनरी के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका होगा।फ्रांस के कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा, यह केवल रिकॉर्ड का पीछा करने से नहीं जुड़ा है लेकिन मैदान पर उनके प्रदर्शन से जुड़ा है। वह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण खिलाड़ी है। गिरोड के इस गोल से तीन मिनट पहले एमबापे ने ओस्मान डेम्बेले के क्रॉस पर गोल किया था। इससे पहले क्रेग गुडविन ने नौवें मिनट में ही गोल करके फ्रांस के समर्थकों को सकते में डाल दिया था। एड्रियन रैबियोट ने 27वें मिनट में गोल करके फ्रांस को बराबरी दिलाई थी। रैबियोट ने इसके चार मिनट बाद गिरोड के पहले गोल में मदद की। फ्रांस अपने स्टार स्ट्राइकर बेनजेमा के बिना खेल रहा है जो चोटिल होने के कारण विश्वकप से बाहर हो गए थे।



## उरूग्वे के खिलाफ सुरक्षा मास्क पहनकर उतर सकते हैं कोरिया के सोन

एपी। दोहा,

**दक्षिण कोरिया** विश्व कप फुटबॉल के ग्रुप एच के अपने पहले मैच में गुरुवार को जब उरूग्वे का सामना करने के लिए उतरेगा तो निगाहें उसके स्टार स्ट्राइकर सेन ह्यूंग मिन पर टिकी रहेंगी जो कि सुरक्षा मास्क पहनकर मैदान पर उतर सकते हैं। सोन ने अभी तक 104 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 35 गोल किए हैं लेकिन इस स्ट्राइकर ने दो नवंबर के बाद कोई मैच नहीं खेला है क्योंकि चैंपियंस लीग के एक मैच में मार्सेली के चानसेल मबेंबा से टकराने के कारण उनकी बांई आंख के पास फ्रैक्चर हो गया था। पिछले सत्र में प्रीमियर लीग में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे सोन ने कहा कि वह सुरक्षा मास्क पहनकर उतर सकते हैं लेकिन उन्हें इस को लेकर चिंता है कि यह कितना प्रभावी हो सकता है तथा इसे पहनकर खेलने से क्या खतरे हो सकते हैं। उन्होंने कतर पहुंचने के बाद मास्क पहनकर ही अभ्यास सत्रों में भाग लिया है। दक्षिण कोरिया की अग्रिम पंक्ति सोन की तेजी, उनके दोनों पांव से शॉट मारने की क्षमता और उनकी सटीकता पर टिकी रहेगी। उरूग्वे के स्ट्राइकर लुई सुआरेज और उनके साथी एडिनसन कवानी का यह चौथा विश्वकप होगा। सुआरेज अब तक विश्वकप में सात गोल कर चुके हैं और वह ऑस्कर मिगुएज के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से एक गोल पीछे हैं। उरूग्वे की टीम अनुभव और युवा का मिश्रण है तथा सुआरेज और कवानी जैसे खिलाड़ी संभवत: अपना आखिरी विश्वकप खेल रहे हैं।

## पुर्तगाल और घाना के मैच में रोनाल्डो पर टिकी रहेंगी निगाहें

एपी। दोहा



**पुर्तगाल और** घाना के बीच गुरुवार को यहां होने वाले मैच में सभी की निगाहें स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर टिकी होंगी जो कि अपना पांचवां और संभवत: अंतिम विश्वकप खेल रहे हैं। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी मंगलवार से बिना क्लब का है क्योंकि मैनचेस्टर यूनाइटेड ने उनका अनुबंध रद्द कर दिया है। रोनाल्डो ने यूनाइटेड के कोच एरिक टेन हैग, क्लब के मालिक और साथी खिलाड़ियों की आलोचना की थी। रोनाल्डो के पास क्लब स्तर पर अभी कोई टीम नहीं है और ऐसे में विश्वकप में उनका प्रदर्शन यह तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यह दिग्गज खिलाड़ी भविष्य में किस टीम से जुड़ेगा। पांच बार वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोनाल्डो का चरम संभवत: बीत चुका है लेकिन जब वह अपने रंग में होते हैं तो फिर उनके सामने कोई भी टीम नहीं टिक पाती है। रोनाल्डो ने यूनाइटेड से आपसी सहमति से नाता तोड़ने से पहले कहा था कि पुर्तगाल की तरफ से विश्वकप अभियान के दौरान उनके क्लब से जुड़े मसले उन्हें प्रभावित नहीं करेंगे। रोनाल्डो अभी तक विश्वकप नहीं जीत पाए हैं और पहली बार ट्रॉफी हासिल करना ही इस विश्वकप में उनके लिए प्रेरणा होगी। इसके अलावा किसी नए क्लब को आकर्षित करना उनके लिए बोनस जैसा होगा। पुर्तगाल का सामना पहले मैच में ही उस टीम घाना से है जो कि विश्व कप में भाग ले रही सबसे कम रैंकिंग की टीम है लेकिन उसे छुपा रुस्तम माना जा रहा है। घाना की विश्व रैंकिंग 61 है। इस ग्रुप में उरूग्वे और दक्षिण कोरिया जैसी उलटफेर करने में सक्षम टीमें भी हैं। इसके अलावा सऊदी अरब ने लियोनेल मेसी की अगुवाई वाले अर्जेंटीना को हराकर कमजोर टीमों को यह संदेश दे दिया है कि विश्वकप में कुछ भी असंभव नहीं है और वे अपने दिन पर उलटफेर कर सकती हैं। घाना के पास थामस पार्टे और मोहम्मद कुदुस जैसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने यूरोपीय क्लबों में अच्छा प्रदर्शन किया है। पुर्तगाल को इन खिलाड़ियों से सतर्क रहना होगा।

## फ्रांस के लुकास हर्नाडिज चोटिल होने के कारण विश्वकप से बाहर

(एपी)। दोहा

**फ्रांस की** 2018 की विश्व कप विजेता टीम के एक अन्य सदस्य लुकास हर्नाडिज चोटिल होने के कारण वर्तमान टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं और उनका इस सत्र में आगे खेलने की भी संभावना नहीं है। चार साल पहले फ्रांस को विश्व चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले हर्नाडिज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को अपनी टीम के पहले मैच के दौरान केवल आठ मिनट ही मैदान पर रहे और दाहिने घुटने की चोट के कारण उन्हें बाहर जाना पड़ा। फ्रांसीसी फुटबॉल महासंघ के बयान में कोच डिडिएर डेसचैम्प्स ने कहा, हमने एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी गंवा दिया है। लुकास कभी हार नहीं मानने वाला खिलाड़ी है। लग रहा था की हर्नाडिज का दाहिना घुटना मुड़ गया है जिसके कारण उन्हें तुरंत ही मैदान छोड़ना पड़ा। फ्रांस ने इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। फ्रांस की टीम पिछले कुछ समय से चोटों की समस्या से जूझ रही है। पॉल पोग्बा और एनगोलो कांटे टीम चयन से पहले ही चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। टीम के स्टार स्ट्राइकर करीम बेंजेमा और क्रिस्टोफर नकुंकू तथा सेंट्रल मिडफील्डर राफेल वर्ने चोटिल होने के कारण पिछले सप्ताह टीम से बाहर हो गए थे।

## अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ से जुड़ी याचिका पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगा न्यायालय



**नई दिल्ली, भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से जुड़ी एक याचिका और खेल निकाय के मसौदा संविधान से संबंधित आपत्तियों पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने एआईएफएफ की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन की इस दलील का भी संज्ञान लिया कि खेल निकाय को कुछ जरूरी दिशा-निर्देशों की जरूरत है।प्रधान न्यायाधीश ने रामचंद्रन से कहा, हम इस मामले पर छह दिसंबर को सुनवाई करेंगे। इससे पहले, पीठ ने कहा था कि फुटबॉल को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उसने लोगों से राष्ट्रीय खेल महासंघ के संविधान के मसौदे पर न्याय मित्र को सुझाव देने का आग्रह करते हुए कहा था, हम फुटबॉल को आगे बढ़ाने की कोशिश को छोड़कर बाकी सब कुछ कर रहे हैं। पीठ ने न्याय मित्र के रूप में उसकी सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से नौ नवंबर को आपत्तियों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा था, ताकि संविधान के मसौदे को अंतिम रूप दिया जा सके।इससे पहले, शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ के मामलों के प्रबंधन के लिए मई में नियुक्त प्रशासकों की तीन सदस्यीय समिति के आदेश को रद्द करने का निर्देश दिया था।

## क्विक न्यूज

### राष्ट्रीय निशानेबाजी : सिफ्ट कौर सामरा महिला थ्रीपी की विजेता बनी

**तिरुवनंतपुरम।** पंजाब की सिफ्ट कौर सामरा बुधवार को यहां महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (थ्रीपी) में राष्ट्रीय चैंपियन बनी।सिफ्ट ने खिताबी मुकाबले में राजस्थान की मानिनी कौशिक को 16-10 से हराया, जो एक दिन पहले क्वालीफाइंग स्पर्धा के बाद शीर्ष स्थान पर थी। ओडिशा की श्रीयंका सदांगी ने राइफल स्पर्धाओं के 65वें राष्ट्रीय आयोजन में कांस्य पदक जीता।सिफ्ट क्वालीफिकेशन में छठे स्थान पर थी लेकिन उन्होंने रैंकिंग दौर मे 404.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। मानिनी 402.9 के साथ दूसरे, जबकि श्रीयंका 402.1 के साथ तीसरे स्थान पर रही।कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मे भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी अंजुम मोदगिल और मेहुली घोष क्रमश: 401.2 और 347.8 के स्कोर के साथ पांचवे और छठे स्थान पर रहे। मध्य प्रदेश की आशी चौकसे ने जूनियर महिला थ्रीपी में स्वर्ण पदक जीता, जहां उन्होंने स्वर्ण पदक मैच में तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रापोल को 17-9 से हराया। इस स्पर्धा मे हरियाणा की निश्चल ने कांस्य जीता। सिफ्ट और आशी दोनों अपनी स्पर्धाओं में टीम खिताब जीतकर दोहरा स्वर्ण अपने नाम करने में सफल रही।

### पीसीबी टी20 विश्व कप और एशिया कप के फाइनल में पहुंचने वाली टीम को करेगा सम्मानित

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) इस साल एशिया कप और टी20 विश्व कप में उपविजेता रही बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम के सदस्यों को इस्लामाबाद मे आयोजित एक कार्यक्रम में गुरुवार को सम्मानित करेगा। इस समारोह के लिए पाकिस्तान टेस्ट टीम के सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है, जिसमे राजनयिक, राजनीतिक हस्तियां, पूर्व कप्तान और खिलाड़ी शामिल होंगे।पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के एक सूत्र ने कहा, इसका उद्देश्य खिलाड़ियों को दो बड़े टूर्नामेंटो मे उनके प्रदर्शन के लिए सम्मान और सराहना देना है। सूत्र ने कहा कि दोनों बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने पर खिलाड़ियों को कुछ आर्थिक पुरस्कार भी मिल सकता है।पाकिस्तान संयुक्त अरब अमीरात मे एशिया कप का फाइनल श्रीलंका से हार गया था और फिर इस महीने की शुरुआत मे मेलबर्न में टी20 विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड ने उसे शिकस्त दी थी। पिछले साल भी पाकिस्तान टीम दुबई मे टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मे पहुंचने मे सफल रही थी लेकिन ऑस्ट्रेलिया से हार गई थी।सूत्र ने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष पहले ही बाबर और मुख्य कोच सक्लेन मुश्ताक से मिल चुके है और उनके साथ इन दोनों बड़े टूर्नामेंटों में खिलाड़ियों के प्रदर्शन और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा कर चुके है। इस सूत्र ने बताया, रमीज (राजा) ने इस बात की सराहना की कि टीम ने दो बड़े फाइनल में जगह बनाई लेकिन यह कहा कि खिलाड़ियों को सभी प्रारूपों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अब भी कुछ क्षेत्रों मे सुधार करना होगा।

### नीदरलैंड को हराकर ऑस्ट्रेलिया डेविस कप सेमीफाइनल में

**मलागा।** एलेक्स डी मिनौर और जॉर्डन थॉम्पसन अपने एकल मैच जीते जिससे ऑस्ट्रेलिया ने नीदरलैंड को हराकर 2017 के बाद पहली बार डेविस कप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया।डी मिनौर ने दूसरे एकल मैच में बोटिक वैन डे जैंडस्चुलप को 5-7, 6-3, 6-4 से हराकर ऑस्ट्रेलिया को 2-0 से अजेय बढ़त दिलाई। सेमीफाइनल मे उसका मुकाबला स्पेन या क्रोएशिया से होगा। इससे पहले जॉर्डन थॉम्पसन ने टालोन ग्रिक्सपुर को 4-6, 7-5, 6-3 से हराकर ऑस्ट्रेलिया को 1-0 की बढ़त दिलाई थी।ऑस्ट्रेलिया डेविस कप में सबसे सफल टीमों में दूसरे स्थान पर है। उसने अब तक 28 खिताब जीते है लेकिन आखिरी बार वह 2003 में खिताब जीत पाया था।

## अर्शदीप ने कहा, भुवी जैसे सीनियर खिलाड़ियों से सीखे गुर से मदद मिली

भाषा। नेपियर



**भारत के** बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा है कि उन्होंने भुवनेश्वर कुमार जैसे सीनियर खिलाड़ियों से जो गुर सीखे हैं उससे उन्हें अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने में मदद मिली।अर्शदीप ने मंगलवार को बारिश से प्रभावित तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ 37 रन देकर चार विकेट चटकाते हुए करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत यह मुकाबला टाई रहा।अर्शदीप ने बीसीसीआई.टीवी पर मोहम्मद सिराज से बात करते हुए कहा, मैं हमेशा टीम के सीनियर गेंदबाजों से सीखने की कोशिश करता हूं, जैसे मैं आपसे हार्ड लेंथ पर गेंदबाजी और भुवी भाई (भुवनेश्वर कुमार) से नकल बॉल तथा यॉर्कर (मोहम्मद) शमी भाई से सीख रहा हूं।

उन्होंने कहा, मैं हमेशा खुद को प्रतिदिन बेहतर बनाने की कोशिश करता हूं और जब भी जरूरत होती है टीम के लिए योगदान देता हूं और उम्मीद करता हूं कि जिम्मेदारी लेकर अच्छा प्रदर्शन करूं। अर्शदीप 19वें ओवर की पहली दो गेंदों में डेरिल मिशेल और ईश सोढ़ी को आउट करने के बाद हैट्रिक लेने के करीब थे लेकिन अंत में यह उपलब्धि हासिल करने में नाकाम रहे।न्यूजीलैंड ने अगली गेंद पर एडम मिल्ने का विकेट गंवाया लेकिन वह सिराज के बैकवर्ड प्वाइंट से सटीक थ्रो पर रन आउट हुए। अर्शदीप ने कहा, मैंने सोचा भी था कि मैं हैट्रिक ले सकता हूं या पांच विकेट ले सकता हूं लेकिन आपने रन आउट किया और टीम की हैट्रिक की। सीनियर्स ने विरोधी बल्लेबाजी को छकाने के लिए मुझे लेंथ गेंद और धीमी गेंद फेंकने की सलाह दी। मंगलवार को सिराज ने भी करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर चार विकेट चटकाए। उन्होंने कहा कि उन्होंने हार्ड लेंथ (शॉर्ट पिच और लेंथ गेंद के बीच की गेंद जिस पर शॉट खेलना आसान नहीं होता) की गेंद फेंकने की योजना बनाई थी जिसका फायदा मिला।

सिराज ने कहा, देश के लिए इस तरह का प्रदर्शन करना बहुत अच्छा लगता है। मैं लंबे समय से हार्ड लेंथ से गेंदबाजी करने के लिए खुद को तैयार कर रहा हूं। यहां हार्ड लेंथ से गेंदबाजी करना आसान नहीं था। मेरी योजना सामान्य सी थी, हार्ड लेंथ गेंदबाजी करना। उन्होंने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करना पूरी तरह से एक अलग अहसास है। टी20 में मेरा लक्ष्य विकेट लेना है लेकिन मैं हमेशा कम रन देने की कोशिश करता हूं।

## विजय हजारे ट्रॉफी

### सौराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने ग्रुप ए से विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में जगह बनाई

भाषा। नई दिल्ली

**पूर्व चैंपियन** सौराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने बुधवार को यहां ग्रुप ए से विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। ग्रुप चरण के मैचों के अंत में चार टीमों का अभियान 20 अंकों के साथ खत्म हुआ। सौराष्ट्र (1.737) और उत्तर प्रदेश (0.604) ने बेहतर नेट रन के बूते अगले चरण के लिए क्वालीफाई किया जबकि हैदराबाद (0.513) और चंडीगढ़ (-0.031) की टीमें ऐसा करने में चूक गई।अक्षदीप नाथ और सौरभ कुमार के अर्धशतकों की मदद से उत्तर प्रदेश ने सौराष्ट्र पर दो विकेट से जीत दर्ज की।सौराष्ट्र के नौ विकेट पर 218 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने 14 गेंद शेष रहते आठ विकेट गंवा कर 219 रन बनाए। टीम के लिए अक्षदीप ने 109 गेंदों में 89 रनों की नाबाद पारी खेली जबकि सौरभ ने 65 गेंदों पर 63 रन बनाए।एक अन्य मैच में हैदराबाद ने चंडीगढ़ को 110 रनों से हरा दिया।कप्तान तन्मा अग्रवाल (52), रोहित रायडू (68), भावेश सेठ (71), राहुल बुद्धि (नाबाद 57) के अर्धशतकों की मदद से हैदराबाद ने बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर पांच विकेट पर 306 रन बनाए। इसके बाद अनिकेतरेड्डी और मेहरत्रा शशांक ने तीन-तीन विकेट लेकर चंडीगढ़ को 196 रनों पर समेट दिया। गुजरात ने गत चैंपियन हिमाचल प्रदेश को आठ विकेट से जबकि त्रिपुरा ने मणिपुर को 240 रन से हराया।

> 1 अनिकेतरेड्डी और मेहरत्रा शशांक ने तीन-तीन विकेट लेकर चंडीगढ़ को 196 रनों पर समेट दिया

## तय कार्यक्रम के अनुसार होगा पाक और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट: सूत्र

भाषा। कराची

**पाकिस्तान और** इंग्लैंड के बीच रावलपिंडी में एक से पांच दिसंबर तक होने वाला पहला टेस्ट इस शहर और पड़ोसी शहर इस्लामाबाद में राजनीतिक अस्थिरता की संभावना के बावजूद तय कार्यक्रम के अनुसार होगा। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष रमीज राजा और पाकिस्तान में ब्रिटेन के उच्चायुक्त की मुख्य विपक्षी पार्टी के अध्यक्ष इमरान खान से मुलाकात के बाद रावलपिंडी स्टेडियम में टेस्ट कराने का फैसला किया गया। इमरान की पार्टी ने इन दोनों शहरों में 26 और 27 नवंबर बड़ी रैली के आयोजन की योजना बनाई है।सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेट कप्तान इमरान ने रमीज और ब्रिटेन के उच्चायुक्त को आश्वासन दिया है कि मैच में कोई व्यवधान नहीं होगा और ना ही इंग्लैंड के खिलाड़ियों की सुरक्षा को कोई खतरा होगा।सूत्र ने कहा, इमरान ने रमीज को कहा है कि इस्लामाबाद और रावलपिंडी में आ रहे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के कार्यकर्ताओं को कहा गया है कि वे रावलपिंडी स्टेडियम या इस्लामाबाद में दोनों टीम के होटल के आसपास कोई रैली या विरोध प्रदर्शन नहीं करें। रावलपिंडी में टेस्ट मैच कराने के पीसीबी के फैसले को लेकर चिंता जताई गई थी क्योंकि राजनीतिक पार्टियां अतीत में अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का इस्तेमाल अपने एजेंडे के प्रचार के लिए करती रही हैं।राजनीतिक अस्थिरता के कारण अगर इंग्लैंड की टीम के सुरक्षा अधिकारियों या स्थानीय प्रशासन को दोनों टीम की सुरक्षा को लेकर कोई चिंता होती तो पीसीबी ने पहले टेस्ट को स्थानांतरित करने को लेकर वैकल्पिक योजना तैयार की थी।इंग्लैंड की टीम अभी अबुधाबी में ट्रेनिंग कर रही है और 27 नवंबर को इस्लामाबाद पहुंचेगी। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने इसी दिन अपने कार्यकर्ताओं को इस्लामाबाद में जुटने को कहा है।दूसरा टेस्ट मुल्तान में नौ से 13 दिसंबर और तीसरा टेस्ट कराची में 17 से 21 दिसंबर तक खेला जाएगा।इंग्लैंड की टीम 17 साल में पहली बार पाकिस्तान का दौरा कर रही है।

> 1 पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ ने इसी दिन अपने कार्यकर्ताओं को इस्लामाबाद में जुटने को कहा है, दूसरा टेस्ट मुल्तान में नौ से 13 दिसंबर और तीसरा टेस्ट कराची में 17 से 21 दिसंबर तक खेला जाएगा

## सूर्यकुमार टी20 में शीर्ष पर बरकरार एकदिवसीय में कोहली छठे स्थान पर

आईसीसी रैंकिंग

भाषा। दुबई

**भारत के** स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को यहां जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि हरफनमौला हार्दिक पंड्या संयुक्त 50वें स्थान पर पहुंच गए।



सूर्यकुमार ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 111 रन बनाकर रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उन्होंने तीन मैचों की श्रृंखला से 31 रेटिंग अंक प्राप्त किए हैं। वह 890 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान से 54 रेटिंग अंक आगे है। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत का नेतृत्व करने वाले हार्दिक श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 30 रन बनाकर बल्लेबाजों के बीच संयुक्त 50वें स्थान पर पहुंच गए।गेंदबाजों की सूची में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार दो पायदान चढ़कर 11वें जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एक पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। स्पिनर युजवेंद्र चहल आठ पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय दिग्गज विराट कोहली एकदिवसीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान के साथ शीर्ष भारतीय है। कप्तान रोहित शर्मा आठवें पायदान पर बरकरार है। चोटिल जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की सूची में 11वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पर 269 रन की शानदार साझेदारी के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया।

## कप्तान के रूप में परिपक्व हो गया हूं कड़े फैसले ले सकता हूं: शिखर धवन

भाषा। नई दिल्ली

**शिखर धवन** के लिए हिचकिचाहट और फैसले लेने में अनिश्चितता अब बीती बात हो गई है और वह कप्तान के रूप में ऐसे निर्णय करने में नहीं हिचकिचाते हैं जो किसी खिलाड़ी को भले ही अच्छा न लगे लेकिन उससे टीम को फायदा पहुंचता है। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रृंखला में भारतीय टीम की कमान संभालने के लिए तैयार हैं।यह पहला अवसर नहीं है जबकि धवन टीम की कप्तानी करेंगे। इससे पहले भी वह कुछ अवसरों पर भारत की दूसरी श्रेणी की टीम की अगुवाई कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने श्रीलंका (2-1), दक्षिण अफ्रीका (2-1) और वेस्टइंडीज (3-0) के खिलाफ जीत दर्ज की थी।दिल्ली के इस बल्लेबाज ने कहा कि समय के साथ उनकी निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हुआ है। धवन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, आप जितना अधिक खेलते हैं, आप अपने फैसलों को लेकर उतने अधिक आश्वस्त रहते हैं। इससे पहले ऐसे भी मौके आते थे जबकि मैं किसी गेंदबाज के प्रति सम्मान दिखाते हुए उसे अतिरिक्त ओवर दे देता था लेकिन अब मैं परिपक्व हो गया हूं और अगर किसी को बुरा भी लगे तब भी मैं वह फैसला करूंगा जिससे टीम को फायदा पहुंचे। नेतृत्व कौशल को लेकर आगे बात करते हुए धवन ने कहा कि संतुलन बनाए रखना और खिलाड़ियों का भरोसा जीतना महत्वपूर्ण होता है। वह बमुश्किल ही दबाव महसूस करते हैं और अपने आसपास का माहौल खुशनुमा रखते हैं।धवन ने कहा, जब आप किसी तार वाले वाद्य यंत्र पर संगीत बजाते हैं तो यदि तार बहुत ढीला है तो उसका स्वर अच्छा नहीं आएगा या यदि तार बहुत कसा गया है तो वह टूट जाएगा। इसलिए यह संतुलन पैदा करने से जुड़ा हुआ है। कप्तान के रूप में संतुलन पैदा करना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, आपको यह पता होना चाहिए कि कब तार को कसना है और कब उसे थोड़ा ढीला छोड़ना है।



## भारत के चार और मुक्केबाजों ने पक्के किए पदक

**नई दिल्ली।** मुस्कान और तमन्ना समेत चार भारतीय मुक्केबाजों ने स्पेन के ला नुसिया में जारी पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए जिससे भारत के कुल पदकों की संख्या 11 हो गई। युवा एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कीर्ति (81 किग्रा से अधिक) और देविका घोरपडे (52 किग्रा) अन्य दो मुक्केबाज हैं जिन्होंने अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की की।इन चार पदकों के साथ भारत ने पिछले सत्र में पोलैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 पदक की बराबरी कर ली। तमन्ना ने भारत के लिए दिन की शुरुआत आक्रामक अंदाज में करते हुए महिलाओं की 50 किग्रा क्वार्टर फाइनल में सर्वसम्मत निर्णय से जापान की जूनी टोनेगावा को मात दी। देविका ने जर्मनी की अस्या अरी के खिलाफ 5-0 से आसान जीत दर्ज की।

# बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्कूलों में गोष्ठी आयोजित

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी महोदया** कानपुर देहात के निर्देश के क्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण सिंह के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना, की कार्ययोजना के अनुसार महिलाओ बालिकाओं को शोषण से बचाना व उन्हें सहीभ्रलत के बारे में अवगत कराना, सामाजिक और वित्तीय रूप से स्वतंत्र बनाना, शिक्षा के साथ.साथ अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ाने एवं भागीदारी को सुनिश्चित करनाए बालक एवं बालिकाओं के लिंग अनुपात में ध्यान केन्द्रित करना, महिलाओं के साथ हो रहे भेदभाव और सेक्स डेटरमिनेशन टेस्ट को रोकना, बेटियों के अस्तित्व को बचाना एवं उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित करना, बाल विवाह रोकथाम आदि के प्रति जागरुक करने हेतु जनपद के विकासखण्ड अमरौधा के अहिल्याबाई होल्कर जू.हा. स्कूल कथरी, माडल प्राइमरी स्कूल कथरी, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कथरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय किशुनपुर, विकासखण्ड राजपुर के कमल इन्स्टीट्यूट सिकन्द्रा, सरस्वती इण्टर कालेज सिकन्द्रा, प्राथमिक विद्यालय प्रीतमपुर, जेएमआई पब्लिक स्कूल, विकासखण्ड सरवनखेड़ा के उच्च प्राथमिक विद्यालय मंगोलपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय हिम्मापुरवा, उच्च प्राथमिक विद्यालय सीधामऊ, पूर्व प्राथमिक विद्यालय सीधामऊ, विकासखण्ड अकबरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय तोड़ा मोहम्मदपुर, राम जानकी संस्कृत महाविद्यालय, एवीएन प्राथमिक विद्यालय तोड़ा, विकासखण्ड मलासा के मदर इण्डिया पब्लिक स्कूल देवीपुर, डा राम मनोहर लोहिया कन्या हाईस्कूल, ग्राम विकास विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय डींघ, विकासखण्ड डेरापुर के संविलियन विद्यालय अम्बियापुर, प्राथमिक विद्यालय अलावलपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय इंजुवारामपुर, सरस्वती शिशु मन्दिर प्राथमिक विद्यालय इंजुवारामपुर कानपुर देहात में कैम्पधोष्ठी कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभाग के कर्मचारियों द्वारा महिला कल्याण विभाग उप्र सरकार के संचालित सभी योजनाओं जैसे बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड, उप्र मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य, पति की मृत्युपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना, बाल विवाह रोकथाम तथा बाल विवाह संबंधी कानूनी प्रावधान के बारे में बताया गया एवं बाल विवाह से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी गयी जैसे बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का अतिक्रमण करता है, जिससे उन पर हिंसा, शोषण, और यौन शोषण का खतरा बना रहता है, बाल विवाह बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और संरक्षण पर नकारात्मक प्रभाव डालता है, बच्चे के भविष्य को बिगाड़ता है। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं को आपातकालीन टोल फ्री नं0 जैसे 181, 1090, 112, 1098, 1076, आदि के बारें मे भी जानकारी दी गई। कैम्पधोष्ठी कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन कार्यालय से श्रीमती प्रतिमा श्रीवास्तव, विशाखा वर्मा, विद्यालयों के अध्यापकध्स्टाफतथा अधिक संख्या में बालकध्बालिकाये आदि मौजूद रहे।

# यूपीपीपी ने किया आडिट का विरोध

**पुखरायां, कानपुर देहात।** बुधवार को भोगनीपुर क्षेत्र के आदर्श किसान इन्टर कालेज हांसेमऊ में उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद कानपुर देहात की एक आकस्मिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में सहायता प्राप्त विद्यालयों का आडिट कराये जाने का विरोध किया गया।

उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद के प्रदेश संरक्षक रविशंकर तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. इंद्र भूषण सिंह पटेल ने आरोप लगाया कि धन उगाही के करने के लिये ए जी ऑफिस के द्वारा विद्यालयों के आडिट कराने का षड्यंत्र जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के द्वारा बार.बार रचा जा रहा है। विगत तीन वर्ष पहले भी आडिट का षड्यंत्र रचा गया था किन्तु प्रधानाचार्य परिषद कानपुर देहात के विरोध के बाद आडिट की गलती स्वीकार की गई थी। बताया कि विद्यालयों की आडिट लोकल बॉडी के द्वारा होती है और उसकी आडिट रिपोर्ट विद्यालयों को प्राप्त कराई जाती है। किन्तु तीन वर्ष पहले षड्यंत्र पूर्वक जिन विद्यालयों की आडिट ए जी आफिस के द्वारा कराई गयी थी उनकी आडिट रिपोर्ट विद्यालयों को आजतक प्राप्त नहीं करायी गई है।उन्होंने कहा कि इस आडिट का प्रधानाचार्य परिषद कानपुर देहात विरोध एवं निन्दा करता है। इस दौरान प्रधानाचार्य परिषद के पदाधिकारियों ने सभी प्रधानाचार्यों को आगाह किया कि कोई भी आडिट कराने कार्यालय न जाए। बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष कुलदीप दूबेए प्रदेश संयोजक एवं न्याय समिति के सदस्य राम शंकर गुप्ता डॉ इन्द्र भूषण सिंह विनोद कुमार दुबे सुशील कुमार डॉ अवनीश कुमार शुक्ल मौजूद रहे।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार, दस बाइक बरामद

संवाददाता। फतेहपुर

**हुसैनगंज थाना** पुलिस व स्वाट की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर दो वाहन चोरों को एक बाइक के साथ धर दबोचा। जिनकी निशानदेही पर कैथपुरवा पावर हाउस के समीप खाली आवास में छिपाकर रखी गयीं अन्य नौ बाइकें बरामद की हैं। पुलिस ने दोनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों से बातचीत में एसपी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि हुसैनगंज थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह अपने हमराही उपनिरीक्षक व सिपाहियों के साथ क्षेत्र में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के उद्देश्य से गश्त कर रहे थे। तभी स्वाट टीम के प्रभारी अनिरूद्ध द्विवेदी भी मौके पर पहुंच गये और दोनों टीमें वांछित अपराधियों के बाबत बातचीत करने लगी। तभी मुखबिर की सूचना पर दो बाइक चोरों को पुलिस ने चोरी की एक बाइक के साथ धर दबोचा।

पकड़े गये अभियुक्तों ने अपने नाम शैलेंद्र सोनकर उर्फ राहुल पुत्र रमेश सोनकर निवासी कल्याणपुर बेती थाना डलमऊ जिला रायबरेली व अर्जुन सोनकर पुत्र होरीला निवासी बसोहनी थाना हुसैनगंज बताया। पकड़े गये चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने कैथपुरवा पावर हाउस के समीप एक खाली आवास पर छिपाकर रखीं गई चोरी की अन्य बाइकें भी बरामद की। चोरों के खिलाफ पुलिस ने सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली हुसैनगंज थाने के उपनिरीक्षक गोविंद सिंह चौहान, उपनिरीक्षक राम सिंह, कांस्टेबल वासिद अली, विकास सिंह, बृजमोहन, यादवेंद्र प्रताप सिंह के अलावा स्वाट टीम के कांस्टेबल पंकज सिंह, अमित दुबे, अतुल त्रिपाठी, शैलेंद्र कुशवाहा, अजय यादव शामिल रहे।

## प्रसव दौरान बच्चे की मौत परिजनों का हंगामा

**पुखरायां।** सरकारी अस्पताल पुखरायां में रात में प्रसव सही ढंग से प्रसव ना करा पाने के कारण बच्चे की मौत हो गई । परिजनों ने अस्पताल में हंगामा काटा। पुखराया श्याम नगर मंडी निवासी मनोज ने बताया कि उसने अपनी पत्नी राधा को प्रसव के लिए सीएचसी पुखरायां लाए जहां पर डॉक्टरों ने एनम सेंटर भोगनीपुर भेज दिया वहां पर प्रसव ना होने के कारण परिजन महिला को पुनः सरकारी अस्पताल पुखरायां में लाएं और लापरवाही व सही ढंग से प्रसव न करा पाने के कारण प्रसव होते ही बच्चे की मौत हो गई परिजनों ने सुबह हंगामा काटा । और बिना पुलिस को सूचित किए शव का दाह संस्कार कर दिया।

## आलेख प्रकाशन की तैयारी पूरी

फतेहपुर। नाम निर्दिष्ट अधिकारी इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र/उप जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार पाठक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झांसी खंड शिक्षक निर्वाचक नामावली, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम 1960 के अनुसार आलेख्य प्रकाशन हेतु अंतिम रूप से तैयार कर ली गयी है।

# बहन का इलाज कराने आये भाई और पिता के साथ भारत नर्सिंग होम के संचालकों ने की मारपीट, मुकदमा दर्ज

- बकाया पैसे मांगने पर देने से किया इंकार
- मरीज की छुटटी करने के नाम पर मांगा सुविधा शुल्क

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शहर के** साहबगंज अंगूरी मार्ग पर स्थित भारत नर्सिंग होम के संचालको की गुण्डई कम न होने का नाम नही ले रही है। आये दिन मरीजो से मनमाने तरीके से इसाज के नाम पर वसूली करने से बाज नही आ रहे है जिसके चलते मरीजों के तीमारदारों से आये दिन मारपीट की घटनाए हो रही है। जिससे भारत नर्सिंग होम शहर में काफी चर्चित हो गया है। ऐसी पूर्व में भी घटनाए हो चुकी है। ऐसा ही आज एक मामला भारत नर्सिंग होम के संचालको की गुण्डई का फिर सामने आया।






थानामऊदरवाजा के मोहल्ला बहादुरगंज तराई निवासी आमिर कुरैशी पुत्र अवरार कुरैशी अपनी बहन नेहा की तबियत खराब होने पर इलाज के लिए भारत नर्सिंग होम दोपहर 2 बजे लाया था। जहां पर भारत नर्सिंग होम के संचालक ने 15000 रुपये इलाज के नाम पर जमा करा लिये। प्राथमिक उपचार के बाद कहा कही और ले जाओ तो आमिर ने अपने बकाया पैसे मांगे तो मरीज की छुटटी करने के नाम पर 1000 रुपये और मांगे। आमिर ने बताया कि मुझे केवल 3 हजार व 1300 रुपये की रसीद दी गयी। शेष रुपये मांगने पर भारत नर्सिंग होम के संचालक रिजवान अली व इमरान अली भडक उठे और गालियां देने लगे। विरोध करने पर संचालक रिजवान अली व इमरान अली इनके साथी विकास दुवे, शानू तिवारी,चमन ठाकुर आदि लोगो ने लाठो से डण्डो से हमला बोल कर मुझे व मेरे पिता को मारपीट कर घायल कर दिया और जानमाल की धमकी दी। पीडित आमिर ने बताया कि मेरे और मेरे पिता के गंभीर चोटे आयी है । पीडित आमिर ने धारा 147, 323, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

# तेरह दिन से लापता वृद्ध का शव छैपुला नाले से बरामद



**जालौन ( उरई )।** शादी में शामिल होने के लिए आया वृद्ध 13 दिन से लापता था। पत्नी ने कोतवाली में वृद्ध की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार की सुबह वृद्ध का शव छैपुला के पहले नाले से बरामद हुआ। पुलिस ने शव की पहचान कराकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी जमुनादास (68) पुत्र अजुद्धी प्रसाद बीती 9 नवंबर को जालौन स्थित गेस्ट में आयोजित शादी समारोह में आए थे। शादी समारोह में शामिल होकर वह वापस घर नहीं लौटे। सुबह तक जब वह वापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की गई। लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद पत्नी हीरा देवी ने कोतवाली में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। बुधवार की सुबह कोंच रोड के आगे जब लोग टहलने के लिए निकले तो उन्हें छैपुला के पहले नाले में वृद्ध का शव दिखाई दिया। जिसके बाद लोगों ने शव मिलने की सूचना कोतवाली में दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने वृद्ध का शव नाले से बाहर निकलवाया। शव को देखकर लग रहा था कि वृद्ध नाले में गिरकर कीचड़ में फंस गए होंगे और वह बाहर नहीं निकल सके। जिसके चलते उनकी मृत्यु हो गई। शव के शारीर पर चोट आदि के निशान भी नहीं थे।

## नाबालिग को भगाने के आरोपी युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**जालौन ( उरई )।** युवक 2 दिन पूर्व नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। कोतवाली में दर्ज मामले में फरार आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है तथा जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम से 21 नवंबर को एक युवक नाबालिक लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। पुत्री को भगा ले जाने का आरोप परिजनों ने भदेख निवासी राहुल पर लगाया था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। कोतवाली में नाबालिक को भगा ले जाने के मामले में फरार चल रहे भदेख निवासी राहुल कुमार को कोतवाली पुलिस ने औरइया मार्ग पर चुंगी 4 के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गिरफ्तार आरोपित को न्यायालय में पेश किया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया है।

## आम आदमी पार्टी निकाय चुनाव पूरी ताकत से लड़ेगी: परिहार

**कोंच ( जालौन )।** आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन बुधवार को दरिद्र नारायण सेवा समिति प्रांगण में संपन्न हुआ जिसमें तमाम लोग शामिल हुए। आप संगठन कर्ताओं ने कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव में पूरी ताकत झोंक कर आप प्रत्याशियों को जिताने का आह्वान किया। सम्मेलन की अध्यक्षता आप जिलाध्यक्ष सुनील परिहार ने की। निकाय चुनाव प्रभारी व आप यूथ विंग के प्रदेश महासचिव अंकित परिहार ने कहा कि जनता इस बार झूठ गुंडागर्दी की राजनीति का सफाया कर, निकाय चुनाव में केजरीवाल के काम की राजनीति को चुनेगी। देश की जनता को विकास का केजरीवाल मॉडल खूब भा रहा है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में बिजली, पानी, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किया है जिसकी आज दुनिया भर में चर्चा हो रही है। निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी हर सीट पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी का उद्देश्य निकायों में फैले भ्रष्टाचार को समाप्त कर नगरीय व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करना है। आप जिलाध्यक्ष सुनील परिहार ने कहा कि आम आदमी पार्टी प्रत्याशियों का चयन ट्रिपल सी के आधार पर कर रही है, यह पार्टी की विश्वसनीयता ही है जिस कारण आवेदन फॉर्म लेने के लिए सैकड़ों लोग कार्यालय आकर अपनी दावेदारी पेश कर रहे हैं।

# हाइवे पर दौड़ रहे डग्गामार वाहन, लगता है जाम

संवाददाता। घाटमपुर

**नगर के** मुख्य चौराहे के अलावा कानपुर-सागर नेशनल हाइवे पर कानपुर रोड तथा भोगनीपुर बाया घाटमपुर-चौडगरा स्टेट हाइवे के मूसानगर रोड पर आये दिन लगने वाले जाम से जहॉं हाहाकार मचा रहता है वहीं रोजना होने वाले सड़क हादसों से किसी न किसी के घर का चिराग बुझ जाता है, फिर भी कोतवाली पुलिस संवेदन हीन बनी हुई है।बीते वर्ष कस्बों के साथ ही नगरीय क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गो तथा स्टेट हाइवे पर अवैघ ढ़ंग से संचालित डग्गामार वाहन स्टैण्ड और अतिक्रमण हटाने का मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने आदेश दिया था और इसके लिये पूरे एक माह का अभियान भी चलाया गया था इसका असर भी कुछ दिनों तक यहॉं के लोगों को मिला था पर डग्गामार वाहन संचालक और अतिक्रमण करने वाले पुलिस की संजीवनी बूटी से मुख्य मंत्री के इस आदेश पर भारी पड़ रहे है, मूसानगर रोड पर भोगनीपुर-पुखरॉया



के साथ ही नबेड़ी-रेवना, चंवर -स्योढ़ारी, नंदना-गजनेर, तथा चंवर बबुराहा आदि संर्म्पक मार्ग पर चलने वाले डग्गामार वाहनों के स्टैण्ड नगर के मुख्य चौराहे से लेकर सरकारी अस्पताल तक जगह-जगह बने हुए है। यही हाल कानपुर रोड का है मुख्य चौराहा तथा बस स्टाप के सामने के साथ ही पतारा, भीतर गांव के डग्गामार वाहन स्टैंण्ड संचालित हैं, हमीरपुर की ओर सवारी ढ़ोने वाले आटो रिक्सा और मैजिके भी बस स्टाप के सामने खड़े होकर सवारी बैठाते-उतारते रहते है, सैकड़ों की संख्या में दौड रहे आटो रिकसा और मैजिके जहॉं सरकारी राजस्व को चूना लगा रहे हैं वहीं आये दिन होने वाले हादसों का बढ़ावा दे रहे हैं। यदपि नगर पालिका परिषद ने चौराहे के चारो रोड़ों के लिये पार्किग स्थल घोषित कर रखे हैं लेकिन डग्गामार वाहन संचालक कानपुर रोड पर बस स्टैंण्ड के सामने व भोगनीपुर पुखरॉया रोड पर चलने वाले आटो रिक्सा व मैजिक संचलाक चौराहे से लेकर सीएचसी तक पग-पग पर स्टैंण्ड कायम किये हैं। इसके पीछे पुलिस की संजीवनी बूटी का ही असर मना जा रहा है। कोतवाली व तहसील मुख्यालय के अलावा सिविल जज न्यायलय, उप निबंधक कार्यालय, दूरभाष केंद्र, ब्लाक, एसीपी आवास सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, नगर पालिका कार्यालय, बैंक आफ बडौदा, जीवन बीमा कार्यालय, दो महाबिद्यालय के साथ उच्य प्राथमिक व प्राथमिक बिद्यालय हैं, मूसानगर रोड पर ही कई निजी इन्टर कालेज, नर्सिंग होम व कोचिंग सेंटर भी संचालित हैं। लेकिन वाहन पार्किग की ब्यवस्था शायद ही कहीं हो।

## डीएम का आश्वासन मिलने तक जारी रहेगी अधिवक्ताओं की हड़ताल, अनशन जारी

**खागा** (फतेहपुर)। तहसील खागा में स्टांप शुल्क की बेतहाशा बढ़ोतरी के खिलाफ आज 36 वे दिन आम हड़ताल जारी रहीज तहसील में कोई कामकाज नहीं हुआ। अनशन के 7वें दिन अनशन पर बैठे जिसमें ऐनुल हक अध्यक्षता की तथा संचालन मलखान सिंह यादव ने किया। इनके अतिरिक्त वीरेंद्र कुमार मिश्र, अतुल मिश्रा, सुरेंद्र सिंह, भानु सिंह पटेल, कमलेश सिंह, योगेंद्र सिंह यादव, चंदन सिंह यादव, मेहताब सिद्दीकी, चंद्रपाल, दस्तावेज लेखक श्रीमती सुमन सिंह राठौर अनशन पर बैठे। इससे पहले आंदोलनकारियों ने तहसील परिसर व नगर में जुलूस निकालकर भ्रमण किया तथा अपने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की तथा मांग की की बड़े सर्किल रेट वापस हो तथा सब रजिस्टार खागा का ट्रांसफर किया जाए। इसके बाद अधिवक्ताओं की आमसभा हुई जिसमें जिलाधिकारी से संघर्ष समिति मॉडल बार एसोसिएशन खागा के प्रतिनिधिमंडल से हुई वार्ता के संबंध में चर्चा की गई।

# जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन की खातिरदारी के लिए गुर्गे भेजने वाला थानाध्यक्ष हुआ लाइनहाजिर

- गोकशी और अवैध तमंचा रखने के फर्जी मामले में भेजा था दो गुर्गो को जेल
- आरोपी थानाध्यक्ष को एसपी ने लाइन हाजिर कर दिया विभागीय जांच के आदेश

रतन पटेल। चित्रकूट

**जिला कारागार** में बंद कैराना के सपा विधायक नाहिद हसन की खातिरदारी के लिए बहिलपुरवा थाने की पुलिस ने मुजफ्फरनगर के रहने वाले मोहम्मद शेरू और शामली जिले के रहने वाले मोहम्मद वासिल को गोकशी और अवैध तमंचा रखने के आरोप में फर्जी मामले में जेल भेजा था। दोनों गुर्गो की संदिग्ध गतिविधियों को देख आशंकित जेल प्रशासन की शिकायत पर जिला प्रशासन ने प्रकरण की जांच की। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने मामले का संज्ञान लेते हुए दोनों आरोपियों को चित्रकूट जिला कारागार से एक को कौशांबी और दूसरे को नैनी सेंट्रल जेल भेज दिया है।



बुंदेलखंड की सबसे हाईटेक चित्रकूट जिला कारागार रगौली में बंद कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन पर जिले के बहिलपुरवा थानाध्यक्ष की दरियादिली सामने आयी है। जेल में बंद सपा विधायक नाहिद हसन की खातिरदारी के लिए पुलिस ने उनके दो गुर्गों को बीते अक्टूबर माह में गौकसी और अवैध तमंचा रखने के फर्जी आरोप में जेल भेज दिया।आशंका होने पर जेल प्रशासन ने दोनों गुर्गों को दूसरे जेल में शिप्ट कर दिया। इस मामले में पुलिस अधीक्षक ने सांठगांठ करने वाले आरोपी थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर कर दिया है।

ज्ञात हो कि बीते 14 मई 2021 को हुए शातिर अपराधी मुकीम काला, अंशुल दीक्षित और मेराजुद्दीन ट्रिपल हत्याकांड की घटना से चित्रकूट का जिला कारागार रगौली पूरे प्रदेश की सुर्खियों में था।जिसके बाद इस जेल की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा चौकस कर दी गई थी। इस जेल में पूर्वांचल के माफिया डॉन मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी और सपा से कैराना विधायक नाहिद हसन को योगी सरकार ने चित्रकूट के इसी हाईटेक जेल में रखा हुआ है।

**गुर्गो को जेल भिजवाने वाला थानाध्यक्ष लाइन हाजिर:** कैराना से सपा विधायक नाहिद हसन की सेवा के लिए मुजफ्फरनगर के रहने वाले मोहम्मद शेरू और शामली जिले के रहने वाले मोहम्मद वासिल को गोकशी और अवैध तमंचा रखने के फर्जी मामले में जेल भेजने के आरोपी बहिलपुरवा थानाध्यक्ष इंद्रजीत को पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने लाइन हाजिर कर दिया गया है और उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

**थानाध्यक्ष के खिलाफ होगी विभागीय कार्रवाई-एसपी:** इस मामले में पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा का कहना है कि मामले का संज्ञान लेकर थानाध्यक्ष इंर्द्रजीत के खिलाफ लाइन हाजिर की कार्रवाई की गई है और जांच करा कर विभागीय दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही जेल प्रशासन को मिलने आने वाले लोगों की कड़ी चेकिंग के बाद ही मिलवाने के निर्देश दिए गए हैं।

# क्विक न्यूज़

## डीएम की अध्यक्षता में नगर निकायों की समीक्षा बैठक



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नगर निकायों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि नवसृजित नगर पंचायत खिमसेपुर संकिसा की कार्य योजना एवं बजट शासन से प्राप्त हो गया है। नगर निकाय अधिसूचना जारी होने से पहले नगर पंचायत खिमसेपुर एवं संकिसा में आने वाली सभी ग्राम पंचायत, ग्राम पंचायत अकाउंट की शेष धनराशि से कार्यरत धनराशि का उपयोग करना सुनिश्चित करें। अधिसूचना जारी होते ही खातों को तत्काल प्रभाव से ब्लॉक कर दिया जाएगा। नवसृजित नगर पंचायत में प्रस्तावित कार्य ग्राम पंचायत नहीं कर सकेंगे। यह स्पष्ट बताना जिला पंचायत राज अधिकारी सुनिश्चित करें।

## सूदखोर से परेशान बृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद।** बृद्ध ने सूदखोर से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव गोसरपुर निवासी एक बृद्ध ने पुत्र की शादी के लिए सूदखोर से 1 लाख रुपए का कर्ज लिया था । मृतक बृद्ध से सूदखोर कर रहा था ढाई लाख रुपयों की मांग। रुपयों के लिए सूदखोर पर महिलाओं से भी गाली.गलौच करने का आरोप लगा है। सूदखोर के गुर्गों पर बृद्ध की बहू के साथ मारपीट करने का आरोप है। अब देखना है। पुलिस इस मामले में क्या कार्यवाही करती है।

## तांत्रिक सुभाष पांडे से त्रस्त है ग्रामवासी

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** कमालगंज के ग्राम सिधौली के ग्रामीडो ने आज थाना प्रभारी अमरपाल सिंह को दिये प्राथना पत्र में गाँव के ही तांत्रिक सुभाष पांडे व उसका भाई श्याम पांडे पुत्र रामशरण गाँव के ही दयाराम मास्टर ,पंकज , पुनीत, रामप्रकाश, ब्रजेश ,रामशंकर, सर्वेश कुमार आदि लोगो पर कई मुकदमे दर्ज कराए थे । मालूम हो कि न्यायालय से निस्तारण हो चुके है जिससे कारण बौखलाए तांत्रिक ने झूठा मुकदमा दर्ज कराने के लिए गाँव के ही पड़ोसी रघुनंदन फौजी एवं विजनन्दन सिंह चौहान, विवेक,योगेंद्र प्रताप,रामशंकर, सर्वेश कुमार, ब्रजेश पांडे के ऊपर मुकदमे की धमकी देकर पुलिस अधीक्षक को चार दिन पूर्व शिकायत पत्र देकर ग्रामीडो को परेशान करने का आदी हो चुका है तथा आएदिन गाली गलौज कर मुहल्ले समस्त लोगो को परेशान करता है तथा तांत्रिक क्रियाओं से भी परेशान करने की धमकी देता है सभी ग्रामीडो ने इकट्ठा होकर थाना प्रभारी अमरपाल सिंह से उक्त तांत्रिक के उत्पीड़न से मुक्ति दिलाये जाने की मांग की म

## जाको राखे साइयां मार सके न कोई

**फर्रुखाबाद ।** आज शमसाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अमिलैया के पास एक डिजायर गढ़ी तेज गति से फर्रुखाबाद की तरफसे आरही थी अमिलैया के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के बाद विजली के पेड़ को तोड़ने के बाद खाई में जाकर गिरी गति का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि गाड़ी पेड़ और विजली के सीमेंट वाले पोल को तोड़ दिया चालक गाड़ी छोड़ कर भाग गया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

## घायल की पत्नी ने अज्ञात हमलावर के विरुद्ध कराया मुकदमा दर्ज

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** बीते दिन 22 नवंबर को कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव सैंथरा निवासी जो कस्बा कायमगंज से सटे गांव लालपुर पट्टी में अस्थाई रूप से रहकर दुकान चलाते हैं। घर जाते समय गोली मारकर घायल कर दिए गए थे। इस प्रकरण में आज गोली लगने से घायल हुए आलोक गंगवार की पत्नी स्वाति ने पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया । जिसमें कहा गया है कि उसके पति को उस समय गोली मारकर किसी अज्ञात बाइक सवार ने घायल कर दिया ।जब वह गांव सैंभरा जा रहे थे। घटना रास्ते में पडने वाले गांव रजपालपुर के पास की बताइए गई ।आरोप है कि गोली मारने वाला अज्ञात बाइक सवार घटनास्थल से ग्राम गुरुदयाल नगला की तरफभाग गया । पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की जांच के साथ ही कार्यवाही का आश्वासन दिया है । घायल की पत्नी ने बताया कि उसके पति के दाएं कंधे पर गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हुए हैंए जिनका उपचार हो रहा है।

## तमंचे सहित नामजद चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** आईपीसी की धारा 379 के अंतर्गत ई रिक्शा चालक द्वारा रिक्शे पर बैठे 3 लोगों द्वारा उसकी जेब से रुपए मोबाइल फोन तथा आधार कार्ड चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आज मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक जय प्रकाश पाल ,उपनिरीक्षक अमित कुमार शर्मा द्वारा हमराह पुलिस बल के साथ घेराबंदी करके चीनी मिल परिसर स्थित किसान भवन से 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया ।कोतवाली लाए जाने पर जामा तलाशी एवं पूछताछ के दौरान एक ने अपना नाम रवि निवासी मोहल्ला पटवन गली थाना व कस्बा कायमगंज बताया। उसके पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर एक जिंदा कारतूस तथा 500 एवं लूटा गया मोबाइल फोन बरामद हुआ। दूसरे अपना नाम अजय पुत्र स्वर्गीय रामसेवक निवासी मोहल्ला पटवन गली बताया उसके पास से भी एक अदद अवैध देसी तमंचा 315 बोर एक कारतूस 500 नकद बरामद हुए। वहीं तीसरे ने अपना नाम विशाल उर्फमंगल पुत्र स्वर्गीय रामदास निवासी मोहल्ला पटवनगली बताया ।इसके पास से भी 560 बरामद हुए। पकड़े गए अभियुक्तों ने बरामद मोबाइल तथा रुपए रिक्शा चालक के चोरी के समय चोरी करके लेने की बात कबूल की।

## क्षेत्रीय सेगमेंट की शुरुआत

**मिर्जापुर।** डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स ने मिर्जापुर में ताराग्राम यात्रा 2022 के अंतर्गत अपने एक क्षेत्रीय सेगमेंट की शुरुआत की जो समावेशी उद्यमिता के रास्तेरू उद्यमिता.आधारित रोजगार सृजन को बढ़ानाश् पर ध्यान केंद्रित करता है। पूरे उत्तर भारत के हितधारक इस दो दिवसीय क्षेत्र.भ्रमण में यात्रियों के रूप में शामिल हुएए जो रोजगार ढूंढ रहे लोगों को बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन करने वाला बनाने के लिए समुदाय या समावेशी उद्यमिता मॉडल पर केंद्रित थी। मिर्जापुरए उत्तर प्रदेश मेंए यात्रियों ने सामाजिक नवाचार के नजरिये की समझ हासिल कीए जो जमीनी स्तर पर समावेशी उद्यमिता को बढ़ावा देने का वायदा करता है। डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के चेयरमैन डॉ. अशोक खोसला ने बताया कि मिर्जापुर जाने वाले यात्रियों के लिएए यह उन परिवर्तनों की खोज करने का एक अवसर है जो उद्यमियों के फलने.फूलने के लिए मंच तैयार पर घटित होते हैं।

## मशीन की चपेट में आकर वृद्धा की मौत

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बावन मवइया में बुधवार की दोपहर पालेसर मशीन की चपेट में आ जाने से 75 वर्षीय वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार बावन मवइया गांव में पालेसर मशीन से धान कूटा जा रहा था। तभी स्व. सुबरिया की पत्नी रमदइया मशीन के समीप पहुंच गई और अचानक उसके कपड़े मशीन में फंस गये। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने उसे तत्काल निजी वाहन से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सड़क हादसों में भाई-बहन समेत आधा दर्जन जख्मी

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अंतर्गत हुए सड़क हादसों के दौरान भाई-बहन समेत आधा दर्जन घायल हो गये। जिन्हें उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां चार की हालत गंभीर देखते हुए कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार हथगाम कस्बा निवासी ओम प्रकाश का 28 वर्षीय पुत्र सुनील बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह हुसैनगंज थाने के सामने पहुंचा तभी अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार राधानगर थाना क्षेत्र के सथरियांव निवासी मान सिंह का 35 वर्षीय पुत्र हिमांशु अपने मित्र राजू पुत्र स्व. बाबू सिंह 32 वर्ष के साथ बाइक से थरियांव जा रहा था। जैसे ही वह आंबापुर के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दोनों घायल हो गये। वहीं कोड़ा जहानाबाद निवासी हनुमान का 35 वर्षीय पुत्र वैभव अपनी 25 वर्षीय बहन महक के साथ बाइक से किसी काम से जा रहा था। जैसे ही यह लोग थाने से कुछ दूर पहुंचे तभी वाहन की टक्कर लग जाने से घायल हो गये। जबकि हुसैनगंज थाना क्षेत्र के जमरावां गांव निवासी बृजेश का 22 वर्षीय पुत्र महेश मार्ग दुर्घटना में घायल हो गया।

## केयर रेंज का विस्तार

**लखनऊ।** सर्दियों का मौसम आ गया है और तापमान के गिरने का मतलब है हमारी त्वचा को और ज्यादा हाइड्रेशन और पोषण चाहिये। आपकी त्वचा को नमी से युक्त और मुलायम रखने के लिये ब्रिटेन के अंतर्राष्ट्रीय कॉस्मेटिक्स एवं पर्सनल केयर ब्राण्ड द बॉडीशॉप ने अपना एवोकैडो बॉडी बटर लॉन्च कर अपनी एवोकैडो.बेस्ड बॉडी केयर रेंज का विस्तार किया है।सभी जानते हैं कि एवोकैडो एक सुपरफूड हैए जो हमारी सेहत और खासकर हमारी त्वचा को कई फायदे देता है। एवोकैडो में मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड्स और विटामिन एए डी तथा ई भरपूर मात्रा में होता है और इसलिये यह हमारी त्वचा को मॉइश्चर एवं कंडिशन करने में काफी फायदेमंद हैं। एवोकैडो त्वचा को यूवी किरणों से बचाते हैं और इसकी इलास्टिसिटी बढ़ाते हैं।

# बुजुर्ग महिला की हत्या करने वाला गिरफ्तार

## ई-रिक्से से जिला छोडने की योजना बना रहा था

संवाददाता। रायबरेली



**19 नवम्बर** 2022 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत इन्दिरा नगर निवासी स्नेह कुमारी शुक्ला पत्नी स्व0 विरेन्द्र शंकर शुक्ला उम्र करीब 65 वर्ष की हत्या होने की सूचना उनके भाई सोमप्रकाश के द्वारा कोतवाली नगर पुलिस को दी गयी थी। प्राप्त सूचना पर तत्काल उच्चाधिकारीगण द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर फॉरेंसिक टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 837/22 धारा-302,394,411,120बी,201 भादवि से संबंधित साक्ष्य संकलन एवं विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये अभियुक्त विकास पुत्र रामराज पाल निवासी कप्तान का पुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद रायबरेली को थानाक्षेत्र के सारस तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। अभियुक्त विकास द्वारा बताया गया कि दिनांक 19 नवम्बर 2022 को मै, अपने पिता रामराज और संदीप के साथ डब्ध-87 इन्दिरा नगर थाना कोतवाली नगर रायबरेली स्नेह कुमारी शुक्ला के यहां गार्डन की घास काटने मजदूरी करने के लिये गये थे और घास काटने के बाद मै और संदीप अपनी मजदूरी लेकर कप्तान का पुरवा चले गये और उसके 01 घण्टे बाद मेरे पिता रामराज भी वापस आ गये मेरे पिता रामराज के द्वारा मुझे और संदीप को बताया गया कि स्नेह कुमारी शुक्ला के पास बहुत पैसा है और अकेले रहती है यदि इन्हे मार दिया जाये तो अच्छा खासा धन मिल सकता है। इसी बात को मैने और संदीप ने अपने दिमाग मे रखकर लूट की योजना बनाई और शाम मै और संदीप घर से निकल कर शराब के ठेके पर आये और शराब पिये तथा सीसीटीवी कैमरे मे रिकार्ड न हो इसके लिये बचते बचाते बीरबल के अस्पताल के पीछे झाडियों से छिपते हुये रस्तोगी के खण्डहर की बाउण्ड्री फंद कर स्नेह कुमारी शुक्ला के घर मे घुसे और उनका दरवाजा खटखटाया। स्नेह कुमारी शुक्ला हमें पहले से जानती पहचानती थी इसलिये उन्होने दरवाजा खोल दिया और जैसे ही स्नेह कुमारी शुक्ला ने दरवाजा खोला तो मैने स्नेह कुमारी का मुंह अपने हथेली मे जोर से दबा लिया और हम दोनों मिलकर उन्हे घसीटते हुये किचन तक ले गये, वहां नीचे जमीन पर लिटा दिया। संदीप ने स्नेह कुमारी शुक्ला के हाथ को पकड़ रखा था और पास मे ही रखे चाकू से मैने स्नेह कुमारी शुक्ला की गर्दन काट दी जब खून निकलने लगा और वह बेहोश हो गयी तो हम दोनों ने घर मे रखे बक्से और अलमारी को खंगाला तो बक्से से केवल 6000/- रुपये मिले तथा एक मोबाइल मिला जो मैने अपने पास रख लिया था। किसी को शक ना हो, इसलिये हम लोगों ने घर का सारा सामान बिखरा दिया ताकि लोगों को लगे की कोई चोरी करने घर मे घुसा था। हत्या के बाद मेरे पिताजी और संदीप जेल चले गये इस लिये मै भागने के लिये एक साधन तलाश रहा था तभी मै भदोखर इलाके से एक रिक्शा चोरी किया और उसी ई-रिक्से से आज जिला छोडने की योजना बना रहा था कि तभी पुलिस ने चेकिंग के दौरान सारस तिराहे के पास पकड लिया।

# मुंशीगंज शहीद स्मारक का होगा सौंदर्यीकरण



**रायबरेली।** मुंशीगंज शहीद स्मारक का सौंदर्यीकरण किया जायेगा। इसे और आकर्षक एवं सुसज्जित किया जाएगा साथ ही यह पर नागरिक एवं पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जायेगा। मुंशीगंज शहीद स्मारक को शहर के खूबसूरत पर्यटन स्थल के रूप में पुनः विकसित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में आज कलेक्ट्रेट के अपर जिलाधिकारी प्रशासन कार्यालय में अमित कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक की गई। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट श्रीमती पल्लवी मिश्रा, ईओ नगर पालिका सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने रायबरेली विकास प्राधिकरण से शहीद स्मारक के सौंदर्यीकरण एवं वहां पर नागरिक सुविधाओं के विस्तार के लिए, एक विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक के अन्दर पार्क आदि की व्यवस्था को अत्याधुनिक पर्यटन सुविधाओं से लैस करने के लिए प्रस्ताव में विशेष प्रावधान किए जाएं। उन्होंने कहा कि शहीद स्मारक में रायबरेली जनपद के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों से संबंधित चित्रण के साथ साथ रायबरेली जनपद के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को भी दर्शाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में पर्यटन स्थल के सम्बन्ध में विस्तार एवं गहन अध्ययन/परीक्षण कर प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए।

## क्विक न्यूज

### बेटे ने बुजुर्ग मां को मारपीट कर घायल कर दिया

**ऊंचाहार।** कोतवाली क्षेत्र के गांव धमधमा मजरे बहेरवा में कलयुगी बेटे ने बुजुर्ग मां को मारपीट कर घायल कर दिया,महिला को पड़ोसियों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। गाँव निवासी गया देवी 60 वर्ष का कहना है कि उनका बड़ा बेटा आये दिन विवाद करता है, गुरुवार की सुबह उनसे पैसे की मांग कर रहा था, जब हमने पैसा देने से मना किया तो आरोप है कि उसने डंडे से उनकी पिटाई कर दी, जिससे बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, पड़ोसियों की मदद से उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि मारपीट में घायल महिला सीएचसी आई थी, जिसका उपचार किया गया है। कोतवाल संजय कुमार त्यागी ने बताया कि मामले की जानकारी नहीं है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

### महिला ने विचित्र तरीके से नवजात शिशु को दिया जन्म

**नसीराबाद रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार की रात एक विचित्र नवजात शिशु ने जन्म लिया।जो पूरी तरह स्वस्थ है। छतोह ब्लाक ग्राम पंचायत कुकहा के रहने वाले बृजेश कुमार की पत्नी रेनू कुमारी ने बीती मंगलवार की रात करीब 11ः00 बजे अपने घर में ही एक विचित्र नवजात शिशु को जन्म दिया। जिसमें नवजात की आंते और अन्य कई आंतरिक अंग पेट से बाहर है। शरीर से जुड़े होने के बावजूद अंगों का आकार भी असामान्य है। रात में ही लगभग 3ः00 बजे घर के लोग जच्चा और बच्चा को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद पहुंचे। तो सीएचसी से हमेशा नदारत रहने वाली महिला चिकित्सक डॉ. अंकिता आचार्या हमेशा की तरह अनुपस्थित रहीं। जहाँ अस्पताल में मौजूद डॉक्टर आशीष कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया। उन्होंने बताया कि असामान्य शारीरिक बनावट के बावजूद बच्चा जीवित है। किंतु इस स्तर के चिकित्सालय में सीएचसी में विशेष सुविधाएं उपलब्ध नहीं होतीं। इसलिए बच्चे को समुचित इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया गया। प्रसूता रेनू कुमारी ने बताया कि यह उसकी दूसरी संतान है।इसके पूर्व 7 माह की गर्भावस्था के बाद ही पहली संतान का जन्म हुआ था। जिसकी बाद में मृत्यु हो गई थी। समाचार लिखे जाने तक जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह से स्वस्थ है । और जिला चिकित्सालय रायबरेली में भर्ती है। समाचार लिखे जाने तक जच्चा व बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ्य है। वहीं विचित्र तरीके से जन्में नवजात शिशु को देखने वाले काफी हैरान है।

### सात शातिर चोर 3.5 लाख रुपये के आभूषण व नकदी के साथ गिरफ्तार

**रायबरेली।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना भदोखर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति चेकिंग क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिरखास की सूचना पर चोरी अपराधिक घटना कारित करने की योजना बना रहे थाना कोतवाली व सरेनी पर पंजीकृत कुल 07 मुकदमों से संबंधित अभियुक्तगण 1- रंजीत यादव पुत्र सत्यनरायन निवासी बेहटा थाना भदोखर रायबरेली 2-दयाशंकर यादव पुत्र स्व0 विजय बहादुर निवासी पूरे कथिकन मजरे सोरा थाना हरचंदपुर रायबरेली 3-नितिन यादव पुत्र राजपाल निवासी श्याम नगर छजलापुर थाना मिल एरिया रायबरेली 4-आलोक कुमार यादव पुत्र सालिकराम निवासी बरगदहा थाना भदोखर रायबरेली 5-देशलाल यादव पुत्र स्व0 सीताराम निवासी बरगदहा थाना भदोखर रायबरेली 6-अमृतलाल यादव पुत्र रामअधार निवासी पूरे हुल्ली मजरे कुचमा थाना हरचंदपुर जनपद रायबरेली 7-लाल बहादुर रैदास पुत्र अवसान निवासी पूरे मेदनी सिंह का पुरवा मजरे मुरेठी थाना गदागंज जनपद रायबरेली।

### पुलिस झण्डा दिवस पर पुलिस झण्डारोहण

**अमेठी।** आज श्पुलिस झंडा दिवसश् के अवसर पर पुलिस अधीक्षक जनपद अमेठी द्वारा पुलिस लाइन अमेठी में श्पुलिस झंडा दिवसश् का आयोजन किया गयाए जिसमें पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा उपस्थित अधि0ध्कर्म0गण को पुलिस झण्डा लगाकर पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगणों को संबोधित किया गया एवं सभी को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को पढ़कर सुनाया गया व कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन गौरीगंज मयंक द्विवेदीए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन व अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### 'मेडीवर्ल्ड अस्पताल' में डेगूं को लेकर हुआ 'सेमिनार'

**बस्ती।** स्वास्थ्य जागरूकता के तहत सामाजिक संस्था ह्यूमन सेफलाइफफाउण्डेशन की ओर से टीबी अस्पताल के सामने स्थित मेडीवर्ल्ड हौस्पिटल में डेंगू को लेकर एक सेमिनार का आयोजन हुआ। हॉस्पिटल के संस्थापक डा. प्रमोद चौधरी ने मरीजों को डेंगू के लक्षण और इससे बचाव के तरीके बताया। बताया कि डेंगू होने पर प्लेटलेट्स बड़ी तेजी से घटने लगते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाये रखते हुये रोगियों को सक्षम चिकित्सक की देखरेख में अपना इलाज कराना चाहिये। उन्होने कहा हमें अपने आसपास पानी इकट्ठा नही होने देना चाहिये, पुराने बेकार पड़े टायर और गमलों में मच्छर अपना स्थान बनाते हैं, इन्हे घर में न रखकर छतों पर रखे, साथ ही मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। डेंगू के मच्छर एडीज दो फिट के नीचे ही उड़ पाते हैं। ऐसे में हमें फुल आस्तीन के कपड़ों से शरीर ढककर रखना चाहिये। फाउण्डेशन के अध्यक्ष रंजीत श्रीवास्तव ने कहा संस्था विभिन्न स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को डेंगू से बचाव के तरीके बता रही है। हम थोड़ी सी सावधानी बरत कर इसकी भयावहता से खुद और अपने परिवार की सुरक्षा कर सकते हैं। जिलाध्यक्ष प्रतीक भाटिया ने कहा जागरूकता का कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा। सेमिनार में अपूर्व शुक्ल, रणविजय सिंह, स्नेहा पाण्डेय, रजत सरकारी आदि का योगदान रहा।

### ....न तो डरेगे और न दबाव में आएगें, जारी रहेगा आंदोलन:सिंह

**बस्ती।** आदर्श पूर्वांचल ठेकेदार समिति के अध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने कहा कि ठेकेदारों के आंदोलन को कुचलने का कुत्सित प्रयास लोक निर्माण विभाग के अधिकारी कर रहे है। जोर देकर कहा कि ठेकेदार न तो डरने वाले हैं, और न दबने वाले। मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस आंदोलन में जिस तरह ठेकेदारों ने धैर्य और साहस का परिचय दिया हैं, वह सराहनीय है। कहा कि अगर यही साहस और धैर्य का परिचय ठेकेदारों की ओर से आगे भी दिया गया, तो अंत में जीत ठेकेदारों की ही होगी। कहा कि जिस तरह सरकार को भ्रमित करने के लिए अधिकारी फर्जी रिर्पोटिगं कर रहे हैं, उससे आंदोलन को और बल मिला है। कहा कि अगर एक भी ठेकेदार के खिलाफअनावयक रुप से कार्रवाई हुई तो इसका खामियाजा सरकार और विभाग के अधिकारियों को भुगतना पड़ेगा। जारी एक बयान में कहा है कि ठेकेदारों के मांगों के समर्थन में पैच मरम्मत का कार्य बंद कर दिया गया है। कोई ठेकेदार टेंडर नहीं ले रहा ना ही डाल रहा है। दबाव बनाने के लिए प्रमुख अभियंता ने छह माह से अत्यधिक समय के कार्यों को लेकर ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट की कार्रवाई के लिए समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियंताओं को पत्र लिखा है। जिसमें निम्न बिंदुओं को सम्मिलित करते हुए कार्य पूर्ण हो चुके कार्यों को भुगतान ना होने वाले जिम्मेदारों पर कार्रवाई करने मध्य परिवर्तन करने वालों पर कार्रवाई करने हेतु साइड एलिमेंट ना उपलब्ध कराने वालों पर कार्रवाई करने हेतु स्वीकृति वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन जारी करने वालों पर कार्रवाई करने की मांग संघ ने की है, और कहा है कि अगर ठेकेदारों पर कार्रवाई होती है, तो उपरोक्त बिंदुओं के अधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

## शिविर लगाकर किसानों की समस्याओं का किया समाधान

**मेंहदावल।** बुधवार को मेंहदावल तहसील कार्यालय में किसान सम्मान निधि के लिए क्षेत्रीय विधायक अनिल त्रिपाठी व एसडीएम योगेश्वर सिंह की देखरेख में एक शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर में भारी संख्या में किसान शामिल हुए। किसानों ने किसान सम्मान निधि की कई समस्याओं को लेकर शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान कराया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से पुलिस फोर्स तैनात रही। लाइन लगाकर बारी-बारी से लोगों का आवेदन लिया गया। बुधवार को मेंहदावल तहसील कार्यालय में तहसील प्रशासन के माध्यम से किसान सम्मान निधि के लिए एक शिविर का आयोजन किया गया था। जब सुबह शिविर का कार्यक्रम शुरू हुआ तो भारी संख्या में किसानों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। यही नहीं भारी संख्या में किसानों को देख पुलिस प्रशासन चौकन्ना हो गया। पुलिस कर्मियों द्वारा किसानों को लाइन लगवा कर बारी-बारी से उनका आवेदन लेकर किसान सम्मान निधि समस्याओं का निपटारा कराया गया। शिविर कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनिल त्रिपाठी व एसडीएम योगेश्वर सिंह की मौजूदगी में कई लोगों का आवेदन लेकर तत्काल समस्याओं का समाधान कराया गया।

# नगर निकाय प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न



संवाददाता। रायबरेली

**जिलाधिकारी श्रीमती** माला श्रीवास्तव के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमित कुमार ने बचत भवन सभागार में नगर निकाय प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ने नगर निकायो में बुनियादी सुविधाओं और सामाजिक, आर्थिक स्थिति आदि अन्य कार्यो के बारे में संबंधित नगर पालिका/नगर पंचायतों के ईओ से जानकारी ली।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री अमित कुमार ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर व नगर पंचाय क्षेत्रों में साफ-सफाई, फागिंग आदि व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कूड़ा कचरा के निस्तारण में तेजी लाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि नगर पंचायतों में कान्हा गौशालाओं के निर्माण सहित गौशाला में इन्टरलाकिंग आदि कार्य को नियमानुसार तेजी से पूर्ण किया जाए तथा गौशाला में साफ-सफाई आदि अन्य व्यवस्थाओं को भी दुरूस्त रखा जाए। नगरीय पेयजल योजनान्तर्गत सभी वार्डों में पेयजल की व्यवस्थाओं को और अधिक दुरूस्त रखा जाए। तालाबों, पोखर सहित अन्य का सौंदरीयकरण नियमानुसार किया जाए। उन्होंने कि नगर पालिका व नगर पंचायतों में जो निर्माण/मरम्मत कार्य किये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण कर भी किया जाए। इस मौके पर नगर पालिका/नगर पंचायत के ईओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दिव्यांगो को मेहनत से दिलाया छुटकारा

**संतकबीरनगर।** सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने खलीलाबाद विकास खण्ड परिसर में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 22 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक जी ने दिव्यांगजनों को माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करते हुये मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित किया। अपने सम्बोधन में सदर विधायक ने सभी आगंतुकों एवं दिव्यांगजनों का स्वागत करते हुये कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा मुफ्त आवास, बिजली कनेक्शन, शौचालय सहित अनेक सर्वकल्याणकारी योजनायें दिव्यांगजनों एवं गरीबों के हित के लिये चलाई जा रही है, जिससे आमजन की जिंदगी मे बदलाव आ रहा है। उन्होंने दिव्यांगजनों से योजनाओं का लाभ लेकर और अपने हुनर को तरासते हुये खुशहाल जिंदगी जीने की प्रेरणा भी दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि पात्र दिव्यांगजनों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 1.2 लाख रूपये का आवास, 22000 रूपये मनरेगा की मजदूरी एवं शौचालय भी दिया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने विकास खण्ड स्तर पर उपलब्ध सुविधाओं/योजनाओं के बारे में भी दिव्यांगजनों का बताया तथा कहा कि किसी भी परेशानी की दशा में कोई भी पात्र व्यक्ति उनसे सम्पर्क कर सकता है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नित्यानन्द, जिलाध्यक्ष टुनटुन राय हि0यु0वा0, दिनेश पाठक, खण्ड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी, भाजपा नेता सत्य प्रकाश उर्फसिपाही सहित लाभार्थी आदि उपस्थित रहे।

## एसडीएम के आदेश के बाद भी भत्ता न दिये जाने का आरोप

**लालगंज** रायबरेली। तहसील लालगंज के सरेनी परगना के गांव कोड़रा के मणिशंकर ने अपने पुत्र गणेश शंकर से गुजारा भत्ता के आदेश का पालन कराए जाने की गुहार उपजिलाधिकारी लालगंज से की है। उपजिलाधिकारी लालगंज ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। वृद्ध ने बताया कि भरण पोषण अधिकरण तहसील लालगंज से सितम्बर 2021 में गणेश शंकर को प्रतिमाह पांच हजार रुपए अपने पिता मणिशंकर को गुजारे के रूप में देने का आदेश पारित किया था परन्तु आज तक एक भी पैसा पुत्र ने नही दिया है। भरण पोषण मजिस्ट्रेट ने पुत्र को गुजारा भत्ता दिए जाने का निर्णय सुनाया था ।

# एलटू हास्पिटल केस न मिलने से बंद किया गया

संवाददाता। लालगंज रायबरेली

**आधुनिक रेल** कोच कारखाने का कोरोना एलटू अस्पताल खत्म कर दिया गया। वहां संचालित स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियां बंद कर दी गई हैं। लालगंज से नियुक्त किए गए डॉ संजीव कुमार सिंह को वापस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज बुला लिया गया है। साथ ही वहां पर मौजूद स्वास्थ्य संबंधी उपकरणों को भी लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को उपलब्ध करा दिया गया है जिससे लालगंज सरकारी अस्पताल को कई आधुनिक सुविधाएं मिल गई है। उल्लेखनीय है कि 2020 में जब कोरोना का कहर फैला था तो जिला प्रशासन ने रेल कोच में कोरोनावायरस के मरीजों के इलाज के लिए एलटूअस्पताल स्थापित किया था और वहां पर ऑक्सीजन से लेकर सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराई गई थी। अब धीरे-धीरे कोरोना के मरीज मिलना बंद हो गए हैं तो जिला प्रशासन ने भी एलटू अस्पताल को बंद करना ही उचित समझा है। इधर 1 वर्ष से किसी भी तरह का मरीज एमसीएफ एल टू अस्पताल में भर्ती नहीं हुआ था जिसके कारण अस्पताल की जरूरत भी नहीं रह गई थी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजेश गौतम ने बताया कि सीएमओ द्वारा दिए आदेश के क्रम में आई सीएचसी लालगंज ने आवश्यकतानुसार सामग्री रेल कोच यल टू अस्पताल से प्राप्त कर ली है। रेल कोच एलटूअस्पताल से प्राप्त किए गए स्वास्थ्य उपकरणों से लालगंज अस्पताल को कई हाईटेक सुविधाएं प्राप्त हो गई हैं।

# दिलीप यूथ कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

**मुसाफिरखाना, अमेठी।** यूथ कांग्रेस गौरीगंज विधानसभा अध्यक्ष पंकज मिश्रा ने क्षेत्र के नारा अढ़नपुर निवासी दिलीप सिंह को मुसाफिरखाना यूथ कांग्रेस का ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया।दिलीप को नई जिम्मेदारी मिलने पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी का इजहार किया और बधाई दी।दिलीप सिंह ने कहा कि उन्हें संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है वह उस पर खरा उतरने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। आगामी नगर निकाय व लोकसभा चुनाव में युवा कांग्रेस की अहम भूमिका होगी। अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे और अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी से जोड़ा जाएगा।

# फोरलेन मुआवजे को लेकर किसान क्रांति दल ने सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। मुसाफिरखाना, अमेठी


ज्ञापन सौंपा हुए किसान क्रांति दल

**फोरलेन एनएच** 56 में किसानों को मिले मुआवजे के संबंध में प्रशासन द्वारा किसानों को अधिक मुआवजा पाने को लेकर नोटिस जारी करने पर किसान क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमला प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में किसान कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए डीएम अमेठी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गौरीगंज को सौंपा।

किसान क्रांति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमला प्रसाद त्रिपाठी ने दिये डीएम अमेठी को सम्बोधित ज्ञापन में कहा कि फोरलेन सड़क का निर्माण हुए लगभग 5 वर्ष से अधिक बीत चुका है किसानों को मिले मुआवजे से संबंधित प्रशासन द्वारा अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की गई थी इनका कहना था कि किसान को मिले मुआवजे की धनराशि अधिकतर किसान खर्च कर चुके हैं उन्हें प्रशासन द्वारा नोटिस जारी कर तलब किया गया है। जबकि जिला प्रशासन एवं तहसील प्रशासन द्वारा जांचोपरांत किसानों के खाते में धनराशि भेजी गई थी किसान अपने आप अधिक रकम नहीं लिए इस संबंध में किसान नहीं जिला एवं तहसील प्रशासन जिम्मेदार है इन्होंने किसानों को मुआवजा वितरण करने वाले संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग करते हुए किसानों को मुआवजा से संबंधित जारी नोटिस को वापस लेने की बात कही इन्होंने कहा कि शासन प्रशासन द्वारा किसानों को जारी नोटिस वापस न ली गई तब किसान संगठित होकर इसका विरोध करते हुए जन आंदोलन करने को मजबूर होगा।

# रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन



**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज के प्रांगण में आयोजित जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। इसके उपरांत उन्होंने कृषिए उद्यानए श्रमए वनए पशुपालन एवं विभिन्न समूह द्वारा लगाए गए स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने गोष्ठी में आए हुए सभी किसानों का अभिनंदन करते हुए कहा कि जब भी विकास की बात होती है तो उसके केन्द्र बिन्दु में कृषि क्षेत्र की प्रमुख भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार जब राज्य की अर्थव्यवस्था की बात होती है तो उसके मूल आधार में भी आशय कृषि से ही होता है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुसार किसान का हित सर्वोच्च हैए सरकार और प्रशासन इसके लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी आवश्यकता अनुसार खादए बीज आदि का वितरण सुनिश्चित किया गया है। कृषि क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। सिंचाई के लिए समय पर समुचित पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। टेल तक पानी पहुंचाने के लिए जनपद स्तर के साथ साथ उच्च स्तर पर भी अनुश्रवण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन किसानों के हित के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद में कृषि से सम्बन्धित कार्यो में हम अच्छी दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में कृषकों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त होए इस मंशा से शासन प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी तथा कृषि उपज के उचित विपणन से किसानो के जीवन स्तर में और अधिक सुधार आएगा। उन्होंने कहा कि हमें अपनी प्राकृतिक सम्पदा को बचाने के लिए भी कृषि और विशेषकर जैविक खेती को और अधिक प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों की किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण करने के लिए जिला प्रशासन कटिबद्ध हैं। जिलाधिकारी ने किसानों से आग्रह किया कि वे पराली किसी भी हाल में न जलाएंए सेटेलाइट से ऐसी घटनाएं पकड़ ली जाती हैं।

# 'खैरी ओझा' में लगा चौपाल, 'डीएम' ने ग्रामीणों से किया 'सीधा संवाद'

**बस्ती।** डीएम प्रियंका निरंजन ने हर्रैया ब्लाक के खैरी ओझा गांव में चौपाल लगाकर विकास योजनाओं का सत्यापन किया, लोगों की समस्याओं को सुना तथा लाभार्थी परियोजनाओं में उन्हें लाभान्वित किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक गांव में अभियान चलाकर पात्र व्यक्तियों का चयन करें तथा उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाएं। इस मौके पर सीडीओ डॉ. राजेश कुमार प्रजापति, उप जिलाधिकारी गुलाबचंद भी उपस्थित रहे। कहा कि लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए मुख्यालय या तहसील जाना पड़ता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अधिकारी गांव-गांव जा रहे हैं तथा उनकी समस्याओं को मौके पर ही निस्तारित कर रहे हैं। यह सिलसिला आगे भी चलता रहेगा। पूरे जिले में आज सात गांव में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जहां अधिकारी पहुंचकर लोगों की समस्याओं को सुन रहे हैं और उसका निराकरण कर रहे हैं।

चौपाल कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया जा रहा है तथा पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने चौपाल कार्यक्रम में आयुष्मान कार्ड, पराली से खाद बनाने के लिए डी कंपोजर वितरित किया। श्याम सुंदर तथा शुभम दिव्यांग का पेंशन के लिए फार्म भरवाया गया। डीएम के निर्देश पर खंड विकास अधिकारी आलोक उपाध्याय ने वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन के लाभार्थियों का नाम पढ़ करके सुनाया और उनको पेंशन की धनराशि प्राप्त होने का सत्यापन किया। डीपीआरओ ने बताया कि गांव में कुल 184 परिवार है, जिसमें से 179 का शौचालय बन गया है। शेष पांच का फार्म भरवा लिया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि पंचायत सहायक संध्या ओझा को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डन कार्ड बनाने के लिए आईडी प्राप्त हो गई है। वे आर्थिक गणना सूची, अंत्योदय एवं पंजीकृत श्रमिक के छूटे हुए लोगों का 1 सप्ताह में कार्ड बना देंगी। डीएम ने विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इसमें उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, आईसीडीएस, उद्यान, रेशम, एनआरएलएम, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, श्रम, खाद एवं रसद, मिशन शक्ति के स्टाल लगाए गए थे। जिलाधिकारी ने आईसीडीएस स्टाल पर 4 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई किया तथा छोटे बच्चों का अन्नप्राशन भी किया। उन्होंने विद्यालय परिसर में वृक्ष लगाया तथा जल से सिंचित किया। चौपाल में उन्होंने चंद्रिका, संदीप कनौजिया, बादामादेवी, दयाशंकर, किसनौता को आयुष्मान कार्ड प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने शत्रुघ्न, विरेंदर ओझा, भीम शंकर, संतोष कुमार को डी कंपोजर प्रदान किया। चौपाल कार्यक्रम में सीएमओ डॉ. आर.पी. मिश्रा, पीडी कमलेश सोनी, डीडीओ अजीत श्रीवास्तव, उप निदेशक कृषि अनिल कुमार व विभागीय अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## पब्लिक आनलाईन पोल में थाना मेंहदावल को मिला प्रथम स्थान

**मेंहदावल।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर के आदेश के क्रम में पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन में के माह अक्टूबर के समस्त थानों के कार्यप्रणाली के बारे में गत 11, नवम्बर, 2022 से 17, नवम्बर, 2022 तक एक आनलाइन पोल कराया गया था, आनलाइन पोल में आमजनमानस को पुलिस व मीडिया के माध्यम से जागरुक करते हुए ट्विटर, डिजिटल प्लेटफार्म, आईजीआरएस, एफआईआर/एनसीआर फीडबैक, पासपोर्ट व चरित्र सत्यापन रिस्पांस टाइम का मूल्यांकन किया गया। इसमें आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता के बारे में शिकायतकर्ताओं के सुझाव लिये गये, जनपद के सभी थानों में दर्ज एफआईआर व एनसीआर के वादियों को फोन कर फीडबैक लिया गया कि वे केस दर्ज होने के बाद कार्यवाही से संतुष्ट हैं या नहीं। इस आनलाइन पोल को डिजिटल प्लेटफार्म के अन्य माध्यम ट्विटर, फेसबुक, वाट्सएप्प आदि पर लिंक भेजकर आनलाइन पोल भी कराया गया जिसके आधार पर सभी थानों की रैंकिंग तय की गई है। इस वोटिंग का उद्देश्य आमजनमानस से प्राप्त सुझावों का उपयोग कर पुलिस के थानों की कार्यप्रणाली में सुधार कर अधिक जनप्रिय एवं व्यवहारकुशल बनाना है।

# सामूहिक विवाह में 274 नवदम्पत्तियों को विधायकों और डीएम-एसपी ने दिया आशीर्वाद



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के कुशल निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद मुख्यालय स्थित शगुन मैरेज हाल में 274 जोड़ो का विवाह धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें खलीलाबाद, मेंहदावल व धनघटा तीनो तहसीलों 274 जोड़ो का विवाह सकुशल एवं धार्मिक रीती रिवाज के अनुसार सम्पन्न कराया गया। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक खलीलाबाद अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल कुमार त्रिपाठी, विधायक धनघटा गणेश चौहान. जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र सहित सभी अतिथियों ने नवदम्पत्तियों को अशीर्वाद देते हुए सुखद वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की। विधायक अंकुर राज तिवारी, विधायक मेंहदावल अनिल त्रिपाठी व विधायक धनघटा गणेश चौहान ने नवदम्पत्तियों एवं उनके परिवार के सदस्यों सहित सभ्रान्त नागरिकों को सम्बोधित करते हुए संयुक्त रूप से कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के महत्वकांक्षी योजना से गरीब कन्याओं के हाथ पीले हो रहे है। उन्होंने कहा कि इस योजना में कही भी जाति पाति की भावना नही है। जनकल्याणकारी योजना के माध्यम से सभी वर्गो के लोगों को लाभ मिल रहा है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम समारोह में जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह कराने हेतु बनाई गयी चाक-चौबन्द व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र, जिला समाज कल्याण् अधिकारी महेन्द्र कुमार एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पधारे सभी वर पक्ष, वधू पक्ष एवं उनके संबंधियों का हार्दिक स्वागत करते हुए विवाह सूत्र में बधने वाले सभी नवयुगलो को उनके सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वचन दिया। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सामूहिक विवाह के पाण्डाल में उपस्थित वर-वधू एवं उनके परिजनों से बातचीत कर उपहार में दिये जाने वाले सामानों की गुणवत्ता को भी परखा।